सच, सिर्फ सच

**

वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 03 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 149, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 382 अंकों की उछाल

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में जोरदार खरीदारी के दम पर घरेलू शेयर बाजार चार दिन की गिरावट से सेंसेक्स में 382 अंक की तेजी रही। } 10

चौहान ने मानसून प्रगति व खरीफ फसलों की सुरक्षा पर दिया जोर

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा अल-नीनो के संभावित प्रभाव से खरीफ फसलों को बचाने के लिए राज्यों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखें। } 10

सुप्रीम कोर्ट के पांच नये जजों ने ली शपथ

❍ प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने दिलायी शपथ ❍ अब संख्या बढ़कर हुई 37

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने उच्चतम न्यायालय के पांच नए न्यायाधीशों को मंगलवार को पद की शपथ दिलाई और इसके साथ ही शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 37 हो गई जो अब तक की सर्वाधिक संख्या है। प्रधान न्यायाधीश ने वरिष्ठ अधिवक्ता वी. मोहना, न्यायमूर्ति शील नागू, न्यायमूर्ति श्री चंद्रशेखर, न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति अरुण पल्ली को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह उच्चतम न्यायालय परिसर में आयोजित किया गया। शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या अब 37 हो गई है जो बढ़ाई गई



स्वीकृत संख्या 38 से एक कम है। केंद्र ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नागू, बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सचदेवा, जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पल्ली तथा वरिष्ठ अधिवक्ता मोहना को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त किए जाने को सोमवार को मंजूरी दी थी। सरकार ने पिछले महीने एक कानून में संशोधन के लिए अध्यादेश जारी किया था जिसके तहत भारत के प्रधान न्यायाधीश सहित उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 से बढ़ाकर 38 कर दी गई। उच्चतम न्यायालय के दो मौजूदा न्यायाधीश- न्यायमूर्ति पंकज मित्तल और न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी ...शेष पृष्ठ 10 पर

सीबीएसई की वेबसाइट हैक करने के लिए एक लाख बार साइबर अटैक

❍ पुनर्मूल्यांकन पोर्टल पर सेवाओं को बाधित करने का प्रयास ❍ दो मिनट में किये गये 15 लाख हिट

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को कहा कि दुर्भावनापूर्ण तत्वों ने साइबर हमलों की एक श्रृंखला के माध्यम से उसके पुनर्मूल्यांकन पोर्टल पर सेवाओं को बाधित करने का प्रयास किया, जिसमें एक ऐसा हमला भी शामिल है जिसके कारण दो मिनट के भीतर प्लेटफॉर्म पर 15 लाख हिट हुए और अनधिकृत रूप से फाइल हासिल करने के एक लाख से अधिक प्रयास किये गए।

सीबीएसई ने कहा कि पोर्टल वर्तमान में 8,000 से अधिक उपयोगकर्ताओं को सहायता प्रदान कर रहा है, और अपराह्न 3 बजे तक 16,000 से अधिक छात्रों ने सफलतापूर्वक अपनी प्रविष्टियां जमा कर दीं। बोर्ड ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा आज हजारों छात्रों ने सीबीएसई पुनर्मूल्यांकन पोर्टल का उपयोग किया, लेकिन दुर्भावनापूर्ण तत्वों ने साइबर हमलों की एक

श्रृंखला के माध्यम से सेवाओं को बाधित करने का प्रयास किया। पोस्ट में कहा गया है, सबसे हालिया घटना एक डिनायल ऑफ सर्विस हमले का प्रयास है, जिसके कारण 2 मिनट के भीतर पोर्टल पर 15 लाख हिट हुए और अनधिकृत रूप से फाइल हासिल करने के। लाख से अधिक प्रयास किये गए। डिनायल-ऑफ-सर्विस हमला एक दुर्भावनापूर्ण साइबर खतरा है जो किसी मशीन, नेटवर्क या वेबसाइट को उसके लक्षित उपयोगकर्ताओं को ...शेष पृष्ठ 10 पर

सीबीएसई के चेयरमैन व सचिव का हुआ तबादला

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के चेयमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का मंगलवार को बोर्ड से तबादला कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सरकार ने कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा के लिए अपनाई गई डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में कथित अनियमितताओं के मद्देनजर यह कदम उठाया। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार ने सीबीएसई में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी लोखंडे प्रशांत सीताराम को सीबीएसई का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वहीं, सचिव के पद पर सीनियर ब्यूरोक्रैट वरुण भारद्वाज को नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही केंद्र ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

मूसलाधार बारिश से ठाठरी और द्राबशाला में तबाही

जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में मंगलवार दोपहर बाद जिले के ठाठरी, द्राबशाल्ला शाला, सैलाना, सरोर, सरथल गाहन और आसपास के क्षेत्रों में अचानक मौसम ने करवट ली और तेज गर्जना के साथ हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। भारी वर्षा के कारण कई स्थानों पर नाले उफान पर आ गए, जिससे सड़कों पर भारी मात्रा में मलबा, पत्थर और गाद जमा हो गई तथा कई मार्ग यातायात के लिए अवरुद्ध हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार ठाठरी क्षेत्र में अचानक आए तेज बहाव वाले नालों ने सड़कों पर मलबा ला दिया, जिससे कई वाहन बीच रास्ते में फंस गए। कुछ वाहनों के मलबे में दबने की भी सूचना मिल रही है। हालांकि स्थानीय लोगों की तत्परता और आपसी सहयोग से कई लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। बारिश के समय स्कूलों में छुट्टी हो चुकी थी और घर लौट रहे स्कूली बच्चों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

रूद्रम-2 मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण

नयी दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय वायु सेना ने हवा-से-सतह पर मार करने वाली रूद्रम-II मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया है। रूद्रम-II भारत की अगली पीढ़ी की स्वदेशी एंटी-रेडिएशन मिसाइल है।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि बेहद कठिन परिस्थितियों और महत्वपूर्ण ट्रेजेक्ट्री के तहत किए गए परीक्षण के दौरान सभी उप-प्रणालियों की क्षमता की पुष्टि हुई। मिसाइलों को दागे जाने के बाद अत्यंत सटीकता के साथ पहले से तय लक्ष्य की ओर निर्देशित किया गया। चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज के विभिन्न रेंज उपकरणों के आंकडों से इस बात की पुष्टि हुई कि परीक्षण के सभी उद्देश्य पूरे हुए हैं।

माफिया-मच्छर दोनों का किया सफाया : योगी

❍ भगवान महावीर की तपस्थली पावागढ़ के नाम से जाना जायेगा फाजिलनगर

विशेष/जिला संवाददाता

कुशीनगर/लखनऊ। कुशीनगर की धरती से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास बनाम अराजकता के मुद्दे पर कहा कि पहले की सरकारों के समय उत्तर प्रदेश कट्टा-बम बनाने वालों की पहचान से जुड़ा था, जबकि आज वही उत्तर प्रदेश देश

❍ मच्छर फैलाते थे बीमारी और माफिया बढ़ाते थे बेरोजगारी

की सुरक्षा के लिए ब्रह्मोस मिसाइल बना रहा है। पिछली सरकारें निर्दोष लोगों, व्यापारियों को लूटने के लिए कट्टा-बम बनाती थीं। बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाती थीं, लेकिन हमने इन शोहदों को ठीक किया है। जो ठीक नहीं हुआ, बोली से नहीं माना वो गोली से जरूर मान गया है।

मंगलवार को कुशीनगर में 424 करोड़ रुपये की 278 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों की विकृत

मानसिकता ने कुशीनगर को बीमारी, भुखमरी और बेरोजगारी दी, लेकिन डबल इंजन सरकार ने इंसेफेलाइटिस और माफिया, दोनों पर प्रभावी प्रहार करते हुए विकास, सुरक्षा और रोजगार का नया वातावरण तैयार किया है। कुशीनगर अब पिछड़ेपन की पहचान नहीं, बल्कि बुलेट स्पीड से आगे बढ़ते नए उत्तर प्रदेश का प्रतीक बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम के पुत्र कुश, भगवान बुद्ध और भगवान महावीर की तपोभूमि कुशीनगर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जबकि 9-10 वर्ष पहले यह जनपद पहचान के संकट, इंसेफेलाइटिस, माफिया राज, भूख, बेरोजगारी और अव्यवस्था से जूझ रहा था। खनन माफिया का आतंक था, किसान शोषण का शिकार था, उपज का उचित मूल्य नहीं मिलता था, स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं बदहाल थीं तथा फाजिलनगर व कसया क्षेत्र में मुसहर समुदाय के लोगों की भूख से मौत की खबरें आती थीं। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने नया रास्ता चुना और डबल इंजन सरकार के प्रयासों से कुशीनगर की तस्वीर बदल गई। आज जिले में लगभग 90 हजार गरीबों को आवास, 3.14 लाख से अधिक परिवारों को ...शेष पृष्ठ 10 पर

पूर्वांचल के किसानों के जीवन में समृद्धि लायेगा कुशीनगर विवि : मुख्यमंत्री

कुशीनगर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुशीनगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 450 करोड़ से बनने वाला यह विश्वविद्यालय पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों के जीवन में खुशहाली लाने और उनकी आय बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। सरकार की मंशा है कि विश्वविद्यालय समय पर बने और चले। इस प्रोजेक्ट को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाएगा। उम्मीद है कि सितंबर-अक्टूबर में इसके उद्घाटन के लिए आएंगे। उससे पहले कृषि मंत्री सत्र प्रारंभ करने के लिए सभी औपचारिकताओं को पूरा करने यहां आएंगे, जिससे कुशीनगर में भी कृषि विश्वविद्यालय प्रारंभ हो सके। मुख्यमंत्री योगी ने कृषि विश्वविद्यालय के निरीक्षण के उपरांत कहा कि सत्र शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। इस सत्र से यहां प्रवेश प्रारंभ करेंगे। दो-तीन महीने के लिए किराए पर भवन या ...शेष पृष्ठ 10 पर

मादक पदार्थों के मामलों में नरमी की गुंजाइश नहीं



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि यदि देश की संप्रभुता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच टकराव होता है, तो संप्रभुता को प्राथमिकता दी जाएगी, खासकर स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थों से जुड़े मामलों में।

अदालत ने ये टिप्पणियां पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द करते हुए कीं, जिसमें एक ऐसे व्यक्ति को जमानत दी गई थी, जिस पर जेल के अंदर से मोबाइल फोन का इस्तेमाल करके मादक पदार्थों की तस्करी का नेटवर्क चलाने का आरोप था। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा, "यदि देश की संप्रभुता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच कोई टकराव होता है, ...शेष पृष्ठ 10 पर

दो गुटों में बंट सकती है ममता की पार्टी टीएमसी

एजेंसी

नई दिल्ली। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस दो गुटों में बंट सकती है। पार्टी से निकाले गए नेता रिजू दत्ता ने दावा किया कि 80 में से 50 से ज्यादा विधायक खुद को असली तृणमूल बताने की तैयारी कर रहे हैं।

❍ 50 से अधिक विधायकों ने दिखाये बगावती तेवर

रिजू ने दावा किया है कि आज ये सभी विधायक विधानसभा स्पीकर के पास जाएंगे और तीन मुद्दे उठाएंगे। पहला- हम ही असली तृणमूल कांग्रेस हैं। दूसरा- विपक्ष के नेता ऋतब्रत होंगे, न कि शोभनदेव। तीसरा- हमारे पास दो-तिहाई बहुमत है, इसलिए चुनाव चिह्न हमारा होना चाहिए। बंगाल में टीएमसी के 80 विधायक हैं। नये गुट को मान्यता के लिए दो-तिहाई यानी 54 विधायकों की जरूरत होगी। इससे कम विधायक होने पर स्पीकर नए गुट को मान्यता नहीं देंगे। टूट का दावा करने वाले रिजू दत्ता विधायक नहीं हैं। इधर, सोमवार को टीएमसी से निकाले गए 2 विधायकों संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी ने कोलकाता के हॉस्टल में के कई विधायकों के साथ मीटिंग की। इसमें ममता के कई खास विधायक भी शामिल हुए। पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा टीएमसी के लिए हमारे दरवाजे बंद हैं। हमने किसी को बाहर से लाए बिना 207 का आंकड़ा छू लिया। इस बार हमारी राजनीतिक रणनीति जमीनी स्तर से शुरू हुई। हम ...शेष पृष्ठ 10 पर

चारधाम यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

44 दिनों की अल्पावधि में पहुंचे 30 लाख से अधिक तीर्थयात्री

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की चारधाम यात्रा इस वर्ष श्रद्धा, विश्वास और जनभागीदारी के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। यात्रा के शुरूआती 44 दिनों में ही लगभग 29 लाख 85 हजार श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले तीन लाख से अधिक है, जिससे स्पष्ट है कि देशभर के श्रद्धालुओं का रुझान चारधाम यात्रा की ओर लगातार बढ़ रहा है। तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या और आगामी वषार्काल को देखते हुए राज्य सरकार ने यात्रा प्रबंधन को लेकर विशेष सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की तैयारियों का आकलन करते हुए अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने

के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा का अगला चरण चुनौतीपूर्ण हो सकता है, क्योंकि मानसून के दौरान मौसम की अनिश्चितता और यात्रियों की बढ़ती संख्या दोनों ही व्यवस्थाओं की परीक्षा लेते हैं। ऐसे में प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभागों को पूरी तत्परता के साथ कार्य करना होगा। बैठक में धामों और यात्रा मार्गों पर भीड़ प्रबंधन को लेकर विशेष रणनीति पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जहां आवश्यकता हो वहां होल्डिंग एरिया और नियंत्रण बिंदुओं का उपयोग कर यात्रियों की आवाजाही को व्यवस्थित किया जाए, ताकि किसी भी स्थान पर अत्यधिक दबाव की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाओं की किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। प्रतीक्षा स्थलों और प्रमुख पड़ावों पर पेयजल, भोजन, शौचालय, पार्किंग और ...शेष पृष्ठ 10 पर

वेदांता समूह के खिलाफ ईडी ने की छापेमारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा संबंधी कथित उल्लंघन को लेकर अरबपति कारोबारी अनिल अग्रवाल के वेदांता समूह के खिलाफ जांच के तहत उसके आधिकारिक परिसरों में छापेमारी की। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि वैश्विक खनन समूह के खिलाफ छापेमारी सोमवार को शुरू की गई और दिल्ली, मुंबई एवं राजस्थान के उदयपुर स्थित परिसरों सहित वेदांता लिमिटेड के चार परिसरों की तलाशी ली गई। जांच विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के दीवानी प्रावधानों के तहत की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय कंपनी वेदांता लिमिटेड की लंदन स्थित मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज द्वारा 2023 में वेदांता लिमिटेड को ब्रांड शुल्क का एक हिस्सा लौटाए जाने का एक मामला संघीय जांच एजेंसी की जांच के दायरे में है। उन्होंने बताया कि जारी जांच में समूह की कुछ अन्य व्यवस्थाओं की भी पड़ताल की जा रही है। वेदांता के एक प्रवक्ता ने ईडी की कार्वाई की पुष्टि करते हुए कहा कि कंपनी प्राधिकारियों को पूरा सहयोग दे रही है और मांगी गई सभी जानकारी उपलब्ध करा रही है। प्रवक्ता ने कहा, कंपनी सभी कानूनों और नियमों के अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा चूंकि मामला फिलहाल नियामकीय प्रक्रिया के तहत है इसलिए हम इस स्तर पर आगे कोई टिप्पणी नहीं कर सकते।

आज का मौसम

अधिकतम	:	36.06 डिसे.
न्यूनतम	:	26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

❍ एक सप्ताह में 57 हजार चालान, 2669 वाहन सीज (पृष्ठ-02)
❍ प्रवक्ता संवर्ग के 624 पदों के परिणाम घोषित (पृष्ठ-02)
❍ पेट्रोल, डीजल के दाम में वृद्धि बढ़ेगी महंगाई (पृष्ठ-10)
❍ सोना 1050 रुपये चढ़ा, चांदी 1300 रुपये मजबूत (पृष्ठ-10)
❍ सरकार थोक मूल्य सूचकांक को समाप्त करेगी (पृष्ठ-10)

विशेष खबर 200 किलोमीटर लंबी पुराधारा या पैलियोचैनल के किनारे 150 से अधिक संभावित भूजल पुनर्भरण स्थलों की पहचान की

गंगा-यमुना दोआब में पुराजलधारा को पुनर्जीवित करने का होगा प्रयास

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) ने प्रयागराज और कानपुर के बीच गंगा-यमुना दोआब में 200 किलोमीटर लंबी पुराधारा या पैलियोचैनल के किनारे 150 से अधिक संभावित भूजल पुनर्भरण स्थलों की पहचान की है। इसके साथ ही उसने उत्तर प्रदेश के तीन जिलों में पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण शुरू किया है।

पुरा जलधारा सतह से 10 से 15 मीटर नीचे स्थित है और प्रयागराज और कानपुर के बीच गंगा और यमुना नदियों के बीच एक घुमावदार मोड़ के साथ बहती थी। हैदराबाद स्थित सीएसआईआर-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) द्वारा किए गए अध्ययन में पाया गया है कि प्राचीन नदी प्रणाली और इसकी भूमिगत संरचना अब भी गंगा और

यमुना के भूजल भंडारों को जोड़ती है, जिसका अर्थ है कि एक प्रणाली में पुनर्भरण दूसरी प्रणाली को प्रभावित कर सकता है। वैज्ञानिकों ने पाया है कि इसकी चौड़ाई, गहराई और तल स्तर दोनों नदियों के समान हैं। एनएमसीजी के अनुसार, इसकी कार्यकारी समिति ने नवंबर 2025 में प्रयागराज-कानपुर खंड में खोजी गई प्राचीन जलधारा के प्रबंधित जल पुनर्भरण (एमएआर) पर 2.43 करोड़ रुपये की लागत से एक अध्ययन को मंजूरी दी थी। इस अध्ययन का उद्देश्य कौशांबी और कानपुर के बीच स्थित प्राचीन जलधारा के किनारे उपयुक्त सरकारी भूमि की पहचान करना और वैज्ञानिक रूप से डिजाइन की गई एमएआर संरचनाओं, जैसे कि पुनर्भरण गड्ढे का निर्माण करना है। एनएमसीजी के अनुसार कानपुर, फतेहपुर और कौशांबी पहले तीन जिले हैं जहां परियोजना का कार्यान्वयन शुरू हो चुका है। वहां एमएआर प्रणालियों का निर्माण कार्य पहले से ही चल रहा है। इन संरचनाओं का उद्देश्य वैज्ञानिक रूप से पहचाने गए पुनर्भरण बिंदुओं के माध्यम से पानी को भूमिगत जलभंडारों में पहुंचाना है। अधिकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन, जिला गंगा समितियों के माध्यम से, परियोजना के स्थानीय कार्यान्वयन की देखरेख कर रहा है।

सूर्या हत्याकांड : गाजियाबाद में तनावपूर्ण शांति, तीन मदरसे सील

जिला संवाददाता

गाजियाबाद (उप्र)। गाजियाबाद के खोड़ा इलाके में सत्यापन कार्य तेज करते हुए प्रशासन ने मंगलवार को तीन गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों को सील कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह कार्रवाई 17 वर्षीय सूर्या चौहान की हत्या कथित तौर पर उसके दोस्त असद और उसके साथियों द्वारा किये जाने के बाद की जा रही है। मामले का मुख्य आरोपी असद पुलिस के साथ एक मुठभेड़ में मारा जा चुका है।

इलाके में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। कई दुकानें मंगलवार को बंद रहीं, जिनमें दोनों समुदायों के सदस्यों द्वारा संचालित प्रतिष्ठान भी शामिल थे। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षाकर्मी तैनात किये गए हैं। इस बीच, जिला प्रशासन और पुलिस ने खोड़ा में तीन दिवसीय ऑपरेशन क्लीन स्वीप शुरू किया, जिसके तहत किरायेदारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, अनाधिकृत संपत्तियों और संदिग्ध आपराधिक तत्वों का सत्यापन किया जा रहा है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने बताया कि इलाके में संचालित तीन मदरसों को सील कर दिया गया है, क्योंकि उनका संचालन बिना किसी मान्यता के किया जा रहा था। कुमार ने संवाददाताओं से कहा, सत्यापन अभियान के दौरान तीन ऐसे मदरसों की पहचान की गई, जो मदरसा बोर्ड या अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में पंजीकरण कराए बिना ही चलाए जा रहे थे।

C M Y K

जरूरतमंदों को दिलायें योजनाओं का लाभ : सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र नागरिक तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। आवास से लेकर इलाज तक, बिटिया की पढ़ाई व विवाह से लेकर निराश्रितों व बुजुर्गों की पेंशन तक, समाज के हर जरूरतमंद के लिए सरकार की अनेक योजनाएं हैं। सभी पात्र लोगों से आवेदन कराकर इन योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाया जाए। सीएम योगी मंगलवार को जनता दर्शन में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

सोमवार देर शाम गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन जरूर करें। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति का संबंधित योजना में आवेदन कराकर लाभ दिलाया जाए।

सीएम योगी ने जनता दर्शन में आए लोगों के प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। अधिकारी जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। जनता दर्शन में इस बार भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जनता दर्शन में जौनपुर जिले से आई एक महिला ने एक एनजीओ पर फर्जी प्रमाण पत्र देने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ जांच की मांग की।

इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामले में जांच कर जरूरी कार्रवाई की जाए। जमीन कब्जा किए जाने से संबंधित शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस को निर्देश दिया कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन पर कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री ने खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दीं। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर की गोशाला में जाकर गोसेवा भी की। उन्होंने स्नेहिल थपकी देकर गायों-गोवंश को दुलारा और अपने हाथों से गुड़-रोटी खिलाई। उन्होंने गोशाला के कार्यकताओं को गोवंश की समुचित देखभाल के निर्देश दिये।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट करते डीजीपी राजीव कृष्ण

आईएएस, पीसीएस की निःशुल्क कोचिंग के लिए युवाओं में बढ़ा उत्साह

लखनऊ। समाज कल्याण विभाग की निःशुल्क आईएएस/पीसीएस आवासीय कोचिंग युवाओं के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभर रही है। अगस्त 2026 से संचालित होने वाली आवासीय कोचिंग योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों को प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी का अवसर मिलेगा। इसको लेकर युवाओं में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में लगातार बढ़ती भागीदारी इसकी लोकप्रियता का प्रमाण है। समाज कल्याण विभाग के निदेशक संजीव सिंह ने बताया कि प्रदेश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों के लिए कुल 865 सीटें निर्धारित हैं। इनमें से 25 प्रतिशत सीटें ऐसे छात्र-छात्राओं के लिए आरक्षित हैं जो लेटरल एंट्री के माध्यम से प्री परीक्षा क्वालीफाई कर चुके हैं। इससे उन अभ्यर्थियों को भी बेहतर मार्गदर्शन मिलेगा, जिन्होंने प्रतियोगी परीक्षा के प्रारंभिक चरण में सफलता प्राप्त कर ली है और मुख्य परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।

यूपी में एक सप्ताह में 57 हजार चालान, 2669 वाहन सीज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर लगातार सख्ती बरत रही है। प्रदेश में यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने और जिम्मेदार ड्राइविंग की संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा व्यापक जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है।

परिवहन विभाग ने अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से 20 मई से 26 मई तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई। विभाग के अनुसार अभियान के दौरान कुल 57,186 चालान किए गए, जबकि 2,669 वाहनों को सीज किया गया। सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट और सीट बेल्ट की अहम भूमिका को देखते हुए इन दोनों बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। अभियान के दौरान 23,758 लोगों के हेलमेट न पहनने पर चालान किए गए, जबकि 9,083 वाहन चालकों और यात्रियों पर सीट बेल्ट न लगाने के कारण कार्रवाई की गई। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के उपयोग को भी दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण माना जाता है।

इसी को देखते हुए अभियान के दौरान 3,676 लोगों के खिलाफ मोबाइल का उपयोग करते हुए वाहन चलाने पर कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग ने अनाधिकृत रूप से संचालित बसों के खिलाफ भी अभियान चलाया। प्रदेशभर में 1,502 अनधिकृत बसों के चालान किए गए और 400 से अधिक बसों को सीज किया गया। इसके अलावा माल वाहनों में सवारी ढोने के मामलों में 1,000 से अधिक चालान किए गए तथा 91 वाहनों को सीज किया गया।

अनिल भूषण ने संभाली बेसिक शिक्षा निदेशक की जिम्मेदारी

लखनऊ। अनिल भूषण चतुर्वेदी ने मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग के प्रभारी शिक्षा निदेशक बेसिक के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर विभागीय कार्यों, योजनाओं एवं प्राथमिकताओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, नवाचारों तथा वर्तमान में चल रही गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्र हितों से जुड़े कार्यक्रमों, शिक्षक प्रशिक्षण, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। कार्यभार ग्रहण करने के बाद अनिल भूषण चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप बेसिक शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करें।

भाजपा सरकार की गलत नीतियों से त्रस्त है जनता : अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की कुनीतियों से जनता त्रस्त है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। किसान, नौजवान, व्यापारी, कर्मचारी, हर वर्ग परेशान और पीड़ित है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार से लोगों की निराशा इतनी बढ़ गयी है कि नाउम्मीद होकर पीड़ित लोग आत्मदाह तक के लिए बाध्य हो रहे हैं। भाजपा नेतृत्व को सत्ता के अहंकार ने इतना संवेदनहीन बना दिया है कि उन्हें किसी की पुकार-गुहार-चीत्कार तक सुनाई नहीं देती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास के सामने अपनी रोजी-रोटी के लिए जूझ रहे रोडवेज संविदाकर्मियों द्वारा पेट्रोल छिड़ककर आत्महत्या करने का प्रयास बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हृदयहीन भाजपा सरकार चालकों-परिचालकों की माँगों का तुरंत संज्ञान ले और किसी भी अप्रिय घटना को घटने से बचाए। नौकरी-रोजगार किसी परिवारवाले के लिए जीवन-मरण से कम का सवाल नहीं होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार संवेदनहीन है। भाजपा किसी की सगी नहीं है। झूठे वादे करती है। जनता को गुमराह करती है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली व्यवस्था सब चौपट है। भाजपा ने नौ साल के कार्यकाल में समाज में नफरत फैलाने के अलावा कोई काम नहीं किया है। प्रदेश की जनता भाजपा की असलियत जान चुकी है। 2027 में जनता भाजपा को सत्ता से हटाकर उसके कुशासन का अंत कर देगी।

सपा मुख्यालय पर बांटा गया प्रसाद

लखनऊ। ज्येष्ठ मास के बड़ा मंगलवार पर सपा के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में मंगलवार को वीरवर श्री हनुमान जी की प्रतिमा की पूजा अर्चना की गई। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने पुष्पांजलि अर्पित कर प्रसाद बांटा। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी का स्टाफ मौजूद था। ज्येष्ठ मास के बड़ा मंगलवार के अवसर पर राजधानी लखनऊ के विधानसभा कैण्ट क्षेत्र के सदर में प्रभू दयाल सेठ रोड पर पांचवे बड़ा मंगल पर सेठ परिवार की ओर से भण्डारा का आयोजन किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने पवनसुत हनुमान जी के पूजन के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया। प्रसाद में पूड़ी सब्जी, कढ़ी-चावल, बूंदी-हलुआ और शिकंजी तथा आइसक्रीम का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के ओएसडी आशीष यादव सोनू एवं सेठ परिवार के सदस्य मनोज सेठ, अजय सेठ, विशाल सेठ, दिलीप सेठ, रवि सेठ, अर्श, सौरभ, अभय, अतुल, अंजू आदि उपस्थित रहे।

मैनेजमेंट ट्रेनी पद पर नौकरी का है अवसर

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि के छात्रों को नौकरी पाने का सुनहरा अवसर है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ऑनलाइन माध्यम से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करने जा रही है। इसमें विश्वविद्यालय के बीटेक एवं एमबीए के छात्र हिस्सा ले सकते हैं। ड्राइव में हिस्सा लेने के लिए छात्रों को सात जून तक पंजीकरण कराना होगा।

पीएचडी प्रवेश के लिए परीक्षा परिणाम जारी

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के पीएचडी में प्रवेश के लिए सत्र 2025-26 के फेज 2 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। कैटेगरी ए एवं बी में चयनित अभ्यर्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी गयी है।

जनता की जेब काट रही सरकार : लोकदल

लखनऊ। लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश में जंग और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों की तपिश के बीच सरकार जनता की जेब पर लगातार डाका डाल रही है। एक ओर आम आदमी महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते बिजली बिलों से त्रस्त है, दूसरी ओर सरकार जनता के टैक्स के पैसे से अपने प्रचार और छवि चमकाने में लगी हुई है। सुनील सिंह ने कहा कि जब जनता हर वस्तु पर टैक्स दे रही है, तब सरकार को जवाब देना चाहिए कि जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा अस्पतालों, स्कूलों, किसानों और युवाओं पर खर्च हो रहा है या फिर बड़े-बड़े विज्ञापनों और प्रचार अभियानों पर? देश का युवा रोजगार मांग रहा है, किसान अपनी फसल का उचित दाम मांग रहा है, लेकिन सरकार प्रचार के शोर में जनता की आवाज दबाने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार हर संकट को राजनीतिक अवसर में बदलने का प्रयास करती है।

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार व नगर निगम को नोटिस जारी कर किया जवाब-तलब

- सहारा शहर की लीज रद कर कब्जा लेने का मामला
- मामले की अगली सुनवायी 31 जुलाई को नियत

विधि संवाददाता

लखनऊ। सुप्रीम कोर्ट ने सहारा शहर की लीज रद करके उसका कब्जा लेने के मामले में राज्य सरकार और नगर निगम को नोटिस जारी करके उनसे जवाब तलब किया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवायी 31 जुलाई को करने को कहा है। गौरतलब हो कि सहारा शहर की जमीन का कब्जा वापस लेने के बाद राज्य सरकार वहां पर नये विधानसभा बनाने का विचार कर रही थी।

यह आदेश चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जायमाल्या बगची एवं जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने मेसर्स सहारा इंडिया कार्मोशियल कारपोरेशन की ओर से दाखिल एक एसएलपी पर सुनवायी करते हुए गत 29 मई को पारित किया। मामले की सुनवायी के बाद पीठ ने राज्य सरकार, नगर निगम, नगर आयुक्त एवं नगर निगम के प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति को नोटिस जारी का आदेश दिया। इस पर कोर्ट में उक्त विपक्षीगणों की ओर से पेश हो रहे अधिवक्ता ने नोटिस प्राप्त कर ली। जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार, नगर निगम सहित सभी विपक्षीगणों को मामले में 31 जुलाई तक अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया। सहारा ने एसएलपी दायर कर इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के गत 22 अप्रैल 2026 के आदेश को चुनौती दी है जिसमें हाई कोर्ट ने सहारा की लीज डीड खारिज होने व उसका कब्जा लेने के नगर निगम के आदेशों के खिलाफ याचिका को शोषणीय न होने के आधार पर खारिज दिया था और कहा कि चूंकि सहारा सेबी विवाद में यह विवाद भी शामिल है लिहाजा उसके हाथ बंधे हैं और मामले को सुप्रीम कोर्ट ही सुन सकता है।

दरअसल, सहारा ने नगर निगम के 8 सितम्बर 2025 को जारी एक आदेश को चुनौती दी थी जिससे उसने सहारा को 22 अक्टूबर 1994 को दी गयी जमीन की लीज को खारिज कर दिया था और 11 सितम्बर 2025 को एक और आदेश जारी करके उक्त जमीन को खाली करने का आदेश भी कर दिया था। सहारा की ओर से तर्क दिया गया था कि 2 सितम्बर 2017 को एक आर्बिट्रेशन मामले में इसी जमीन को लेकर उसके हक में आदेश पारित हो चुका था किन्तु नगर निगम ने उस आदेश की अनदेखी करके गलत तरीके से पट्टे को खारिज किया था जबकि वह उसका समय बढ़ाने के लिए आवश्यक पैसा जमा करने को तैयार था।

हाई कोर्ट ने जल निगम के चीफ इंजीनियर के खिलाफ विजिलेंस जांच रोकी

लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जल निगम ग्रामीण के चीफ इंजीनियर राम भवन राम के खिलाफ विजिलेंस जांच को स्टे कर दिया है। चीफ इंजीनियर के खिलाफ शिकायत हुई थी कि वह महल जैसे आलीशान घर में रहते हैं जिसके बाद राज्य सरकार ने उनके विजिलेंस जांच बिठा दी थी। अपने अंतरिम आदेश में कोर्ट ने कहा कि मामले में विचार की आवश्यकता है। कोर्ट ने सरकार से जवाब तलब करते हुए मामले की अगली सुनवायी 10 अगस्त को नियत किया है।

यह आदेश जस्टिस राजीव सिंह की पीठ ने चीफ इंजीनियर राम भवन राम की ओर से दाखिल रिट याचिका पर पारित किया है। याची ने सरकार के गत 24 नवंबर 2025 के विजिलेंस जांच के आदेश को चुनौती दी थी। सुनवायी के दौरान कोर्ट के सामने आया कि दो व्यक्तियों ने सरकार को शिकायत भेजकर याची पर भ्रष्टाचार से अकूत सम्पत्ति बनाने व शहर में महल जैसे आलीशान घर में रहने की शिकायत करते हुए उसके खिलाफ अघोषित सम्पत्ति की जांच की मांग की थी। पत्र पर कार्यवाही करते हुए विजिलेंस जांच बिठा दी गयी थी।

याची ने आगे कहा कि मामले में पंचायती राज मंत्री और मुख्यमंत्री ने जांचोपरान्त न्याय संगत कार्यवाही करने का निर्देश दिया था। याची ने कहा कि इसी मामले में प्रबंध निदेशक जल निगम ग्रामीण एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक प्रशासन ने भी अपने स्तर जांच की जिसमें पाया कि जिन दो व्यक्तियों के नाम से शिकायत की गयी थी वे अपने दिये गये पते पर पाये ही नहीं गये। याची की ओर से कहा गया कि ऐसे में विजिलेंस जांच करके केवल उसके प्रताड़ित किया जा रहा है।

ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाने को चुनौती

- हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब सुनवाई आज

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्रदेश में वर्तमान ग्राम प्रधानों को पंचायत चुनाव होने व नये प्रधान चुने जाने तक प्रशासक नियुक्त करने संबंधी राज्य सरकार के आदेश को चुनौती देने के मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने राज्य सरकार के अधिवक्ता से कहा है कि वह याचिका पर सरकार से समुचित दिशानिर्देश प्राप्त करके उसे 3 जून को अवगत करायें। यह आदेश जस्टिस शेखर बी सर्राफ एवं जस्टिस ए के चौधरी की अवकाशकालीन पीठ ने स्थानीय अधिवक्ता ओम प्रकाश प्रजापति की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया है। याचिका में ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करने संबंधी राज्य सरकार के गत 25 मई के आदेश को चुनौती दी है। कहा गया है कि उ.प्र. पंचायत राज अधिनियम की धारा 12(3)(क) के तहत प्रधानों का कार्यकाल उनके शपथ लेने से केवल पांच साल का ही हो सकता है किन्तु सरकार ने समय पर पंचायत चुनाव न कराकर मौजूदा प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त करके एक प्रकार से उनका कार्यकाल अनिश्चितकाल तक बढ़ा दिया है जो कि विधि विरूद्ध है। याचिका में मांग की गयी कि जैसा पहले होता था कि यदि पंचायत चुनाव समय पर नहीं हो पाते थे तो एडीओ पंचायत या किसी अन्य अधिकारी को प्रशासक नियुक्त किया जाता था उसी प्रकार इस बार भी एडीओ पंचायत या किसी अन्य सरकारी अधिकारी को प्रशासक नियुक्त किया जाये।

हमीरपुर में हुई पुल दुर्घटना की हो न्यायिक जांच

- सीएम योगी को पत्र लिखकर अजय राय ने उठायी मांग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने हमीरपुर में बेतवा नदी पर निमार्णाधीन पुल के ध्वस्त होने की अत्यंत दुखद एवं गंभीर घटना को प्रदेश सरकार की निर्माण व्यवस्था, प्रशासनिक जवाबदेही एवं श्रमिक सुरक्षा पर बड़ा प्रश्नचिह्न बताया है। उन्होंने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराकर वास्तविक तथ्यों को जनता के सामने लाये जाने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कराने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि इस घटना में प्रशासनिक अकर्मण्यता एवं संभावित भ्रष्टाचार से इंकार नहीं किया जा सकता।

प्रदेश कांग्रेस द्वारा गठित एक प्रतिनिधिमण्डल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के नेतृत्व में दुर्घटना स्थल का दौरा कर प्रभावित परिवारों एवं स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की एवं वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमण्डल ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में अनेक गंभीर प्रश्न अभी भी अनुत्तरित हैं। स्थानीय लोगों ने आशंका व्यक्त की है कि दुर्घटना में प्रभावित व्यक्तियों की वास्तविक संख्या तथा मृतकों का सही आंकड़ा अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। कुछ मजदूरों के मोबाइल फोन घटना के बाद से बंद बताए जा रहे हैं, जिससे उनके परिजनों में चिंता एवं असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की जांच उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश अथवा किसी स्वतंत्र उच्चस्तरीय आयोग से कराई जाए। साथ ही निर्माण कार्य से संबंधित तकनीकी अभिलेख, गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट, भुगतान विवरण एवं अनुबंध सार्वजनिक किए जाएं। दुर्घटना के समय कार्यस्थल पर मौजूद सभी मजदूरों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों की नामावली सार्वजनिक कर उनका सत्यापन कराया जाए तथा मृतकों एवं लापता व्यक्तियों की संख्या का स्वतंत्र रूप से पुनः सत्यापन कराया जाए।

कांग्रेस पार्टी ने यह भी मांग की है कि यदि जांच में निर्माण सामग्री, डिजाइन, पर्यवेक्षण अथवा कार्य निष्पादन में किसी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार सामने आता है तो संबंधित अधिकारियों, अभियंताओं, ठेकेदारों एवं कार्यदायी संस्था के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए तथा इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए ठोस कदम उठाये जाएं। अजय राय ने मृतकों के आश्रितों को पर्याप्त आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की भी मांग की है।

अजय राय ने गृह मंत्री को लिखा पत्र

लखनऊ। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर उत्तर प्रदेश में हत्या, बलात्कार, संगठित अपराध, रंगदारी, मादक पदार्थ तस्करी, पुलिस उत्पीड़न एवं कानून व्यवस्था की निरंतर बिगड़ती स्थिति के सम्बन्ध में उच्च स्तरीय हस्तक्षेप एवं जवाबदेही सुनिश्चित किये जाने की मांग की है। अजय राय ने पत्र में लिखा है कि प्रदेश सरकार विगत कई वर्षों से अपराधमुक्त प्रदेश, कानून का राज तथा अपराधियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई के दावे करती रही है। पुलिस मुठभेड़ों (एनकाउंटरों) को भी कानून व्यवस्था की सफलता के प्रमुख सूचना के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2026 के केवल प्रथम पांच माह में ही 23 अपराधियों के पुलिस मुठभेड़ों में मारे जाने का दावा किया गया है। इतना ही नहीं मई 2026 में मात्र दो दिनों (6 एवं 7 मई) के भीतर प्रदेश में 35 पुलिस मुठभेड़ों की सूचना सार्वजनिक की गयी है। यह अत्यंत चिंताजनक है कि इन दावों के समानांतर प्रदेश के विभिन्न मंडलों से हत्या, सामूहिक दुष्कर्म, बाल अपराध, रंगदारी, संगठित अपराध, मादक पदार्थ तस्करी, मानव तस्करी तथा प्रशासनिक विफलताओं की गंभीर घटनाएं सामने आ रही हैं।

प्रवक्ता संवर्ग के 624 पदों के परिणाम घोषित

- 18 विषयों के 2,253 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट

विशेष संवाददाता (vol)

प्रयागराज/लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा प्रवक्ता संवर्ग के 624 पदों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की विषयवार एवं श्रेणीवार सूची आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है।

डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि 09 एवं 10 मई को हुई लिखित परीक्षा में 18 विषयों के कुल 1,92,934 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। आयोग द्वारा परीक्षा परिणाम के आधार पर कुल 2,253 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया गया है। इनमें भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, इतिहास, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य, समाजशास्त्र, नागरिक शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत, मनोविज्ञान, रसायन विज्ञान, भूगोल, कला एवं हिन्दी विषय शामिल हैं। उन्होंने कहा कि शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थियों के विषयवार एवं श्रेणीवार अनुक्रमांक वेबसाइट www.upessc.up.gov.in पर प्रदर्शित किये गये हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं।

उन्होंने सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे आयोग की वेबसाइट पर अद्यतन सूचनाएं देखते रहें तथा निर्धारित तिथि से पूर्व अपने साक्षात्कार पत्र डाउनलोड कर तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार की विषयवार एवं तिथिवार विस्तृत सूचना तथा दिशा-निर्देश 03 जून को आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी सूचना उपलब्ध करायी जाएगी।

मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर पौधरोपण करेंगे प्रदेश भर के शिक्षामित्र

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की एक अति आवश्यक और महत्वपूर्ण प्रांतीय बैठक मंगलवार को राजधानी लखनऊ में आयोजित की गई है। बैठक में प्रदेश के सभी प्रांतीय पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, जिला अध्यक्ष और जिला महामंत्री मुख्य रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर लखनऊ के एमएलसी स्नातक खंड अवनीश कुमार सिंह बैठक में उपस्थित हुए। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षामित्र को सरकार के द्वारा हर संभव मदद और शेष समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया। शिक्षामित्रों के भविष्य और उनकी जीविका से जुड़े कई गंभीर मुद्दों पर मंथन किया गया।

शिक्षामित्रों की मूल विद्यालय वापसी और महिला शिक्षामित्रों को उनके ससुराल के निकट जिलों में ट्रांसफर करने का आदेश शीघ्र किया जाए इसको लेकर संगठन विभागीय अधिकारियों से बात कर समाधान कराने का प्रयास करेगा। मानदेय में की गई वृद्धि के लिए संगठन द्वारा मुख्यमंत्री को धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया गया। साथ ही संगठन द्वारा निर्णय लिया गया है कि मुख्यमंत्री के 5 जून को जन्मदिन के अवसर पर संगठन प्रदेश भर में पौधरोपण कर जन्मदिन मनायेगा। बैठक की अध्यक्षता संजय शर्मा द्वारा की गयी।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला, सुशील यादव, श्याम लाल यादव, प्रदेश संगठन मंत्री कौशल कुमार सिंह, जगवीर भाटी, राजेंद्र सिंह पचेरा, ऋषि पाल सिंह यादव, पंकज सिंह, हरिनाम सिंह आदि सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित उपस्थित रहे।

योगी सरकार की पौष्टिक थाली से मजबूत हो रही नयी पीढ़ी

- पीएम पोषण योजना से बच्चों को मिल रहा संतुलित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को भी नई मजबूती प्रदान कर रही है। पीएम पोषण योजना के अंतर्गत राजकीय, परिषदीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत लाखों छात्र-छात्राओं को संतुलित, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। बच्चों की थाली में ऊर्जा, प्रोटीन और अन्य आवश्यक पोषक तत्वों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर सरकार उनके शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को बल दे रही है। बेहतर पोषण उपलब्ध कराकर योगी सरकार कुपोषण के खिलाफ अपनी लड़ाई को भी और अधिक प्रभावी बना रही है।

प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बच्चों के समग्र विकास के लिए शिक्षा और पोषण को समान प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि पीएम पोषण योजना केवल मध्याह्न भोजन कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, उज्ज्वल भविष्य और कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश के निर्माण का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में उपलब्ध कराए जा रहे पौष्टिक भोजन से बच्चों की सीखने की क्षमता, एकाग्रता और विद्यालयों में उपस्थिति में सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है।

संदीप सिंह ने कहा कि विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश की मजबूत नींव स्वस्थ, शिक्षित और सक्षम बच्चों पर आधारित है। इसी उद्देश्य के साथ सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि प्रत्येक बच्चे को विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण और पोषणयुक्त भोजन प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पोषण सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है और प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है।

पीएम पोषण योजना के अंतर्गत प्राथमिक स्तर के बच्चों को प्रतिदिन न्यूनतम 450 कैलोरी ऊर्जा और 12 ग्राम प्रोटीन उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को प्रतिदिन 700 कैलोरी ऊर्जा और 20 ग्राम प्रोटीन सुनिश्चित किया जा रहा है। यह पोषण मानक बच्चों के शारीरिक विकास, रोग प्रतिरोधक क्षमता, मानसिक एकाग्रता तथा शैक्षणिक उपलब्धियों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। योगी सरकार बच्चों के भोजन को अधिक संतुलित एवं पोषणयुक्त बनाने के लिए सप्ताह के विभिन्न दिनों में दाल, हरी सब्जियां, सोयाबीन युक्त व्यंजन, दूध एवं मौसमी फल उपलब्ध करा रही है। इससे बच्चों को कार्बोहाईड्रेट, प्रोटीन, विटामिन, आयरन एवं अन्य आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व नियमित रूप से प्राप्त हो रहे हैं। यह व्यवस्था बच्चों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ उनके समग्र विकास को भी गति प्रदान कर रही है।

संदीप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य केवल बच्चों को भोजन उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उन्हें स्वस्थ, सक्षम और आत्मविश्वासी नागरिक के रूप में विकसित करना है। उन्होंने कहा कि बेहतर पोषण से बच्चों के स्वास्थ्य, उपस्थिति और शैक्षणिक प्रदर्शन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। शिक्षा और पोषण को एक साथ जोड़कर सरकार कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है।

संक्षेप

तमंचे के साथ धराया आरोपी, गया जेल

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने जिले के कई थानों में गंभीर आपराधिक मुकदमों में वांछित आरोपी को तमंचे व कारतूस के साथ दबोचकर जेल भेज दिया। एसपी दीपक भूकर के अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाने के दरोगा रोहित कुमार व ज्ञानेन्द्र कुमार फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। पुलिस टीम ने रामगंज बाजार के समीप नवनिर्मित पानी की टंकी के पास से एक संदिग्ध को दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी थाना क्षेत्र के वीरशाहपुर निवासी प्रिंस सिंह उर्फ सत्यदेव सिंह पुत्र राम सिंह के पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी प्रिंस के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया है। आरोपी के खिलाफ सांगीपुर समेत उदयपुर, कुण्डा, लालगंज, कोतवाली नगर थानों में कई गंभीर आपराधिक मुकदमें दर्ज भी हैं।

घर में घुसकर मारपीट को लेकर चार के खिलाफ केस

प्रतापगढ़। जमीनी विवाद में पीड़िता व परिवार के सदस्यों के साथ घर में घुसकर मारपीट तथा गालीगलौज व जानलेवा धमकी को लेकर लालगंज पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालूपुर राजापुर निवासी रामकिशोर गौतम की पुत्री सोनाली ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि पहली जून को सायं सात बजे विपक्षी उसकी भूमि पर जबरिया निर्माण करने लगे। इसे लेकर पीड़िता के पिता रामकिशोर ने विरोध जताया तब गांव के जगदीश पुत्र पंचम, सूरज व नीरज पुत्रगण जगदीश, रेनू पुत्री जगदीश ने गालीगलौज शुरू कर दी। जान बचाने को पीड़िता घर में घुसी तब आरोपी ललकारते हुए घर में घुस गये और वहां मारपीट शुरू कर दी। बीचबचाव के लिए परिवार के सुमेरा व रश्मि आयीं तो उन्हें भी आरोपियों द्वारा चुटहिल कर दिया गया। शोरशराबा होने पर लोग जुटे तब आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जगदीश समेत चार के खिलाफ मारपीट समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

एक ही परिवार के तीन सदस्यों के शव मिलने से सनसनी

प्रयागराज। शहर के कोतवाली क्षेत्र स्थित साउथ मलाका इलाके में एक ही परिवार के तीन सदस्यों के शव उनके घर में मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि साउथ मलाका चौराहे पर स्थित एक तीन मंजिला मकान से दुर्गंध आने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मकान का दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो एक कमरे में वीरेंद्र यादव, उनकी पत्नी तथा पुत्री मीनाक्षी के शव अलग-अलग स्थानों पर पड़े मिले।

उन्होंने बताया कि शव कई दिन पुराने प्रतीत हो रहे हैं। तीनों के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई जा रही है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर फिंगर प्रिंट सहित अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

नवजात मौत मामले में नया मोड़
ऑपरेशन के समय सर्जन की मौजूदगी पर सवाल

सीसीटीवी, मोबाइल लोकेशन व अस्पताल रिकॉर्ड की जांच की मांग

इंटवा सिद्धार्थनगर। जिले के इटवा स्थित जनता सेवा अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन के बाद नवजात की मौत के मामले में नया विवाद सामने आया है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि ऑपरेशन के समय नामित सर्जन डॉ. डाली शर्मा अस्पताल में मौजूद नहीं थीं। परिवार का दावा है कि ऑपरेशन किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किया गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमओ ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है। परिजनों ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), ऑपरेशन रजिस्टर, रेफरल रिकॉर्ड और अस्पताल के अन्य अभिलेखों की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि केवल बयान के आधार पर नहीं, बल्कि वैज्ञानिक एवं दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर जांच होनी चाहिए।

पीड़ित चंद्रमणि ने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी का इलाज और ऑपरेशन डॉ. प्रवीण यादव द्वारा किया गया था। वहीं अस्पताल के संचालन, चिकित्सकों की उपलब्धता तथा ऑपरेशन थिएटर में मौजूद कर्मियों की भूमिका की भी जांच की मांग की गई है।

जांच अधिकारी एवं एसीएमओ (आरसीएच) डॉ. आर.जी. सिंह ने बताया कि मामले के सभी पहलुओं को जांच में शामिल किया गया है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।

3 जून को लखनऊ में खुलेगी भ्रष्टाचार प्रकरण की फाइल

स्वास्थ्य विभाग पर बढ़े सवाल

- अभियोजन स्वीकृति पर होगा मंथन, अवैध अस्पतालों पर नरमी के आरोपों से घिरा विभाग

सिद्धार्थनगर। वर्ष 2023 के चर्चित भ्रष्टाचार प्रकरण में अभियोजन स्वीकृति की प्रक्रिया अंतिम चरण में

पहुंच गई है। शासन के निर्देश पर 3 जून को लखनऊ में मामले से जुड़े अभिलेखों की समीक्षा की जाएगी। इस बीच निजी अस्पतालों के पंजीकरण, नवीनीकरण और निगरानी व्यवस्था को लेकर स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। सितंबर 2023 में निजी अस्पतालों के पंजीकरण और नवीनीकरण से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में दर्ज मुकदमे के संबंध में न्याय विभाग स्तर पर कार्रवाई जारी है। विशेष सचिव के निर्देश पर विवेचक को मूल केस डायरी, आरोप पत्र और संबंधित अभिलेखों के साथ 3 जून को सचिव भवन, लखनऊ में उपस्थित होने को कहा गया है। वहीं, हाल में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों और क्लीनिकों के खिलाफ की गई कार्रवाई भी चर्चा में है। कुछ संस्थानों को नोटिस जारी किए जाने के बावजूद उनके संचालन पर प्रभावी रोक नहीं लगने तथा कुछ अन्य संस्थानों पर कार्रवाई न होने के आरोपों ने विभागीय निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी तेज है कि जिन अधिकारियों पर पूर्व में आरोप लगे थे, वे अब भी स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं से जुड़े हुए हैं। ऐसे में भ्रष्टाचार प्रकरण और अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई को लेकर स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली फिर बहस का विषय बन गई है।

जेईई एडवांस में आइन्स्टीन के मेधावी समेत दो को मिली सफलता, खुशी

प्रतापगढ़। जेईई एडवांस की परीक्षा में धधुआ गाजन स्थित आइन्स्टीन पब्लिक स्कूल के मेधावी समेत क्षेत्र के दो छात्रों ने सफलता का परचम लहरा कर लालगंज क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्र आर्यन शुक्ला की सफलता पर मंगलवार को विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखा गया। निदेशिका श्रुति शुक्ला ने मेधावी की सफलता पर विद्यालय परिसर में उच्चस्तरीय पठन पाठन के वातावरण तथा मेधावी के नियमित अध्ययन व कठिन परिश्रम को श्रेय दिया है। वहीं संरक्षक विभवभूषण शुक्ल एवं डॉ0 सौरभ मिश्र, योगेन्द्र शुक्ला, गरिमा मिश्रा, महेन्द्र पाठक ने भी मेधावी की सफलता को विद्यालय परिवार के लिए स्वर्णिम उपलब्धि कहा। वहीं प्राथमिक विद्यालय पूरे नोती में प्रधानाध्यापक राजेन्द्र प्रसाद तिवारी के पुत्र आयुष तिवारी को भी जेईई एडवांस में सफलता मिली है। मेधावी की सफलता पर परिजनों में खुशी देखी गयी।

अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया

श्रावस्ती। अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ली और पुलिस लाइन्स का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए प्रेरित किया तथा सभी से सामूहिक दौड़ लगवाई। अनुशासन और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए टोलीवार ड्रिल का अभ्यास भी कराया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार और स्टोर का जायजा लिया। उन्होंने हथियारों की साफ-सफाई और रखरखाव बेहतर रखने के निर्देश दिए। साथ ही स्टोर में रखे सामान और रजिस्टरों की भी जांच की तथा परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने को कहा। आदेश कक्ष में रजिस्टरों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को अनुशासन के साथ कार्य करने, जनता की सुरक्षा और सेवा को प्राथमिकता देने तथा अपने दायित्वों का समयबद्ध तरीके से निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

कटकुइयां कला में बृहद जनचौपाल

डीएम-सीडीओ ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

जिला संवाददाता

श्रावस्ती। विकास खंड सिरसिया की ग्राम पंचायत कटकुइयां कला में आयोजित वृहद जनचौपाल में जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग और मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनचौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का भी निरीक्षण किया गया। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति बाधित होने और पंप संचालक के अक्सर अनुपस्थित रहने की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने जल निगम के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित पंप संचालक के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा दूसरे संचालक की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनचौपाल का उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही कराना और पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चौपाल में प्राप्त सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर तत्काल निस्तारण योग्य मामलों का मौके पर समाधान किया जाए तथा अन्य मामलों में शीघ्र कार्रवाई शुरू की जाए। जनचौपाल में विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं का सत्यापन और ऑनलाइन पंजीकरण भी किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा ताकि कोई भी जरूरतमंद लाभ से वंचित न रहे। मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने कहा कि गांवों के समग्र विकास के लिए नाली, खड़ंजा, तालाब, आवास और पेंशन जैसी योजनाओं पर प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों के चयन और विकास कार्यों की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में समाज कल्याण, स्वास्थ्य, जल निगम, खाद्य एवं रसद, पंचायतीराज, उद्योग विभाग, ग्रामोद्योग विभाग तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए। जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने स्टालों का निरीक्षण कर आमजन को योजनाओं की जानकारी प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. सिंह, समाज कल्याण अधिकारी डॉ. अमरनाथ यति, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सिरसिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

चेकिंग के दौरान अर्टिगा कार से अवैध शराब बरामद

पिपरौली, गोरखपुर। गीडा पुलिस ने सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अर्टिगा कार से 552 बोतल अवैध शराब और नेपाली मुद्रा के साथ तीन आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों में दो आरोपी नेपाल के रहने वाले हैं। मिली जानकारी के अनुसार नौसड़ चौकी प्रभारी अंजय कुमार सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र के बाघागाड़ा के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि लखनऊ की तरफ से आ रही एक अर्टिगा कार नंबर- यूपी 53 एलटी 9061 जो गोरखपुर की ओर जा रही है, उसमें भारी मात्रा में अवैध शराब लदी हुई है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाई और रात करीब 1 बजे बताए गए वाहन को बाघागाड़ा के पास रोक लिया। जब पुलिस टीम ने अर्टिगा गाड़ी की सघन तलाशी ली तो उसमें से 552 बोतल अवैध शराब बरामद हुई।

सिद्धार्थनगर में बहू- बेटी सम्मेलन पर जिलास्तरीय कार्यशाला आयोजित

सिद्धार्थनगर। यूनिसेफ के सहयोग से अम्बेडकर सभागार, विकास भवन में बहूबेटी सम्मेलन विषयक एक दिवसीय जिलास्तरीय अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में डीआईजी बस्ती परिक्षेत्र संजीव त्यागी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। डीआईजी संजीव त्यागी ने महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध, घरेलू हिंसा, बाल विवाह और लैंगिक हिंसा के मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई, पीड़ितों को सुरक्षा एवं सहायता उपलब्ध कराने तथा हेल्पलाइन सेवाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने महिला सशक्तिकरण के लिए बालिकाओं की शिक्षा को आधार बताते हुए सुरक्षित एवं सहयोगात्मक वातावरण उपलब्ध कराने पर बल दिया। वहीं एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने यूनिसेफ के शोध एवं प्रशिक्षण मॉड्यूल की सराहना करते हुए बताया कि जनपद के सभी थानों में मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं, जो महिलाओं और बालिकाओं को सहायता प्रदान कर रहे हैं। कार्यशाला में बहु-विभागीय समन्वय के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर प्रशासन, पुलिस एवं यूनिसेफ के अधिकारी समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

राप्ती हादसे के पीड़ित परिवारों को मिली आर्थिक सहायता

श्रावस्ती इकौना। विकासखंड की ग्राम पंचायत मलौना खसियारी में बीते 14 मई 2026 को राप्ती नदी में डूबने से दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस हादसे में शिवांश यादव पुत्र विजय बहादुर यादव तथा विकास यादव पुत्र सत्यनारायण यादव का असामयिक निधन हो गया था। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई थी और दोनों परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। सोमवार को तहसील इकौना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक पंडित रामफेरन पाण्डेय ने मुख्यमंत्री राहत कोष से स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि के चेक पीड़ित परिवारों को प्रदान किए। विधायक ने दोनों दिवंगतों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा और उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार संकट की घड़ी में हर जरूरतमंद परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार के लिए अपने प्रियजन को खोना अपूरणीय क्षति होती है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है, लेकिन सरकार की ओर से दी जाने वाली सहायता राशि से परिवारों को कुछ राहत अवश्य मिलेगी। चेक प्राप्त करने के दौरान परिजनों की आंखें नम हो गईं। उपस्थित लोगों ने दिवंगत युवकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों की भी मौजूदगी रही। क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री राहत कोष से मिली सहायता के लिए सरकार और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवारों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। यह सहायता पीड़ित परिवारों के लिए कठिन समय में एक महत्वपूर्ण संबल साबित होगी। इस अवसर पर बृजेश दुबे, एसडीएम इकौना पीयूष जायसवाल सहित तमाम नागरिक उपस्थित रहे

एसएसपी ने सुनीं फरियादी

सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन/जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान फरियादियों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। जनसुनवाई में कुल 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 3 भूमि विवाद, 3 मारपीट तथा 9 अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें शामिल रहीं। एसएसपी ने सभी शिकायतों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

गैरकानूनी वसूली पर सरकार लगाये फौरन रोक : प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने प्रदेश में पावर कारपोरेशन द्वारा बिजली उपभोक्ताओं से दस प्रतिशत ईधर अधिभार शुल्क वसूली को लेकर विद्युत नियामक आयोग के उठाए गए सवाल पर सरकार से जबाबदेही तय करने को कहा है। उन्होने कहा कि विद्युत नियामक आयोग ने माह जून 2026 में प्रदेश के तीन करोड़ तिहत्तर लाख सभी श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं से दस प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज वसूलने को आयोग द्वारा भी गैरकानूनी करार देने पर सरकार एवं पावर कारपोरेशन की घेराबंदी की है। राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश के पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रमोद तिवारी ने कहा कि आयोग द्वारा पावर कारपोरेशन द्वारा जारी आदेश को नियामकीय प्राविधानों के विपरीत बताते हुए गंभीर सवाल उठाए है। उन्होने कहा कि आयोग द्वारा एक सप्ताह में विस्तृत जवाब तलबी के फरमान से यह स्पष्ट हो गया है कि पावर कारपोरेशन ने ईंधन अधिभार शुल्क के एवज में बिजली उपभोक्ताओं से सोलह सौ करोड़ रुपए वसूलने का चिंताजनक प्रयास किया है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि फ्यूल सरचार्ज के नाम पर अतिरिक्त बिजली का बिल वसूलने को लेकर विपक्ष ने कड़ा विरोध किया था। उन्होने कहा कि विद्युत नियामक आयोग द्वारा भी इसे नियमों और गाइडलाइन के विपरीत करार दिये जाने से यह साबित हुआ है कि फ्यूल सरचार्ज वसूलने का आदेश नियमकीय प्राविधानों के पूरी तरह विपरीत है। उन्होने कहा कि बिजली खरीद लागत के साथ साथ पावर कारपोरेशन द्वारा चालाकीपूर्ण ढंग से चौदह सौ करोड़ पुराने बकाया, गांवों व पूर्व अवधि की देनदारियों को भी जोड़ दिया गया है। उन्होने कहा कि यह पूरी तरीके से कानून और नियामकीय व्यवस्था के विपरीत है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि विद्युत नियामक आयोग ने जिस अवैध वसूली को नियमों के विपरीत माना है उसे सरकार को अब स्थगित न करते हुए पूरी तरह से रोक लगाए।

पूर्वोत्तर रेलवे

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं0 1:- ई-निविदा सूचना सं0 एवं निविदा कार्य का विवरण: टेण्डर नं.- "05-जीकेपी-एमडब्लूएस-2026-27" "कन्वर्जन आफ कन्वेन्शनल आईसीएफ कोचेज टू ऑटोमोबाईल कैरियर ब्रेक वैन क्वान्टिटी 15 नम्बर्स कोचेज सैंक्संड अंडर पीएच-21 वाईड आरएसपी (बीओ) डब्ल्यूबी आइटम नंबर-797/25-26 - एलोकेशन -कैप फार जीकेपीएस/एनईआर" अनुमानित लागत (रू0में): ₹2,10,45,000.00, धरोहर राशि (रू0में): ₹4,20,900.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य:-रू शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: 23.06.2026, 11.00 बजे, संविदा की अवधि: 12 माह।

उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखे।

उप मुख्य यांत्रिक इंजी./कार्य, यांत्रिक मुजाधि/यांत्रिक-31 कारखाना, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

जगह- जगह शरबत वितरण का हुआ आयोजन, पूजे गये महावीर बजरंगी

प्रतापगढ़। पुरुषोत्तम माह के मंगलवार को जगह जगह राहगीरों को भीषण गर्मी में शरबत वितरण से राहत महसूस हुई देखी गयी। तहसील परिसर में मद मदनेश्वर हनुमान जी मंदिर पर आरती एवं पूजन के बाद अधिवक्ताओं ने शरबत वितरण किया। यहां फरियादियों के साथ अधिवक्ताओं तथा कर्मचारियों को संयोजक दीपेन्द्र तिवारी तथा अधिवक्ता प्रदीप मिश्र ने साथियों के साथ भगवान बजरंग बली की आरती उतारी। इस मौके पर अरविन्द पाण्डेय, अजय यादव, राजीव पाण्डेय, प्रमोद सरोज, चैतन्य मिश्र, अरविंद दुबे, सुनील गौतम, शैलेष मिश्र, प्रवीण यादव, अर्जुन शुक्ल आदि रहे। वहीं बाजार में समाजसेवी डा0 पुरुषोत्तम शुक्ल एवं दयावती शुक्ला के संयोजन में भी राहगीरों को शरबत के साथ प्रसाद वितरित किया गया। यहां सभासद धर्मपाल गौतम, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, दिनकर शुक्ल, नीरज यादव आदि रहे। वहीं श्रीहनुमत निकेतन धाम पर भी युवा व्यापारियों के समूह द्वारा लोगों को शरबत पिलाया गया। व्यवस्थापक ब्रजघोष ओझा के संयोजन में भगवान बजरंगबली के फूलों के श्रृंगार को श्रद्धालु मंत्रमुग्ध निहारते दिखे। कस्बे में अरविन्द सिंह, सुनील सिंह मोनू के संयोजन में भी मंगलवार को शरबत वितरण हुआ।

किसान सम्मेलन आयोजित

सिद्धार्थनगर। जिले के विकास खंड बर्डपुर सभागार में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. की अध्यक्षता में कालानमक (बुद्धा राइस) किसान सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों, एफपीओ प्रतिनिधियों एवं कृषि विशेषज्ञों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि कालानमक चावल जनपद का एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) है तथा बर्डपुर क्षेत्र में इसका सर्वाधिक और उच्च गुणवत्ता वाला उत्पादन होता है। उन्होंने किसानों को कालानमक धान की खेती बढ़ाने, जैविक उर्वरकों के उपयोग, गुणवत्ता बनाए रखने तथा मिलावट से बचने की अपील की। साथ ही उत्पादन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और निर्यात पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि कालानमक चावल की प्रोसेसिंग के लिए खेसरहा में कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) स्थापित किया गया है, जिससे किसानों को बेहतर बाजार और उचित मूल्य मिलेगा। सम्मेलन के दौरान कृषि विभाग द्वारा किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया तथा कई किसानों को कालानमक धान के बीज वितरित किए गए। कृषि विज्ञान केंद्र सोहना के वैज्ञानिकों ने किसानों को बीज शोधन, नर्सरी प्रबंधन, रोग नियंत्रण एवं पोषक तत्व प्रबंधन की जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं तथा बड़ी संख्या में किसानों की सहभागिता रही।

उत्तर रेलवे

ई- ऑक्शन सुचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

एडमिन यूनिट / जोन	Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway
नीलामी सूचि स०	MKG-SMU
कार्य का विवरण	Allotment of catering Stall at MKG Station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years.
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	27-05-2026
नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लाट)	13-06-2026 at 11:00 hrs
नीलामी बंद करने की तिथि व समय	13-06-2026 at 11:30 hrs
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

SN	Station	Lot No.	Stall ID	Close Date/Time	Quota	Sub Quota
1	MANAK NAGAR	Catg-LKO-MKG-SMU-93-24-1	MKG/PF-1/41/ADDL	13-06-2026 at 11:30 hrs	SMU	SC(WOMEN)

No: C-285-Letter of award /E-auction/2024/JSM Dt:-02-05-2026 1864/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

वाटर स्पोर्ट्स का बेहतरीन केंद्र बनेगा चिलुआताल :सीएम

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारों में जहां ताल-पोखरों पर कब्जा होता था, ताल-पोखरों को अपनी बपौती समझकर कुछ लोग इस पर हवेली बनवा लेते थे। जिन ताल-पोखरों पर कब्जा नहीं हुआ तो वे गंदगी और अपराध के गढ़ बन जाते थे। भाजपा की वर्तमान डबल इंजन सरकार ताल-पोखरों पर कब्जा नहीं होने देती बल्कि प्रकृति संरक्षण के दायित्वों का निर्वहन करती है।

उन्हें बेहतरीन पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित कर समाज को प्राकृतिक वातावरण में आनंदित होने का मंच देती है। सीएम योगी मंगलवार शाम गोरखपुर के उत्तरी छोर पर स्थित प्राकृतिक झील चिलुआताल के पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।20 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निखारे गए इस पर्यटन स्थल को जनता को समर्पित करने के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चिलुआताल पर्यटन विकास परियोजना के अगले चरणों में चिलुआताल को रामगढ़ताल की तर्ज पर ईको टूरिज्म और वाटर स्पोर्ट्स के बेहतरीन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

सीएम योगी ने कहा कि अच्छी सरकारें, अच्छी चीजें लेकर आती हैं। उन्होंने बताया कि चिलुआताल में कोल इंडिया लिमिटेड के साथ मिलकर फ्लोटिंग सोलर प्लांट लगाने की कार्यवाही को आगे बढाया जा रहा है।इससे चिलुआताल में 20 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा। पूरे शहर की बिजली आपूर्ति यहां से संभव हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा थर्मल एनर्जी से कार्बन उत्सर्जन होता है जबकि सोलर एनर्जी ग्रीन एनर्जी होती है। इससे किसी तरह का कार्बन उत्सर्जन नहीं होता।

चिलुआताल में लगने वाला फ्लोटिंग सोलर प्लांट नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी सहयोग करेगा। सीएम योगी ने कहा अभी तक गोरखपुर में ईको टूरिज्म का प्रमुख केंद्र रामगढ़ताल ही था। पर, उसमें ड्रेनेज का पानी जाता था। रामगढ़ताल की सफाई कराई गई, ताल को डिसिल्ट किया गया। वहां आज भी पानी ट्रीटमेंट के बाद ही जाता है। यानी रामगढ़ताल का पानी पूरी तरह नेचुरल नहीं है। जबकि चिलुआताल का पानी नेचुरल है जो जंगलों से होकर आता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि खाद कारखाने के निर्माण में चिलुआताल को डिसिल्ट कर यहां से पानी दिया गया। सिल्ट का उपयोग निचले इलाकों के भराव में किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामगढ़ताल की तरह चिलुआताल में भी वाटर स्पोर्ट्स की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले रामगढ़ताल में नेशनल जूनियर रोइंग चैंपियनशिप का सफल आयोजन हुआ। इसमें 22 राज्यों के 200 से अधिक खिलाड़ी आए। सबने रामगढ़ताल की खूब सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब जब लोग चिलुआताल को देखेंगे तो यह और भी अच्छा लगेगा। उन्होंने चिलुआताल के प्राकृतिक वातावरण की तारीफ करते हुए कहा कि चिलुआताल के किनारे लहरों से होकर आ रही हवा तापमान को कम कर सुखद एहसास करा रही है। यहां पर लोग परिवार के साथ आकर आनंद के साथ घूम सकते हैं। स्वास्थ्य का लाभ ले सकते हैं। यहां न प्रदूषण है और न ही किसी प्रकार की अव्यवस्था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छे सिटी डवपलमेंन्ट प्लान से लोगों के मन में शहर की अच्छी धारणा बनती है। उन्होंने कहा कि हमें गोरखपुर को सेफ और स्मार्ट सिटी के साथ ही सस्टेनेबल डेवलपमेंट वाली सिटी बनाना है। सीएम ने कहा कि विकास की प्रक्रिया सतत आगे बढ़ती रहेगी लेकिन इसके संरक्षण की जिम्मेदारी नागरिकों की है। उन्होंने विकास के संरक्षण करने, सार्वजनिक संपति का नुकसान न करने, सार्वजनिक संपति का नुकसान करने वालों को जेल भेजवाने और गंदगी न करने की अपील की। साथ ही रामगढ़ताल की सफाई के दौरान 56 बोरा प्लास्टिक मिलने का जिक्र करते हुए आह्वान किया कि गोरखपुर को प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ-सुंदर शहर बनाने का संकल्प लेना होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा कार्यकताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के सफलतम कार्यकाल के उपलक्ष्य में विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से लेकर विश्व योग दिवस 21 जून तक स्वच्छता, पौधरोपण और योग शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 5 जून को महानगर के 2 मंडल सांसद और ग्रामीण विधायक के नेतृत्व में रामगढ़ताल और 5 मंडल चिलुआताल के किनारे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण का वृहद अभियान चलाएं। इसके पहले चार जून को स्वच्छता का वृहद अभियान चलाया जाए। 21 जून को विश्व योग दिवस पर करो योग रो निरोग के संकल्प के साथ रामगढ़ताल और चिलुआताल पर विशाल योग शिविरों का आयोजन किया जाए।

सीएम ने कहा कि 31 वर्ष तक गोरखपुर का खाद कारखाना बंद पड़ा था। यहां एसएसबी नहीं होती तो कारखाने का स्क्रैप भी नहीं बचता। उन्होंने कहा कि आज खाद कारखाना शुरू हो गया है। यहां एसएसबी भी है, केंद्रीय विद्यालय भी है, सैनिक स्कूल खुल गया है और अब चिलुआताल का भी पर्यटन विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय के नए भवन के लिए धनराशि स्वीकृत कर दी गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चिलुआताल के पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों के लोकार्पण अवसर पर भ्रमण कर घाट/नौका विहार का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने घाट परिसर में हरिशंकरी (पीपल, बरगद, पाकड़) का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। चिलुआताल पर्यटन विकास परियोजना का लोकार्पण करने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चिलुआताल के समीप निमार्णाधीन भजन संध्या स्थल का भी जायजा लिया। 12.95 करोड़ रुपये की इस परियोजना को अगस्त 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शिता बेमिसाल है। उनके विजन से गोरखपुर खूबसूरत चित्र सा निखर गया है। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में गोरखपुर विकास के लिहाज से पूरे देश मे नजीर पेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ताल के बाद अब चिलुआताल घाट भी फिल्मों की शूटिंग का केंद्र बनेगा। सांसद रविकिशन ने चिलुआताल पर लिखा अपना एक गीत भी सुनाया। वही लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में गोरखपुर का कोई भी कोना विकास से अछूता नहीं रह गया है। यह मुख्यमंत्री जी का ही विजन है कि उन्होंने उपेक्षित रहे चिलुआताल को खूबसूरत पर्यटन स्थल बनवा दिया।

कार्यक्रम में एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, भाजपा के महानगर अध्यक्ष रमेश प्रताप गुप्ता, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

संक्षेप

डीएम ने किया कोटा निरस्त

उन्नाव। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जनपद में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से राशन वितरण में पाई गई गंभीर अनियमितताओं पर कड़ी कार्रवाई करते हुए राम शंकर उचित दर विक्रेता ग्राम सभा कुतुबपुर विकास खण्ड सुमेरपुर तहसील बीघापुर की (राशन दुकान) का अनुज्ञापत्र (लाइसेंस) निरस्त कर दिया है। जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी बीघापुर व जिला पूर्ति अधिकारी की जांच में वितरण रजिस्टर, प्रारूप क, ख, वितरण प्रमाण पत्र, एवं स्टॉक रजिस्टर, उपलब्ध कराए जाने के निर्देश के बावजूद उपलब्ध न कराए जाने सहित रिपोर्ट में राशन वितरण में अनियमितता, पात्र लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध न कराए जाने तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर यह कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि राशन में कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा है खाद्यान्न वितरण में कार्ड धारकों को कोई भी असुविधा न हो अन्यथा अनुमन्य धाराओं में कठोर कार्रवाई की जाएगी। कहा है कि जनपद के सभी कार्ड धारकों को शासन द्वारा अनुमन्य राशन पारदर्शी तरीके से मिलना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाया जाए एवं शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए।

डीएम ने 5 अपराधियों को जिला बदर किया

उन्नाव। जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट ने उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत पॉक्सो एक्ट,323,325 ,504,506 सहित अन्य गंभीर धाराओं में पंजीकृत अपराधियों पर कार्यवाही करते हुए जिला बदर किया। जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट घश्याम मीना ने जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश से गंभीर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए उन्हें जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत पॉक्सो एक्ट, 323, 325, 504, 506 सहित अन्य गंभीर धाराओं में पंजीकृत अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए संबंधित अपराधियों को निर्धारित अवधि के लिए जनपद एवं उससे सटे जनपदों की सीमाओं से बाहर रहने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा है आदेश का उल्लंघन किए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

श्री रामचन्द्र नारायण शिक्षण एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय
माधवपुर, बौरा जगदीशपुर, जनपद सुलतानपुर (उ.प्र.)

(कॉलेज कोड- 688)

निम्न विषयों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।

1. स्नातक स्तर (विज्ञान संकाय)-भौतिक विज्ञान-01 पद, गणित -01 पद, रसायन विज्ञान-01 पद, जन्तु विज्ञान-01 पद, वनस्पति विज्ञान-01 पद।

2. स्नातक स्तर (कला संकाय)-गृह विज्ञान-01 पद, प्राचीन इतिहास- 01 पद, राजनीति शास्त्र-01 पद।

3. परास्नातक स्तर (कला संकाय)-भूगोल-02 पद, समाजशास्त्र-02 पद।

4. परास्नातक स्तर (विज्ञान संकाय)-जन्तु विज्ञान-02 पद, रसायन विज्ञान-02 पद।

अहर्ता वेतन :- विश्वविद्यालय/यूजीसी/एनसीटीई की परिनियमावली के अनुसार देय होगा।

इच्छुक योग्य एवं अनुभवी प्रवक्ता अपना आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छाया प्रति व फोटो के साथ 15 दिन के महाविद्यालय के पते पर भेजें ।

हरिश्चन्द्र सिंह
प्रबंधक
श्री रामचन्द्र नारायण शिक्षण एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय
माधवपुर
बौरा जगदीशपुर, सुलतानपुर (उ.प्र.)
मो. 8449555000

शिवनाथ वर्मा स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवनगर (खानपुर पिलाई) सुलतानपुर।

आवश्यकता है-

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत महाविद्यालय में निम्नानुसार प्रवक्ताओं की-
स्नातक (विज्ञान संकाय):भौतिक विज्ञान, गणित, प्रत्येक में एक-एक पद।
स्नातक (कला संकाय) : अंग्रेजी राजनीतिविज्ञान, मनोविज्ञान प्रत्येक में एक-एक पद।

परास्नातक (कला संकाय):	हिन्दी	-03 पद
	गृहविज्ञान	-03 पद
	समाजशास्त्र	-03 पद
बी0एड् (प्रवक्ता)	- 12 पद	
बी0एड् (प्रवक्ता संगीत)	- 01 पद	
बी0एड् (प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा)	- 1 पद	
बी0एड् (प्रवक्ता चित्रकला)	- 1 पद	

योग्यता/अर्हता, वेतनमान एवं अन्य सेवा शर्त-NCTE/ यू.जी.सी./राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली में वर्णित प्रावधानों के अनुसार होगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अंक पत्रों/प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ एवं यदि कोई अनुभव हो तो अनुभव प्रमाण पत्र के साथ अपना आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के भीतर पंजीकृत डाक अथवा स्वयं कार्यालय में जमा करें या ई-मेल आई.डी.-SNVMPGCOLLEGE@GMAIL.COM पर ई-मेल करें।

प्रबंधक
सीताराम वर्मा
मोबाइल नंबर- 9415137463

आरएसएस कार्यकर्ताओं ने गणवेश में पथसंचलन किया

उन्नाव। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत का संघ शिक्षा वर्ग प्रथम वर्ष पुरन नगर स्थित सरस्वती माध्यमिक विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जारी है। इस वर्ग में स्वयंसेवकों ने आरएसएस के गणवेश में पथ संचलन निकाला। 21 दिन तक चलने वाले इस वर्ग में स्वयंसेवकों ने आरएसएस के गणवेश में पथ संचलन निकाला। वर्ग में शामिल होने विभिन्न जिलों से पहुंचे स्वयंसेवक शिक्षार्थी पथ संचलन में शामिल हुए। हाथों में दंड, दिलों में राष्ट्रभक्ति का भाव संजोए सैनिकों की भांति कदम से कदम मिलाते हुए शिक्षार्थियों ने पथ संचलन से सामूहिक एकता, अनुशासन तथा राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया। पथ संचलन का शहर के नागरिकों, समाजिक संगठनों, संघ की शाखाओं द्वारा अलग-अलग स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। संचलन कब्बा खेड़ा होते हुए अम्बेडकर तिराहे पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में भाजपाइयों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भाजपाइयों ने स्वयंसेवकों का अभिवादन भी किया। संघ के घोष दल की मधुर ध्वनि, स्वयंसेवकों की राष्ट्रभक्ति, संगठन शक्ति, और अनुशासन का दर्शन सभी को रोमांचित कर रहा था। कदम से कदम मिलाते आगे बढ़ते शिक्षार्थियों को देखने शहर की जनता उमड़ पड़ी। मुख्य रूप से पूर्व राष्ट्रीय परिषद सदस्य आनंद अवस्थी, सदर विधायक पंकज गुप्ता, विधायक श्रीकांत कटियार, एम एल सी राम चन्द्र प्रधान, नवीन सिंह, अनिल कुशवाहा, आनंद अवस्थी, नूतन सिंह, मनीष जायसवाल, रजनीश वर्मा, विमल द्विवेदी, संजीव त्रिवेदी, प्रियंका शुक्ला, मीरा आर्या, मीडिया प्रभारी विजय द्विवेदी, मोनिका सिन्हा सभासद, सुरुचि अग्निहोत्री, श्रद्धा बाजपेयी, अध्यक्ष अवनीश गुप्ता, अनूप त्रिवेदी, सचिन त्रिपाठी सहित अन्य भाजपाई मौजूद रहे।

परिवहन विभाग ने बंद किये 11 डंपर



उन्नाव। जिलाधिकारी घश्याम मीना के निर्देश पर दुर्घटनाओ में कमी लाये जाने हेतु सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी संजीव कुमार द्वारा वाहनों पर गंभीर कार्यवाही की गई। इस अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा जनपद में टास्कफोर्स बनाते हुए सड़को पर संचालित ओवरलोड वाहन, बॉडी को बढ़वा कर, बिना नम्बर प्लेट बिना रिफ्लेक्टर, प्रेशर हार्न लगाकर, रॉन्ग साईड चलने, माल वाहनो में सवारी बैठाने के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। अवैध खनन एवं परिवहन की जांच हेतु बनाई गयी टास्कफोर्स द्वारा हसनगंज, नवाबगंज, पुरवा, मौरांवा एवं बिहार क्षेत्र के आस-पास सघन अभियान चलाया गया। उपरोक्तानुसार कार्यवाही करते हुए ओवरलोड एवं अन्य अभियोगो में संचालित 11 डम्परो को बन्द किया गया एवं 19 का चालान किया गया। बिना हेल्मेट के मोटर साईकिल संचालन में 41 चालान, बिना सीटबेल्ट लगाये संचालित कर रहे वाहनों के 23 चालान, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन प्रयोग करने में 4 चालान, रॉन्ग साईड चलने वाले वाहनों के विरूद्ध 4 चालान 1 बन्द एवं माल वाहनो में सवारी बैठाने में 1 चालान 1 बन्द करने की कड़ी कार्यवाही की गयी। उपरोक्त चालको के लाइसेन्स भी निलम्बन हेतु सम्बन्धित लाइसेंसिंग अथारिटी को भेजे गये है।

सीएम करेंगे फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण

गीडा में आज देंगे 208 करोड़ की सौगात

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार (3 जून) को गीडा के सेक्टर-13 में 42.50 करोड़ रुपये की लागत से बने प्रदेश के दूसरे फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर वह गीडा के विभिन्न सेक्टर्स के लिए करीब 208 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात भी देंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री, गीडा में सेवायोजित कामगारों के लिए ईडब्ल्यूएस-एलआईजी आवासीय परिसर का भी उद्घाटन करेंगे।

गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) क्षेत्र में बड़े उद्योगों के साथ एमएसएमई यूनिट्स को आगे बढ़ाने के लिए सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, सेक्टर-13 में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया है। कानपुर के बाद यह प्रदेश का दूसरा निर्मित फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स है। प्लग एंड प्ले मॉडल वाले इस फ्लैटेड फैक्ट्री के जरिये लघु एवं मध्यम उद्यम की नई श्रृंखला तैयार होगी। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक के अनुसार करीब 2.68 एकड़ परिसर वाले फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स में इंडस्ट्रियल ब्लॉक और यूटिलिटी ब्लॉक का निर्माण कराया गया है।

इंडस्ट्रियल ब्लॉक (जी+3) में 80 यूनिट्स के लिए प्रति यूनिट का क्षेत्रफल 97.51 वर्गमीटर एवं एमिनिटी / यूटीलिटी ब्लॉक (जी+1) में 42 यूनिट्स हेतु, प्रति यूनिट का क्षेत्रफल 20.89 वर्गमीटर है। इंडस्ट्रियल ब्लॉक में एमएसएमई की यूनिट्स प्लग एंड प्ले मॉडल पर लगेंगी। हर तरह की सुविधा पहले से मौजूद होने से कोई भी उद्यमी आवंटन के बाद यहां आकर सीधे कार्य प्रारंभ कर सकेगा। यूटिलिटी ब्लॉक में बैंक, गोदाम, सेल्स शोरूम आदि के लिए स्थान आवंटित किया जाएगा। फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स में प्लग एंड प्ले सुविधा के साथ अन्य कई मूलभूत और उद्योग अनुकूल सुविधाएं उपलब्ध करायी गई हैं। फ्लैटेड फैक्ट्री से प्रत्यक्ष रुप से करीब 1000 लोगों को रोजगार प्राप्त हो सकेगा।

राहगीरों में वितरित किया शीतल जल

गोला, गोरखपुर। उपनगर के पश्चिमी चौराहे पर मंगलवार को सेठ लक्ष्मी प्रसाद सेवा ट्रस्ट एवं लक्ष्मी प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल द्वारा ज्येष्ठ माह के पांचवे बड़े मंगलवार के उपलक्ष्य में भीषण गर्मी में पथिकों को राहत दिलाने को लेकर एक विशाल निशुल्क शीतल जल पेय (शिविर) का आयोजन किया गया। जहा आने जाने वाले सैकड़ों पथिकों को बोतल बंद ठंडा और स्वच्छ जल पिलाकर उनकी प्यास बुझाई गई। इस अवसर पर सभासद श्रवण कुमार वर्मा डा रवि वर्मा शुभम स्वर्णकार सूरज जायसवाल किशन वर्मा तथा स्कूल के शिवशंकर पंडित सुशील शुक्ला राहुल चन्द शुभम मिश्रा अभिषेक यादव आकाश सिंह दिनेश मिश्रा राजेन्द्र राय विष्णु प्रजापति दीपक कन्नौजिया अखिलेश सिंह अमरेश चन्द मिहिर जिन्होंने इस पुण्य कार्य में अपना सक्रिय योगदान दिया।

भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

पाटन, उन्नाव। जेठ माह के पांचवें मंगलवार के अवसर पर तहसील बीघापुर क्षेत्र के पाटन एवं आसपास के गांवों में श्रद्धा और उत्साह के साथ भंडारे एवं शरबत वितरण का आयोजन किया गया। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसी क्रम में पाटन स्थित बाबा ब्रह्मदेव मेडिकल स्टोर पर श्रद्धालुओं के लिए शरबत वितरण का आयोजन किया गया। राहगीरों एवं भक्तों ने रुककर प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की। आयोजन में पवन सिंह, अतुल सिंह, अनुज सिंह, सोनू सिंह एवं आशु श्रीवास्तव सहित क्षेत्र के अनेक लोगों ने सहयोग प्रदान किया। पूरे दिन श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहा और धार्मिक वातावरण के बीच लोगों ने सेवा एवं भक्ति भाव का परिचय दिया।

फार्मर रजिस्ट्री कैंप में किसानों की समस्याओं का मौके पर हुआ निस्तारण

जसवंतनगर। जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील क्षेत्र में संचालित फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत मंगलवार को ग्राम धनुआ के घनश्यामपुरा, मलाजनी और नगरिया भाट में विशेष कैंप आयोजित किए गए। कैंपों में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने के साथ-साथ उनकी राजस्व संबंधी समस्याओं का भी मौके पर समाधान किया गया। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से किसानों को राहत मिली और उन्हें विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने से निजात मिली। घनश्यामपुरा में आयोजित कैंप का निरीक्षण करने पहुंचीं तहसीलदार नेहा सचान ने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। वहीं मलाजनी और नगरिया भाट में नव नियुक्त नायब तहसीलदार आकांक्षा मिश्रा तथा कानूनगो इन्द्रपाल ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान करीब एक दर्जन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कराई गई। कैंप के दौरान घनश्यामपुरा निवासी बृजेन्द्र सिंह पुत्र दत्त सिंह ने तहसीलदार को बताया कि उनके पिता के निधन के बाद अभी तक उनकी विरासत दर्ज नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि मृत्यु प्रमाण पत्र जारी न होने के कारण आवश्यक राजस्व कार्य लंबित पड़े हुए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार ने तत्काल संबंधित ग्राम सचिव से संपर्क कर नियमानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने के निर्देश दिए।

शेरनियों आशी-जया का मनाया गया दूसरा जन्मदिन

इटावा। सफारी पार्क में रविवार को खास उत्साह का माहौल देखने को मिला, जब शेरनी नीरजा और कान्हा की संतानों आशी और जया का दूसरा जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। दोनों अर्ध वयस्क शेरनियों के जन्मदिन पर सफारी पार्क प्रशासन और कर्मचारियों ने खुशी जताई। उक्त जानकारी सफारी निदेशक डा. अनिल पटेल ने दी है। सफारी पार्क प्रशासन के अनुसार शेरनी नीरजा ने तीन शावकों को जन्म दिया था। जन्म के बाद नीरजा ने अपने शावकों की देखभाल नहीं की, जिसके चलते सफारी पार्क के कीपर अजय और आसिफ ने उनकी हैंड रियरिंग की जिम्मेदारी संभाली। जन्म के दूसरे हफ्ते में एक शावक की असामयिक मृत्यु हो गई थी, लेकिन बाकी दोनों शावक आशी और जया को सफलतापूर्वक पाला गया। उपनिदेशक डॉ. विनय कुमार सिंह व वन क्षेत्राधिकारी रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वा अब अपना पूरा आहार ले रहा है, पर्याप्त मात्रा में पानी पी रहा है और पहले की तरह पूरी तरह सक्रिय हो गया है। उसके स्वास्थ्य में सुधार से सफारी पार्क प्रशासन और वन्यजीव प्रेमियों ने राहत की सांस ली है। आशी और जया के जन्मदिन के उत्सव तथा विश्वा के स्वस्थ होने की खबर ने इटावा सफारी पार्क में खुशियों का माहौल बना दिया है। वन्यजीव संरक्षण और देखभाल के क्षेत्र में सफारी पार्क की यह सफलता एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

ट्रेन से कटकर महिला की मौत,2 साल के बच्चे की हालत गंभीर

इटावा। भरथना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया। भरथना रेलवे स्टेशन के समीप ग्राम घमुरियां के पास से गुजर रही डीएफसीसी रेलवे लाइन पर रात करीब डेढ़ बजे एक अज्ञात महिला ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। महिला के साथ मौजूद उसका लगभग दो वर्षीय बच्चा भी हादसे का शिकार हो गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। महिला के शव को शव गृह में रखवा दिया गया है। मासूम का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस महिला और बच्चे की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। हादसा भरथना-पाली खुर्द रोड स्थित डीएफसी रेलवे अंडरब्रिज के पास हुआ। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि महिला ने आत्महत्या का प्रयास किया था या फिर किसी कारणवश ट्रेन की चपेट में आ गई। घटना के पीछे की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। भरथना थाना पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति इस महिला को पहचानता हो या उसके बारे में कोई जानकारी रखता हो तो तत्काल भरथना थाना पुलिस से संपर्क करे, जिससे मृतका की पहचान कर उसके परिजनों को सूचना दी जा सके।

खुद को अविवाहित बताकर बनाया युवती से संबंध

जसवंतनगर। नगर क्षेत्र के रामलीला रोड निवासी एक युवती ने स्थानीय युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने, धोखाधड़ी करने, धमकी देने तथा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार फक्कड़पुरा निवासी कृष्णा कुमार पुत्र श्याम सुंदर ने स्वयं को अविवाहित बताकर उससे प्रेम संबंध स्थापित किए और शादी का भरोसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। बाद में उसे जानकारी मिली कि आरोपी पहले से विवाहित है। इस बात का पता चलने पर उसने आरोपी से दूरी बना ली, जिससे नाराज होकर आरोपी ने उसके भाई समेत पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। तहरीर में बताया गया है कि 28 मई को वह दयाल लाइब्रेरी के पास पढ़ने जा रही थी, तभी आरोपी मोटरसाइकिल से वहां पहुंच गया और शादी के लिए दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर उसने कथित रूप से गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया।

वाहन की टक्कर से छह लोग घायल

इटावा। इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत दोपहर को हुई सड़क दुर्घटना के दौरान आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को सरनाम सिंह नामक युवक जिला अस्पताल इलाज के लिए लाया। बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी खुर्द निवासी देवेश पुत्र भुवनेश उम्र 7 वर्ष, माही पुत्री भुवनेश उम्र 3 साल, चाहत पुत्री भुवनेश तीन साल, भुवनेश पुत्र रामखिलाड़ी उम्र 30 साल, जनकदुलारी पत्नी नाथूराम उम्र 75, गीता देवी पत्नी भुवनेश 28 साल सहित थाना इकदिल चितभवन के पास वाहन की टक्कर लगने से घायल हो गया। सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया।

एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया

इटावा। नगर पालिका परिषद व आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में वार्ड नं 2, शिवनारायण की मड़ैया स्थित एमआरएफ सेंटर सुपरवाइजर सुनील कुमार के साथ आईटीसी से सुजीत कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य प्रोसेसिंग सुचारू रूप से संचालित पाया गया। गीले कचरे से पिट कम्पोस्ट के माध्यम से खाद तैयार की जा रही है। साथ ही कम्युनिटी कम्पोस्टर की भी जांच की गई, जिसमें खाद बनकर तैयार हो चुकी है। अतः उसे खाली कर अगले चक्र हेतु तैयार करने के निर्देश दिए गए।

घटना की झूठी सूचना देने पर कार्रवाई

इटावा। पुलिस की प्रभावी विवेचना से निर्दोष को झूठे आरोपों से बचाया गया, जेवर हड़पने की नीयत से पुलिस को भ्रमित करने तथा निर्दोष व्यक्तियों को फंसाने की साजिश रचने वाले अभियुक्त को पुलिस द्वारा किया गिरफ्तार। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण एवं साक्ष्यों के आधार पर पुलिस की प्रभावी कार्यवाही। क्षेत्राधिकारी जसवन्तनगर के नेतृत्व में थाना बढ़पुरा पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र कुमार मिश्र थाना बढ़पुरा ने बताया कि 1 जून को वादी रामपाल पुत्र करोड़ी निवासी गाती थाना बढ़पुरा द्वारा सूचना दी गयी कि वादी की बेटी का शादी में चढ़ाया गया जेवर उसके अपने दामाद अभिषेक पुत्र संजीव व अभिषेक के चाचा विजय पुत्र रामप्रकाश निवासी देशरमऊ थाना फ्रेंड्स कॉलोनी द्वारा हड़प लिया गया है। सूचना के आधार पर थाना बढ़पुरा पर मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना बढ़पुरा पुलिस को घटना के अनावरण, जांच के निर्देश दिए गये। विवेचना के दौरान संकलित तकनीकी एवं अन्य साक्ष्यों के विश्लेषण से वादी द्वारा बताये गये घटनाक्रम की पुष्टि नहीं हुई। वादी रामपाल द्वारा योजनाबद्ध तरीके से नामजद व्यक्तियों को झूठे अभियोग में फंसाने के उद्देश्य से झूठी सूचना दी गयी थी।

संक्षेप

एसपी ने सात पुलिसकर्मी को किया निलंबित

लखीमपुर खीरी। मंगलवार को एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे 7 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबित होने वालों में थाना पसगवां के एसआई कमला प्रसाद सरोज, ईसानगर के एसआई अनिल वर्मा, मोहम्मदी के हेड कांस्टेबल पुरुषोत्तम सिंह, यातायात शाखा के हेड कांस्टेबल संतोष कुमार, हैदराबाद के कांस्टेबल शैलेन्द्र, शारदानगर के कांस्टेबल आशुतोष रावत और साइबर थाने की महिला कांस्टेबल चंचल शामिल हैं। सभी एक माह या अधिक समय से अनुपस्थित थे। एसएसपी ने सभी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

दलित बच्ची को घर से उठा ले जाने में तीन के खिलाफ केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दलित बच्ची को विशेष समुदाय के युवकों द्वारा घर से निकाल कर अपने साथ लेकर चले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर दो नामित आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया उसकी पुत्री सोमवार की रात 1:30 बजे करीब घर पर सो रही थी तभी गांव के सहील, सवील, और सहीम तीनों सगे भाइयों ने एक राय होकर दीवाल के सहारे घर में घुसकर उसकी सो रही पुत्री को जबरन उठा ले गए चीख पुकार मचाने पर जान से मार डालने की धमकी देकर चले गए। घटना से दहशत फैल गई सुबह होते ही समुदाय के लोगों ने इकट्ठा होकर कोतवाली पहुंच गए और हंगामा करने लगे पुलिस ने मामले में तीनों नामित आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। निरीक्षक उमेश चौरसिया ने बताया अपहर्ता की सकुशल बरामदगी के लिए चार पुलिस टीम में लगाई गई हैं सर्विलेंस की मदद ली जा रही है। सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया मामला संवेदनशील है गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है अपहर्ता को सकुशल बरामद करने के लिए संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। लखीमपुर-मोहम्मदी मार्ग पर मंगलवार को एक अज्ञात वाहन की चपेट में 22 वर्षीय युवक घायल हो गया। घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर जिले के खुटार थाना क्षेत्र के ग्राम नवदिया निवासी रवि पुत्र जमुनादीन मंगलवार दोपहर करीब दो बजे लखीमपुर-मोहम्मदी मार्ग पर पैदल जा रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद 108 एम्बुलेंस घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि मृतक रवि अपने भाई राहुल के साथ कुंभी क्षेत्र स्थित एक निर्माणाधीन फैक्ट्री में मजदूरी करता था। दोनों भाई रोजगार के सिलसिले में क्षेत्र में रहकर कार्य कर रहे थे। रवि की असामयिक मौत से परिवार गहरे सदमे में है।

ग्राम पंचायतों में हुए भुगतान की जांच करने पहुंचे सीडीओ

जिला संवाददाता(vol)

- **संसारपुर में अनियमितताओं का खुलासा, कार्यों में मिली गड़बड़ी सचिव सस्पेंड, होगी रिकवरी**

लखीमपुर खीरी। ग्राम प्रधानों के कार्यकाल की समाप्ति से ठीक पहले ग्राम पंचायतों में हुए भारी भुगतान अब जांच के दायरे में आ गए हैं। सीडीओ अभिषेक कुमार ने मई माह में हुए भुगतान की रिपोर्ट निकलवाकर जांच शुरू की तो कई पंचायतें रडार पर आ गईं। इसी कड़ी में वह मंगलवार को ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत संसारपुर पहुंचे, जहां निरीक्षण के दौरान अनियमितताओं की परतें खुलती चली गईं। रिपोर्ट के मुताबिक मई माह में संसारपुर ग्राम पंचायत से 32.13 लाख रुपये का भुगतान किया गया। जांच में प्रकाश में आया कि आधे अधूरे कामों का आनन फानन में भुगतान किया गया। मौके पर जांच के दौरान 5.81 लाख रुपये की लागत से कराए गए मरम्मत कार्यों में गंभीर खामियां सामने आईं। देखे गये सभी कार्यों की गुणवत्ता बेहद निम्न स्तर की मिली और खर्च की गई धनराशि पर भी सवाल खड़े हो गए। सीडीओ ने मौके से निर्माण सामग्री के नमूने एकत्र कराकर लैब परीक्षण के लिए भेज दिए। निरीक्षण में प्रथम दृष्टया भुगतान और कार्यों में गड़बड़ी पाए जाने पर ग्राम पंचायत सचिव राकेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। साथ ही तकनीकी टीम गठित कर पूरे भुगतान और कार्यों की विस्तृत जांच के आदेश दिए गए हैं। सीडीओ ने स्पष्ट कहा कि जांच में जो भी धनराशि अनियमित रूप से खर्च पाई जाएगी, उसकी रिकवरी निकालकर संबंधित जिम्मेदारों से वसूली भी सुनिश्चित कराई जाएगी। इसके बाद सीडीओ अभिषेक कुमार ग्राम पंचायत ग्रांट डोटपुर पहुंचे। यहां विकास कार्यों की गुणवत्ता संतोषजनक मिली, लेकिन ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति बाधित होने और पाइपलाइन लीकेज की समस्या बताई। इस पर सीडीओ ने जल निगम अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। वहीं गांव में स्वच्छता व्यवस्था और साफ-सफाई बेहतर करने के लिए डीपीआरओ को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि पंचायतों में हुए कार्यों और भुगतानों की जांच का अभियान लगातार जारी रहेगा। सरकारी धन के दुरुपयोग और गुणवत्ता से समझौता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विधायक के प्रयास से मिली सड़क बनने की मंजूरी

पसगवां खीरी। खीरी जनपद के ब्लॉक पसगवां के अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों के ग्रामीणों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है।

अजबापुर से मुल्लापुर, पतवन, भौनापुर, बरबर होते हुए नेशनल हाइवे 730 तक जाने वाली सड़क को निर्माण के लिए मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह के अथक प्रयास से दूसरी बार सरकार से मंजूरी मिल गई है। बताया जा रहा की यह सड़क सालों से खराब पड़ी है जो री-एस्टीमेट (पुनर्मूल्यांकन) की प्रक्रिया में उलझकर भारत सरकार के पास लंबित हो गई थी, जिसकी वजह से इसका निर्माण कार्य फंसा हुआ था। सड़क की खस्ताहाली और काम रुक जाने के कारण इस पूरे रूट पर आने-जाने वाले क्षेत्र के हजारों लोगों और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिसे दोबारा स्वीकृति करा लिया गया है। विधायक के इस प्रयास से सड़क की दोबारा मंजूरी की खबर मिलते ही पसगवां ब्लॉक के अजबापुर, मुल्लापुर, पतवन, भौनापुर और बरबर क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग के बनने से न सिर्फ उनका सफर आसान होगा, बल्कि क्षेत्र के विकास की राह भी आसान होगी।

फिजियोथेरेपी करते समय सोने के कंगन निकाले वाले धरे गये

लखीमपुर खीरी। शहर के मोहल्ला कपूरथला में एक बुजुर्ग महिला की फिजियोथेरेपी करने गए युवक और युवती ने उनका सोने का कंगन निकाल लिए। महिला को नकली कंगन पहना दिया गया। अगले दिन ही महिला को पता

चला गया। उसकी बेटी नीता ने फिजियोथेरेपी करने आए अभिषेक निवासी ईदगाह और चाहत निवासी गोटैय्याबाग के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लिया। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने महिला का कंगन 1.20 लाख में राजदीप ज्वैलर्स सराफा बाजार संकटा देवी रोड को बेचा। पुलिस ने कंगन खरीदने वाले केशव गुप्ता को भी गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से चोरी का कंगन बरामद हुआ है। केशन राजदीप ज्वैलर्स के मालिक का रिश्तेदार है। पुलिस तीनों को जेल भेज रही है।

नवविवाहिता का फंदे पर लटका मिला शव

- **दो साल पहले हुई थी शादी, पति और ससुर हिरासत मेंय पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार**

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के हथियामल्लपुर गांव में सोमवार देर रात एक नवविवाहिता का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मंगलवार सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं, जबकि मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, गोंडा जिले के निवासी विनय सिंह ने अपनी पुत्री एकता सिंह का विवाह करीब दो वर्ष तीन माह पूर्व हथियामल्लपुर गांव निवासी शिव प्रताप सिंह के साथ किया था। दंपति का 14 माह का एक पुत्र भी है। मंगलवार सुबह विवाहिता का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिलने की सूचना से परिवार और गांव में हड़कंप मच गया। मृतका के पिता का आरोप है कि शादी के बाद से उनकी बेटी को लगातार प्रताड़ित किया जाता था। उनका कहना है कि पति शराब के नशे में मारपीट करता था और मानसिक रूप से परेशान करता था। परिजनों का आरोप है कि एकता की हत्या कर घटना को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मृतका के पति शिव प्रताप सिंह और उसके पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक आशीष तिवारी ने बताया कि मामले की सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

27 करोड़ की एसटीपी योजना का हुआ भूमि पूजन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर की बहुप्रतीक्षित आई एंड डी (इंटरसेप्शन एंड डाइवर्जन) एवं यूज्ड वाटर मैनेजमेंट सिस्टम योजना के अंतर्गत सोमवार को भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिकंदराबाद रोड स्थित सरायन नदी के निकट प्रस्तावित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) परियोजना का विधि-विधान से पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता तथा विधायक अमन गिरि ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन किया। इस अवसर पर विधायक ने परियोजना को नगर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि योजना के पूर्ण होने से नगर की जलनिकासी व्यवस्था में सुधार होगा और दूषित जल की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी। करीब 27 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 6.15 एमएलडी क्षमता के एसटीपी प्लांट के माध्यम से नगर के गंदे पानी का शोधन किया जाएगा। योजना के अंतर्गत बांकेगंज रोड, सतौती, सरायन नदी एवं मोहम्मदी रोड क्षेत्र में इंटरसेप्शन एवं डाइवर्जन के लिए चार प्रमुख बिंदु विकसित किए जाएंगे, जिससे नालों का गंदा पानी सीधे नदी में जाने के बजाय शोधन संयंत्र तक पहुंच सकेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, भाजपा नेता सुरजन लाल वर्मा, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, प्रोफेसर राम अवतार विश्वकर्मा, प्रधान आशीष मिश्रा, आशीष सिंह, आनंद सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सभासद, भाजपा पदाधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दुधवा में कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

पलियाकलां खीरी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में वन विभाग पलिया के दुधवा नेशनल पार्क में अधिकारी कर्मचारियों को स्वास्थ्य चेक अप करने के लिए सभी लोगों की स्क्रीनिंग की गई ।जिसमें वन विभाग के कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे स्वास्थ्य विभाग की टीम से अधीक्षक भरत सिंह की अगुवाई डॉ अजीत सिंह फिजिशियन डॉक्टर हेमलता सुधाकर वर्मा अंकित दीक्षित शाबान संतोष कुमार प्रवीण कुमार राणा प्रज्ञा मिश्रा ने मिलकर स्वास्थ्य शिविर के आयोजन को सफल बनाया। शिविर में ईसीजी की जांच बलगम की जांच बीपी शुगर की जांच डेंगू मलेरिया टाइफाइड ब्लड की जांच आंखों की जांच की गई। तथा दुधवा नेशनल पार्क के अधिकारी कर्मचारियों की स्क्रीनिंग की गई।

विधायक ने देवी मंदिर पर किया भंडारे का आयोजन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ज्येष्ठ माह के पंचम बड़े मंगल के अवसर पर क्षेत्र के लाल्हापुर स्थित देवी मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। धार्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान हनुमान के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। मंदिर परिसर जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से गूंजता रहा।इस अवसर पर विधायक अमन गिरि ने मंदिर पहुंचकर श्री हनुमान जी महाराज का विधिवत पूजन-अर्चन किया तथा क्षेत्रवासियों के साथ सामूहिक सुंदरकांड पाठ में भाग लिया। सुंदरकांड के पाठ के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए। सुंदरकांड पाठ के उपरांत विधायक अमन गिरि ने कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया तथा उन्हें प्रसाद वितरित किया। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर में आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कराया। विधायक स्वयं भी श्रद्धालुओं के बीच बैठकर प्रसाद ग्रहण करते नजर आए, जिससे कार्यक्रम में आत्मीयता और सादगी की झलक दिखाई दी। धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकताओं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

डीएम ने गौआश्रय स्थल में भारी अव्यवस्थाएं मिलने पर वीडीओ को तत्काल निलंबित करने के दिये निर्देश

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. का निरीक्षण अभियान अब चेतावनी के दौर से निकलकर सीधे कार्रवाई के चरण में पहुंच गया है। दूसरे चरण के निरीक्षणों में डीएम अब केवल कमियां गिनाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मौके पर ही जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई के आदेश दे रहे हैं। मंगलवार को विकास खंड सिधौली की ग्राम पंचायत कसावां स्थित अस्थायी गौआश्रय स्थल में भारी अव्यवस्थाएं मिलने पर डीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए ग्राम विकास अधिकारी को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दे दिए।

निरीक्षण के दौरान गौशाला में गौवंशों के लिए पीने के पानी, बैठने की समुचित व्यवस्था और साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब मिली। कई पशु कमजोर हालत में पाए गए। व्यवस्थाओं की बदहाली देखकर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए ग्राम विकास अधिकारी की जवाबदेही तय की और तत्काल निलंबन के निर्देश जारी कर दिए। डीएम ने गौशाला के अभिलेखों और रजिस्टरों का भी गहन निरीक्षण किया।

जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण अभिलेख उपलब्ध नहीं मिले और रिकॉर्ड में गंभीर कमियां पाई गईं। इस पर उन्होंने संबंधित वीओ के विरुद्ध विभागीय एवं अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए। भूसा भंडारण कक्ष के निरीक्षण के दौरान जब जिलाधिकारी ने गौवंशों के उपचार और स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी मांगी तो ग्राम विकास अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। साथ ही गौशाला की नियमित मॉनिटरिंग में लापरवाही बरतने पर खंड विकास अधिकारी सिधौली को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने गौशाला में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी बारीकी से देखी। ग्राम प्रधान द्वारा अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन न करने पर उनके खिलाफ नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी की भूमिका पर भी डीएम ने सवाल खड़े किए। गौआश्रय स्थल की निगरानी में लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने सीवीओ से भी जवाब तलब करने और स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी की इस सख्त कार्रवाई से साफ संकेत मिल गया है कि जिले में सरकारी योजनाओं और गौआश्रय स्थलों में लापरवाही अब किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण अभियान के दूसरे चरण में डीएम का फोकस सीधे जवाबदेही तय करने और दोषियों पर तत्काल कार्रवाई करने पर नजर आ रहा है। प्रशासनिक गलियारों में इस कार्रवाई की चर्चा पूरे दिन होती रही।

महोली सीएचसी में डायरिया प्रबंधन और ओआरएस निर्माण की दी गयी जानकारी

सीतापुर। जनपद में डायरिया की रोकथाम और प्रभावी प्रबंधन को लेकर स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में डायरिया से डर नहीं अभियान के तहत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महोली में आशा, एएनएम और आशा संगिनियों का अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल (पीएसआई) इंडिया एवं केनव्यू के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधीक्षक डॉ. दीपांशु शुक्ला के मार्गदर्शन में हुआ।

प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को डायरिया के कारण, लक्षण, फैलाव, बचाव एवं प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही हाथों की स्वच्छता के महत्व और डायरिया से बचाव में उसकी भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। डॉ. दीपांशु शुक्ला ने कहा कि डायरिया समेत कई संक्रामक बीमारियों से बचाव का सबसे सरल और प्रभावी उपाय हाथों की स्वच्छता है। उन्होंने बताया कि कम से कम 20 सेकंड तक सही तरीके से हाथ धोने की आदत रोगाणुओं और संक्रमण से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने आशा कार्यकताओं से घर-घर जाकर लोगों को डायरिया से बचाव के उपाय बताने तथा ओआरएस घोल बनाने की विधि समझाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के दौरान आशा कार्यकताओं को ओआरएस घोल तैयार करने का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि डायरिया के दौरान शरीर में पानी की कमी को रोकने के लिए ओआरएस का सेवन अत्यंत आवश्यक है तथा गंभीर मरीजों को तत्काल अस्पताल भेजा जाना चाहिए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के सहायक शोध अधिकारी सुधीर शर्मा, बीसीपीएम सुधीर शुक्ला, बीपीएम आनंद पांडे तथा पीएसआई इंडिया के कमलेश कुमार सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रशिक्षण में सहयोग किया। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य जनपद की सभी आशा, आशा संगिनियों और एएनएम को डायरिया प्रबंधन के प्रति प्रशिक्षित कर जागरूकता को गांव-गांव तक पहुंचाना है।

नपा के नये अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार ने संभाला कार्यभार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी के स्थानांतरण के बाद नव नियुक्त अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार ने मंगलवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्नाव से स्थानांतरित होकर आए मुकेश कुमार का पालिका परिसर में स्वागत किया गया। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने उन्हें विधिवत कार्यभार ग्रहण कराया और नगर की विकास योजनाओं, स्वच्छता व्यवस्था तथा चल रहे निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी नए अधिशासी अधिकारी का स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद मुकेश कुमार ने कहा कि नगरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, जल निकासी, पेयजल व्यवस्था और विकास कार्यों को गति देने के लिए सभी कर्मचारियों के सहयोग से कार्य किया जाएगा। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि नगर के विकास और जनहित से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने में नए अधिशासी अधिकारी का अनुभव लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से नगर के विकास कार्यों को और गति मिलेगी। कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम के दौरान पालिका के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

जलभराव रोकने की कवायद, पालिकाध्यक्ष ने संभाली कमान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर की जल निकासी व्यवस्था को बेहतर एवं सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान के तहत मंगलवार को पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने नगर के मुख्य जल निकासी नाले का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पालिकाध्यक्ष ने जल निकासी व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले स्थलों को चिन्हित कर तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए नालों और पुलियाओं की नियमित सफाई अत्यंत आवश्यक है, ताकि नगरवासियों को जलभराव जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। इसी क्रम में फारेस्ट पुलिया पर प्रेशर मशीन के माध्यम से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। पुलिया में जमा गाद, कचरा और अन्य अवरोधों को हटाकर जल प्रवाह को सुचारु बनाने का कार्य किया गया। पालिकाध्यक्ष ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को सफाई कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि नगर की स्वच्छता, साफ-सफाई और बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। इसके लिए लगातार अभियान चलाकर नालों, नालियों और पुलियाओं की सफाई कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां जल निकासी में समस्या की शिकायतें मिल रही हैं, वहां तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। पालिकाध्यक्ष ने नगरवासियों से भी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नालियों और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा-कचरा न डालें, ताकि जल निकासी व्यवस्था प्रभावित न हो। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बरसात के मौसम में नगर को जलभराव की समस्या से बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

सड़क हादसे में भाई-बहन की मौत पत्नी जिंदगी की जंग लड़ रही

सीतापुर। बालाजी मंदिर में माथा टेकने निकले एक परिवार की खुशियां मंगलवार दोपहर नेशनल हाईवे-30 पर हुए भीषण हादसे में चंद सेकंड में बिखर गईं। पिसावां थाना क्षेत्र के टिपकापुर गांव निवासी 22 वर्षीय विपिन अपनी पत्नी नीलम और 14 वर्षीय बहन राखी के साथ बाइक से मैगलगंज स्थित बालाजी मंदिर जा रहा था। किसी को अंदाजा नहीं था कि यह सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर बन जाएगा। नेरी के पास सर्विस रोड से हाईवे पर चढ़ते ही पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सड़क पर जा गिरे। हादसे में विपिन और उसकी बहन राखी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी नीलम गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जिस घर से सुबह भगवान के दर्शन की मन्नत लेकर भाई-बहन निकले थे, वहां शाम तक चीख-पुकार और मातम का माहौल छा गया। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

संपत्ति के विवाद में हमला

सीतापुर। थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव निवासी ननकू ने आरोप लगाया कि पैतृक संपत्ति में हिस्सेदारी को लेकर बड़े भाई से लंबे समय से विवाद चल रहा था। सोमवार रात कहासुनी बढ़ने पर बड़े भाई, भाभी और भतीजे ने मिलकर उस पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी गर्भवती पत्नी संगीता को भी नहीं बख्शा गया।

लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ०प्र०)। टोल-फ्री : 1800 1800 5000, वेबसाइट : www.ldalucknow.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानांतरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

क्र. सं.	मूल आवंटी का नाम	भूखण्ड/भवन/दुकान संख्या	योजना का नाम	मृत्यु दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम	मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	श्रीमती पुष्पा देवी व श्री टिका प्रसाद	भूखण्ड संख्या- एस-711	उदयन-2 शारदा नगर योजना रायबरेली रोड, लखनऊ	श्री टिका प्रसाद की मृत्यु दिनांक-11.07.2018	श्रीमती पुष्पा देवी	1. श्री विनीत चौधरी (पुत्र) 2. श्री नितिन चौधरी (पुत्र) 3. श्रीमती कोमल कनौजिया (पुत्री)	पत्नी
2.	स्व० डी०पी० सिंह	भू० सं०- ए-1/21	सेक्टर-बी, अलीगंज	06.02.2024	श्रीमती विद्यावती सिंह, श्रीमती मीरा सिंह, श्रीमती पूर्णिमा सिंह एवं श्रीमती रमा सिंह वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार	श्री महेन्द्र सिंह, श्री राहुल सिंह, श्री अभिजीत सिंह, श्री अभिमन्यु सिंह एवं सुश्री मांडवी सिंह	वारिसान
3.	श्री अमर चन्द्र गुप्ता एवं श्रीमती राधा रानी गुप्ता	भ० सं०- सी-47/3	पेपर मिल कालोनी योजना निशातगंज	10.01.2021	1. श्री अमर चन्द्र गुप्ता	1. श्री संजय गुप्ता, 2. श्री प्रवीन गुप्ता, 3. श्री सचिन गुप्ता	पति/पुत्रगण
4.	स्व० हेमलता जोशी (मृतक)	भूखण्ड संख्या- डी-67	कुतुबपुर इरादतनगर	08.12.2022	श्री मनोज जोशी एवं श्री दीपक जोशी पुत्रगण स्व. हेमलता जोशी व श्रीमती सुनीता जोशी-पत्नी, श्री नीलाभ जोशी-पुत्र एवं श्री कुशाग्र जोशी-पुत्र स्व० हिमांशु जोशी	-	पुत्र/पुत्री/पत्नी
5.	स्व. डा. महिपतराम झा (मृतक)	भूखण्ड संख्या- बी-164	कुतुबपुर इरादतनगर	03.06.2019	श्री संजीव झा-पुत्र, श्रीमती संगीता त्रिवेदी-विवाहित पुत्री, श्रीमती वसुधा झा-विवाहित पुत्री, श्रीमती डा०रागनी टंडन-विवाहित पुत्री एवं श्रीमती मंजरी सोढ़ी-विवाहित पुत्री पुत्र/पुत्री स्व०डा०महिपतराम झा	-	पुत्र/पुत्री

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

सुंदरकांड पाठ से भक्तिमय हुआ वातावरण

प्रसाद वितरण में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जिला संवाददाता (vol)

रायबरेली। ज्येष्ठ माह के पंचम मंगलवार के सुअवसर पर एनएसपीएस परिवार की ओर से अध्यक्ष इन्द्रेश विक्रम सिंह, समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा तथा संयुक्त सचिव डॉ. रश्मि शर्मा के नेतृत्व में शहर के सेमरी कोठी सुपर मार्केट स्थित न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, समाजसेवियों एवं समाजवादी पार्टी कार्यकताओं ने भाग लेकर हनुमान जी की आराधना की। सुंदरकांड पाठ के बाद श्रद्धालुओं को छोला-चावल एवं बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. शशिकांत शर्मा ने कहा कि ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल का विशेष धार्मिक महत्व है, ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारा और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं और समाज को एकजुट करने की भावना प्रेरित करते है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी से इजहार अली, रज्जू खान, हाजी वसीम, सभासद कमरूद्दीन, सभासद लालमणि चैधरी, वीरन्द्र गुप्ता, अनिल मिश्रा, आलोक मिश्रा, शिवाकान्त शर्मा, शिवेन्द्र सिंह, शिवकरन पटेल, बलराज राणा, हसीन अहमद, रेहान कजियाना, प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह (एनएसबीवीएम), राजीव सिंह (एनएसपीएस सलेथू महराजगंज), शिवलखन प्रजापति (एनएसपीएस त्रिपुला), नितिन सिंह, संजय श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं जनपद के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

बडे मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन

परशदेपुर, रायबरेली। डीह थाना के पुलिस चैकी परशदेपुर में अधिकमास के सुअवसर पर मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजित भंडारे में सबसे पहले बजरंग बली के मंदिर में चैकी इंचार्ज मोहित कुमार भारद्वाज सहित समस्त चैकी स्टाफ ने विधि विधान से पूजन अर्चन किया। इसके बाद प्रसाद विरतण शुरू कराया गया। इस दौरान माहौल पूरी तरह से भक्तिमय रहा और हनुमान जी के भक्ति गीतों की धुन गुंजायमान रही। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अधिकमास में जप तप दान धार्मिक अनुष्ठान व पुण्य कर्मो का विशेष महत्व है। आयोजित विशाल भंडारे में आस पास सहित आने जाने वाले राहगीरों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर विश्वजीत सिंह, विशाल सिंह, रवी कुमार, सर्वेश यादव, रामलौटन, मक्खन मोदनवाल, बबलू द्विवेदी, ऋषभ शर्मा, दिलीप शर्मा, प्रदीप यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ट्रक से कार टकरायी एक की मौत, 4 गंभीर

कूरेभार, सुलतानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सोमवार की रात तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक से जा भिड़ी। दर्दनाक हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया। लखनऊ से गाजीपुर की ओर जा रही कार सोमवार की देर रात पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किमी संख्या 112 पर खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग बुरी तरह फंस गए।हादसे में कार चालक समीर पुत्र सरवरे आलम निवासी आजमगढ़ के साथ कार में सवार सैफ पुत्र अफजल, एराज, मो. अजीज अहमद, अलमाश व एक अन्य युवक सभी आजमगढ़ जनपद निवासी सहित कुल पांच लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही यूईपीड़ा की एंबुलेंस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। सभी घायलों को मंगलवार की अलसुबह सीएचसी कूरेभार लाया गया। वहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. जहीर खान की टीम ने जांच के बाद सैफ पुत्र अफजल को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

बड़े मंगल पर विशाल भंडारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

लालगंज, रायबरेली। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल के अवसर पर अटल चैक गांधी चैराहा स्थित वाजपेई रेस्टोरेंट पर मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। समाजसेवी उमाशंकर बाजपेई, रमाशंकर वाजपेई और ऑल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष सुशील शुक्ला के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस भंडारे में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर बाद हनुमान जी की पूजा-अर्चना के बाद भंडारे का शुभारंभ किया गया। पूड़ी-सब्जी, चावल और हलुआ का प्रसाद वितरित किया गया। शाम तक गांधी चैराहे पर भक्तों की लंबी कतार लगी रही। आयोजकों ने आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को प्रेमपूर्वक प्रसाद परोसा। वाजपेई रेस्टोरेंट के संचालक रमाशंकर वाजपेई ने कहा, बड़े मंगल पर हनुमान जी की सेवा का विशेष महत्व है। नर सेवा ही नारायण सेवा है। इसी भाव से हर साल भंडारे का आयोजन करते हैं। बजरंगबली की कृपा से यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। भंडारे को सफल बनाने में भाजपा नेता अनूप पांडे, देवेश अग्निहोत्री, देवेंद्र अवस्थी, रमेश मिश्रा, विजय सिंह, संजय सिंह, देवी कुमार गुप्ता, मोहम्मद याकूब, सोनू शुक्ला, सागर , यशपाल सिंह अंकुर, श्रीवास्तव सहित तमाम लोगों ने सहयोग किया। देर शाम तक प्रसाद वितरण चलता रहा।

संक्षेप

पत्रकारों को धमकाने पर महिला व साथियों सहित केस दर्ज

मथुरा। सोमवार को वृंदावन कोतवाली परिसर में थाना अध्यक्ष के सामने ही पत्रकारों को अपने साथियों सहित जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने वाली महिला के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता राजा चैधरी जब किसी समाचार की कवरेज के सिलसिले सोमवार दोपहर को थाने गए। उस समय वहां मौजूद शिखा शर्मा नामक महिला अपने पति ओम प्रकाश शर्मा और साथी के साथ मौजूद थी। उसका किसी पत्रकार से किसी खबर को चलाने के बाबत विवाद हो गया जिसे लेकर वह महिला अपना आपा खो बैठी और पत्रकारों से अभद्रता करने लगी, जब वहां मौजूद वरिष्ठ पत्रकार अनुपम आचार्य, राजा चैधरी और शुभम शर्मा ने उनकी इस हरकत का विरोध किया तो महिला और उसके पति ने वृंदावन कोतवाली प्रभारी के सामने ही अपने साथियों के साथ पत्रकारों को जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे डाली। इससे आहत पत्रकारों ने इसका विरोध करते हुए कोतवाली के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान देर रात काफी हंगामा होने के बाद पुलिस ने इस मामले में 4 नामजद सहित 7 लोगों के खिलाफ बीएनएस की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया है। जिनमें शिखा शर्मा, प्रकाश शर्मा, दीपक उर्फ सैंडी और काजल दास तथा 2-3 अन्य लोग शामिल हैं।

योग दिवस, 21 को

मथुरा। योग प्राचीनतम विद्या और भारतीय संस्कृति की एक अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन को बनाए रखने में सहायक है। बढ़ती आयु के साथ शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक रूप से स्वस्थ और सक्रिय बने रहना आज के भाग दौड़ वाले समय में किसी चुनौती से कम नहीं। अधिकतर लोग किसी न किसी बीमारी से घिरे हैं फिर चाहे शारीरिक हो या मानसिक। इसी को ध्यान में रखते हुए आयुष मंत्रालय - आयुष विभाग द्वारा इस वर्ष 21 जून, 2026 को मनाये जाने वाला 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम को स्वस्थ आयु से जोड़ते हुए योगा फॉर हेल्दी एजिंग रखा गया है।

जनगणना-2027 का पहला चरण शुरू

मथुरा। जनपद में हमारी जनगणना - हमारा विकास के संकल्प के साथ जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) का कार्य तेजी से चल रहा है, जो 20 जून 2026 तक संचालित रहेगा। इस राष्ट्रीय कार्य के तहत प्रगणक घर-घर जाकर मकानों की नंबरिंग, स्थिति और मूलभूत सुविधाओं का विवरण संकलित कर रहे हैं। आज गोवर्धन के एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने उत्कृष्ट और समयबद्ध कार्य करने वाले ब्लॉक चैमुंहा एवं नंदगांव के 55 प्रगणकों को प्रशस्ति पत्र और पटुका पहनाकर सम्मानित किया। जनगणना कार्य को पूरी शुद्धता और पारदर्शिता से पूरा कराने के लिए जिले में व्यापक प्रशासनिक इंतजाम किए गए हैं, जिसमें सुरक्षा व समीक्षा हेतु 9 जोनल मजिस्ट्रेट, 98 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। जनगणना निदेशालय लखनऊ से जिला प्रभारी मृगेंद्र बहादुर सिंह और सह जिला प्रभारी अभिषेक पांडे पूरे जनगणना कार्य की निगरानी कर रहे हैं। जिले में कुल 4,773 मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाए गए हैं, जिनमें लगभग 4,600 प्रगणक और 770 पर्यवेक्षक (सुपरवाइजर) मुस्तैद हैं।

विश्व पर्यावरण दिवस पर जनपद में वृहद स्तर पर होगा पौधरोपण : डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में जिला पौधरोपण समिति की बैठक संपन्न

रायबरेली। डीएम सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी पौधरोपण अभियान की तैयारियों एवं लक्ष्यों की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा वृहद पोधरोपण अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता को विशेष प्राथमिकता दी जाए तथा अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपे जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के साथ-साथ सुरक्षित परिसरों वाले सरकारी कार्यालयों एवं अन्य संस्थानों में भी बड़े पैमाने पर पौधारोपण कराया जाए। डीएम ने कहा कि 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद में व्यापक स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सिंचाई, कृषि, पशुपालन, शिक्षा, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, बाल विकास एवं पुष्टाहार, मनरेगा सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को पौधरोपण हेतु उपयुक्त भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। साथ ही गंगा एवं सई नदी के उपयुक्त तटबंधों पर विशेष रूप से पौधरोपण कराने को कहा। डीएम ने जनपद की गौशालाओं में भी व्यापक स्तर पर पौधरोपणकराने के निर्देश देते हुए कहा कि वहां छायादार वृक्षों के पौधे लगाए जाएं, जिससे गोवंश को पर्याप्त छाया उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के बाद पौधों की सुरक्षा एवं नियमित सिंचाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लगाए गए पौधे सुरक्षित रह सकें और उनका समुचित विकास हो सके। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनसामान्य को जागरूक करने के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। बैठक में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग प्रखर मिश्रा, सीडीओअंजुलता, एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, उपायुक्त एनआरएलएम सविता सिंह, जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

डीएम ने ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

रायबरेली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के निर्देशानुसार जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का आन्तरिक त्रैमासिक निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली गई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोज अहमद सहित अन्य संबंधित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

तंबाकू निषेध दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

कादीपुर, सुलतानपुर। स्थानीय संत तुलसीदास पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने तंबाकू और नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। महाविद्यालय परिसर से निकली रैली में छात्र-छात्राओं ने तंबाकू छोड़ो, जीवन जोड़ो, नशा मुक्त हो देश हमारा तथा तंबाकू से दूरी, स्वास्थ्य है जरूरी जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण करने के बाद महाविद्यालय परिसर में गोष्ठी में परिवर्तित हो गई। प्राचार्य प्रो. रामनयन सिंह ने कहा कि तंबाकू सेवन कई गंभीर बीमारियों का कारण बनता है, इसलिए युवाओं को इससे दूर रहना चाहिए।

सीएचसी महराजगंज में कन्या जन्मोत्सव मना कर माताओं को किया गया सम्मानित

रायबरेली। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज किया गया। जिसमें महिला कल्याण विभाग द्वारा 36 बच्चियों को बेबी किट वितरित की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ गणनायक पाण्डेय द्वारा मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं, भोजन, जननी सुरक्षा केंद्र, दवाओं, जच्चा बच्चा आदि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी को साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। महिलाओं को कैसे नवजात शिशु का व अपना प्रसव के बाद ध्यान रखने की जानकारी दी गई। जिला मिशन समन्वयक शेफाली सिंह द्वारा माता व पिता को कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित होने के लिए जनसेवा पर आवेदन करने के लिए बताया।महिला कल्याण विभाग व शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के बारे में जानकारी दी। साथ ही कन्या सुमंगला योजना के पम्पलेट वितरित किये गये। जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी द्वारा बताया गया महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना। दिव्यांग पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

महिला समेत परिजनों की पिटाई, छह पर केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर। पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों द्वारा महिला और उसके परिजनों की पिटाई का मामला सामने आया है। घटना में महिला समेत कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के कटसारी गांव निवासी शीतल पत्नी मनोज ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि रविवार रात करीब दस बजे गांव के कुछ लोग एकजुट होकर उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने धारदार हथियार, हॉकी, लात-घूंसों से हमला कर दिया। हमले में शीतल के सिर में गंभीर चोटें आईं, जबकि उनके परिजन भी घायल हो गए। पीड़िता का आरोप है कि जाते समय विपक्षियों ने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। वरिष्ठ उपनिरीक्षक तरुण पटेल ने बताया कि तहरीर के आधार पर रामबरन, सुरेंद्र, रोहित, राममिलन, सुशीला और उर्मिला के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

रायबरेली जिला कलेक्ट्रेट मिनिस्ट्रियल एसो. ने डीएम को धन्यवाद ज्ञापित किया

जिला संवाददाता (vol)

रायबरेली। रायबरेली जिला कलेक्ट्रेट मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन द्वारा इस वर्ष किए गए मिनिस्ट्रियल संवर्ग के स्थानांतरणों में अपनाई गई पारदर्शी, निष्पक्ष एवं मानवीय प्रक्रिया के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया गया। कर्मचारियों को उनके द्वारा स्वेच्छा से अनुरोध किए गए तैनाती स्थल पर ही स्थानांतरण का अवसर प्राप्त हुआ है। मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया कि इस प्रक्रिया से कर्मचारियों में प्रशासन के प्रति विश्वास, संतुष्टि एवं कार्य के प्रति नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

इस अवसर पर अध्यक्ष पवन कुमार श्रीवास्तव, रामेन्द्र मिश्रा, उपाध्यक्ष जय सिंह, जितेंद्र बहादुर सिंह, मंजू गुप्ता, विनय सोनकर, भारत लाल सरोज, दीना गुप्ता, शिशु पाल, नीलम, हिमांशु गुप्ता, प्रदीप सिंह, अंजू सोनी आदि उपस्थित रहे।

वरासत के नाम पर रिश्वत लेना पड़ा महंगा, लेखपाल रंगे हाथ गिरफ्तार

- एंटी करप्शन टीम की बड़ी कार्रवाई, 5 हजारे की रिश्वत लेते दबोचा गया लेखपाल

कूरेभार, सुलतानपुर। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र में तैनात एक लेखपाल को वरासत दर्ज करने के नाम पर रिश्वत लेना महंगा पड़ गया। अयोध्या मंडल की एंटी करप्शन टीम ने मंगलवार को उसे पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।, जयसिंहपुर तहसील के पीढ़ी सर्किल में तैनात हल्का लेखपाल विवेक वर्मा निवासी अलावलपुर पर वरासत दर्ज करने के एवज में पांच हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप था। शिकायतकर्ता अखिलेश कुमार ने इसकी सूचना एंटी करप्शन टीम को दी थी। शिकायत के सत्यापन के बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और आरोपी लेखपाल को पीढ़ी चौराहे के पास रिश्वत की रकम लेते हुए पकड़ लिया।कार्रवाई अयोध्या मंडल एंटी करप्शन टीम के प्रभारी संजय सिंह के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही तहसील और राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया। आरोपी को हिरासत में लेकर टीम आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है। टीम प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि आरोपी लेखपाल के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में शामिल टीम प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह, उपनिरीक्षक बीरेन्द्र कुमार, हरी ओम मिश्रा, लाल बहादुर, हेड कांस्टेबल समस तबरेज, प्रदीप सिंह, देवव्रत, मनोज गुप्ता, विश्वनाथ सिंह तथा आरक्षी संदीप कुमार, अखिलेश सिंह, राजन पाण्डेय और संदीप शुक्ला शामिल रहे।

महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार के खिलाफ सपा का जोरदार प्रदर्शन

लंभुआ, सुलतानपुर। समाजवादी पार्टी द्वारा मंगलवार को लम्भुआ तहसील परिसर में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। पूर्व विधायक संतोष पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में हजारों की संख्या में सपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया। धरने की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव ने की। प्रदर्शनकारियों ने डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस और बिजली की बढ़ती कीमतों, अघोषित बिजली कटौती, किसानों को खाद-बीज व डीजल की अनुपलब्धता, नीट परीक्षा पेपर लीक तथा बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। पूर्व विधायक संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और जनता महंगाई से त्रस्त है। उन्होंने मांग की कि डीजल, पेट्रोल, बिजली और रसोई गैस की बढ़ी कीमतें तत्काल वापस ली जाएं तथा किसानों को समय से खाद-बीज उपलब्ध कराया जाए। विधानसभा अध्यक्ष सत्यपाल यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता अब बदलाव चाहती है। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव ने कहा कि 2027 का चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव होगा। धरना प्रदर्शन में राममूर्ति चौरसिया कोषाध्यक्ष बाबा साहब वाहिनी, जीतेन्द्र मिश्रा, विधानसभा महासचिव अतेन्द्र जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष लम्भुआ अखिलेश यादव, ब्लॉक अध्यक्ष कमैचा महेंद्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष भदैयां अली अहमद, विधानसभा उपाध्यक्ष पप्पू यादव, विधानसभा उपाध्यक्ष राजबली यादव, योगेश तिवारी आदि रहे।

किसानों का धरना दूसरे दिन भी जारी महिला आमरण अनशन पर बैठीं

नसीराबाद, रायबरेली। नगर पंचायत नसीराबाद के बस स्टॉप स्थित शिव मंदिर में किसान कल्याण एसो. (अराजनैतिक) गुट के बैनर तले किसानों का धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। किसान आठ सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं, जबकि एक महिला कार्यकर्ता बाबा बालक दास आमरण अनशन पर है। सोमवार देर शाम कानूनगो अमर बहादुर सिंह, लेखपाल संदीप कुमार धरनास्थल पहुंचे तथा किसानों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने समस्याओं के निराकरण के लिए 15 दिन का समय मांगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष लालता प्रसाद शुक्ल ने कहा कि जब तक सभी मांगों का समाधान नहीं हो जाता, तब तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। मंगलवार को सलोन तहसीलदार दीपिका सिंह व जेई एम आई आलोक विक्रम सिंह व ग्राम विकास अधिकारी नागेश कुमार पहुंचे और समस्याओं को सुना। किसानों को आश्वासन दिया कि जो भी समस्याएं हैं उनका निराकरण कराया जायेगा।पर किसान नही माने। राष्ट्रीय अध्यक्ष लालता प्रसाद शुक्ल ने बताया कि धरना शुरू हुए दो दिन हो चुके हैं, लेकिन अब तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले इन्हीं समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन भी दिया जा चुका है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद किसानों को धरने का रास्ता अपनाना पड़ा।जिला अध्यक्ष सदाशिव पांडेय ने बताया कि छतोह ब्लॉक के संडहा गांव निवासी बाबा बालकदास उर्फ फूलमती की कुटी एवं सहन की भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है। इसके अलावा छतोह-गांधीनगर मार्ग पर गांधीनगर कस्बे में रेलवे अंडरपास का निर्माण पिछले दो वर्षों से अधूरा पड़ा है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।किसानों ने नसीराबाद और सलोन क्षेत्र में बिक रहे गीले पशु आहार पर रोक लगाने की मांग भी उठाई।

विकास खण्ड राही में विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने विकास खण्ड राही परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों, उपलब्धियों तथा प्रदेश एवं जनपद में स्थापित किए गए नए कीर्तिमानों पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा वहां प्रदर्शित योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की संचालित विभिन्न जनहितकारी एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। ऐसी प्रदर्शनियां आमजन को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने तथा उन्हें योजनाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदर्शनी के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को विभिन्न विभागों की योजनाओं, उपलब्धियों एवं सेवाओं की जानकारी प्रदान की जाए, जिससे पात्र लाभार्थी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। डीएम ने आमजन से भी प्रदर्शनी का अवलोकन कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त करने का आह्वान किया। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, विकास परियोजनाओं, महिला एवं बाल कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, ग्रामीण विकास, स्वरोजगार, सामाजिक सुरक्षा व अन्य जनहितकारी कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी आकर्षक ढंग से प्रदर्शित की गई है। प्रदर्शनी आगामी तीन दिनों तक आमजन के लिए खुली रहेगी। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, खण्ड विकास अधिकारी राही संदीप सिंह, अति0 जिला सूचना अधिकारी कौशलेन्द्र सिंह सहित सूचना विभाग के कर्मचारी व मीडिया संस्थान के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

सीएचसी नसीराबाद परिसर से बाइक चोरी

नसीराबाद ,रायबरेली। नसीराबाद थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद परिसर से एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने मे प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चिनौटा मजरे महमदपुर नमकसार निवासी अम्मार अहमद पुत्र मोहम्मद हबीब ने थाने मे दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि मंगलवार को दोपहर 12 बजे उनका पुत्र मोहम्मद आमिर अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूपी 33 बीएन 7231 से दवा लेने के लिए सीएचसी नसीराबाद गया था। अस्पताल पहुंचकर उसने अपनी मोटरसाइकिल परिसर में खड़ी कर दी और दवा लेने के लिए अंदर चला गया। दवा लेकर वापस लौटने पर आमिर ने देखा कि उसकी मोटरसाइकिल मौके से गायब थी। इसके बाद उसने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन वाहन का कोई पता नहीं चल सका। बाद में उसने घटना की जानकारी अपने पिता अम्मार अहमद को दी। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और मोटरसाइकिल बरामद करने की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि मोटरसाइकिल बदल गई है। अस्पताल में लगा सीसीटीवी चेक कराया जा रहा है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

संक्षेप

युवक पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गाँव में एक घर में घुसकर छेड़खानी करने के आरोप में एक युवक पर पुलिस मुकदमा दर्ज किया है। बताया गया है कि युवक का एक किशोरी से प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था। युवक रात को किशोरी के घर में घुसकर छेड़खानी करने लगा जिसे परिजन देख लिए, शोर करने पर युवक भाग निकला। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार राय ने बताया की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

वाह ताज कहने आये थे उफ सीवर कहकर लौटे

आगरा। ताजमहल का दीदार करने आए पर्यटकों को सोमवार को कड़वे अनुभव से गुजरना पड़ा। यहां पूर्वी गेट रोड पर जालमा संस्थान के पास सीवर उफना रहा। प्रेशर ज्यादा होने से सीवर थोड़ी देर में ही ताज नेचर वॉक तक भर गया। इससे ताजमहल देखकर लौट रहे पर्यटकों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। दुर्गंध से परेशान पर्यटक और आमजन व्यवस्था को कोसते नजर आए। इसी संस्थान के सामने बने होटल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी ठहरी हुई थीं। सभी वीआईपी इसी रोड से ताज देखने जाते हैं। सोमवार शाम को बेहद तेजी से उफनाए सीवर ने ताजमहल पूर्वी गेट रोड पर पर्यटकों को परेशान कर दिया। शिल्पग्राम पार्किंग बंद होने से पहले ही पर्यटकों की मुसीबत बढ़ गई थी। जो सैलानी पैदल ही ताजमहल देखकर लौटे, वह ताज नेचर वॉक से जालमा संस्थान तक सीवर भरी सड़क से निकले। क्षेत्रीय निवासी राकेश अग्रवाल ने बताया कि पर्यटकों में आगरा की छवि बेहद खराब हुई है। सीवर का प्रेशर इतना तेज था कि पहले लगा कि पानी की पाइपलाइन फट गई, लेकिन सीवर मैनहोल के ढक्कन से निकलता सीवर देखकर उन्होंने जलकल विभाग से शिकायत की। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चौहान ने बताया कि पर्यटकों को सीवर से भरी सड़क से निकलना पड़ा। उनमें बेहद आक्रोश था और उन्होंने यह सवाल उठाया कि क्या इन्हीं सुविधाओं के लिए ताजमहल का 1100 रुपये का टिकट खरीदना पड़ता है।

50 से अधिक कैमरों के खंगाले फुटेज महिला पर्यटक से चेन लूट का मामला तीन टीमें बनायीं दो हिरासत में

आगरा। ताजमहल के पास आंध्र प्रदेश की पर्यटक से चेन लूट की घटना का खुलासा करने के लिए, पुलिस ने 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले हैं। दो संदिग्ध को भी हिरासत में लिया गया है। बदमाश बसई चौकी की तरफ जाने वाले रास्ते से बाइक लेकर गए थे। आंध्र प्रदेश के गुंटूर की रहने वाली एम माधवी साथी महिलाओं के साथ ताजमहल घूमने आई थीं। रविवार दोपहर को ताजमहल देखने के बाद टैक्सी से आगरा कैंट जा रही थीं। रास्ते में किसी काम के लिए रुक गई थीं। शिल्पग्राम से आगे बाइक सवार दो बदमाशों ने पीछे से झपट्टा मारकर गले की चेन तोड़ ली थी। मामले में पीड़ित ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास का कहना है कि आसपास के कैमरों को खंगाला जा रहा है। इसके साथ ही पूर्व में चेन और मोबाइल लूट के मामले में जेल गए आरोपियों की जानकारी जुटाई जा रही है। बदमाश जिस बाइक से आए थे उस पर नंबर नहीं था। पुलिस की तीन टीम बदमाशों की पकड़ के लिए लगी हुई हैं।

प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के खिलाफ युवा कांग्रेस का हल्लाबोल

केंद्र सरकार छात्रों के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह विफलः अनाम धन्य तिवारी

मथुरा। देश में शिक्षा व्यवस्था के मौजूदा हालात और प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही गड़बड़ियों को लेकर युवा कांग्रेस और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के नेताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में नेताओं ने एनईईटी-यूजी 2026 और सीयूईटी-यूजी 2026 परीक्षाओं में हुई कथित अनियमितताओं पर कड़ा विरोध दर्ज कराया और छात्रों के हक में आवाज बुलंद की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अनाम धन्य तिवारी (एडवोकेट) ने कहा कि देश का युवा आज अपने भविष्य को लेकर बेहद असुरक्षित और चिंतित महसूस कर रहा है। उन्होंने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही धांधली और गड़बड़ियां यह साफ दर्शाती हैं कि केंद्र सरकार छात्रों के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह विफल रही है। छात्रों को एक निष्पक्ष, सुरक्षित और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली उपलब्ध कराना सरकार की बुनियादी जिम्मेदारी है, जिससे वह भाग नहीं सकती।

युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दुर्गेश बघेल ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इन अनियमितताओं ने देश के लाखों होनहार छात्रों और उनके दिन-रात एक करने वाले अभिभावकों का विश्वास तोड़कर रख दिया है। उन्होंने मांग की कि सरकार को बिना किसी देरी के इस पूरे मामले की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच करानी चाहिए और जो भी दोषी पाए जाएं, उनके खिलाफ ऐसी कठोर कार्रवाई हो जो भविष्य के लिए नजीर बने।

एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष हर्ष चैरसिया ने छात्रों के मानसिक तनाव और संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि छात्र अपने जीवन के कई महत्वपूर्ण वर्ष बेहद कठिन परिश्रम करके इन परीक्षाओं की तैयारी में लगाते हैं। लेकिन जब परीक्षा की पूरी प्रक्रिया पर ही गंभीर सवाल उठने लगें, तो युवाओं का मनोबल पूरी तरह टूट जाता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और एनएसयूआई सड़क से लेकर संसद तक छात्रों की आवाज को पूरी मजबूती से उठाते रहेगी।

सेवा दल के अध्यक्ष दीपक पाठक ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही तय करने को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया। उन्होंने सीधे तौर पर केंद्रीय नेतृत्व को घेरते हुए कहा कि यदि शिक्षा मंत्रालय देश के करोड़ों छात्रों का खोया हुआ विश्वास बहाल करने में नाकाम साबित हुआ है, तो केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत अपने पद से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए। इस विरोध प्रदर्शन और विचार संगोष्ठी में युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उदय तिवारी, गौरव कश्यप, शिवम चतुर्वेदी, राहुल पाल, राजू फारूकी, पूरन सिंह, अनवर फारूकी और दीपक मौर्य सहित भारी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे और एकजुट होकर छात्रों के अधिकारों की लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया।

खाद्य, रसद व आपूर्ति विभाग की समीक्षा में डीएम ने दिये निर्देश

देवरिया। डीएम मधुसूदन हुल्गी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य एवं रसद, खाद्य सुरक्षा, आपूर्ति विभाग, डिप्टी आरएमओ तथा मंडी समिति से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक कर विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगली समीक्षा बैठक तक कार्यों की प्रगति में स्पष्ट सुधार दिखाई देना चाहिए तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं।

डीएम ने सभी संबंधित विभागों को फार्मर आईडी निर्माण अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले इस अभियान में सभी विभाग समन्वय स्थापित करते हुए अधिक से अधिक किसानों की फार्मर आईडी बनवाना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान डीएम ने विभागीय योजनाओं एवं परियोजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी निर्धारित मानकों एवं पैरामीटरों में संतृप्तिकरण की दिशा में कार्य किया जाए तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति लाई जाए। आपूर्ति विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप राशन वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने रिक्त उचित दर दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 18 उचित दर दुकानें रिक्त थीं, जिनमें से सर्वाधिक समय से रिक्त चल रही पांच दुकानों का आवंटन कर दिया गया है। शेष रिक्त दुकानों के आवंटन हेतु प्रस्ताव प्रेषित कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। डिप्टी आरएमओ से संबंधित कार्यों की समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि खाद्यान्न का उठान व वितरण समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने गेहूं खरीद एवं उससे संबंधित लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। मंडी समिति की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा किसानों के हित से जुड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा मंडी समिति द्वारा संचालित सभी कार्यों एवं योजनाओं को प्राथमिकता से संपादित किया जाए। किसानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। डीएम ने कहा कि खाद्य एवं रसद, खाद्य सुरक्षा, डिप्टी आरएमओ तथा मंडी समिति से जुड़े सभी विभाग सीधे किसानों, उपभोक्ताओं एवं आमजन से संबंधित हैं।

माथे पर तिलक, गोद में दुलार और अन्नप्राशन संस्कार, भावुक कर गया सीएम का यह अंदाज

कुशीनगर। शिलान्यास, लोकार्पण और विकास योजनाओं की घोषणाओं के बीच तमकुहीराज का कार्यक्रम उस समय भावनाओं से भर उठा, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बच्चों के बीच पहुंचे और उनके साथ आत्मीय पल बिताए। यह दृश्य आकर्षण का केंद्र और चचाओं का विषय रहा। कार्यक्रम स्थल पर लगे विभिन्न विभागों के स्टॉल और प्रदर्शनी के निरीक्षण के दौरान सीएम योगी बच्चों के बीच पहुंचे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से बातचीत की, उनके मॉडल और नवाचारों की जानकारी ली तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री के सहज और स्नेहपूर्ण व्यवहार से बच्चे भी बेहद उत्साहित नजर आए। इस दौरान सबसे मार्मिक दृश्य तब सामने आया जब मुख्यमंत्री ने एक नन्हे बच्चे को अपनी गोद में उठा लिया। बच्चे के माथे पर तिलक लगाकर उसे आशीर्वाद दिया और पारंपरिक अन्नप्राशन संस्कार में भी सहभागिता निभाई। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से बच्चे को अन्न ग्रहण कराया और उसके स्वस्थ, सुखी एवं उज्ज्वल जीवन की कामना की। यह दृश्य देखते ही पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने अन्य बच्चों को भी दुलारा, उनसे बातचीत की और उनके अभिभावकों से हालचाल जाना। कार्यक्रम में मौजूद लोगों का कहना था कि मुख्यमंत्री के इस आत्मीय व्यवहार ने सरकारी आयोजन को पारिवारिक माहौल में बदल दिया। सुरक्षा व्यवस्था और प्रोटोकॉल के बीच बच्चों के प्रति सीएम योगी का अपनापन लोगों के दिलों को छू गया।विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के साथ-साथ बच्चों के प्रति मुख्यमंत्री का यह स्नेहिल व्यवहार पूरे कार्यक्रम की सबसे चर्चित तस्वीर बन गया।

किसान की संदिग्ध हालत में मौत कांग्रेस ने एसपी को ज्ञापन सौंपा

देवरिया। जनपद के श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम परसौनी रघुनाथ निवासी किसान जयप्रकाश यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले को लेकर मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजयशेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को पत्रक सौंपकर निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजयशेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि प्रदेश में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है और सरकार अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि किसान की संदिग्ध मौत की घटना बेहद गंभीर है तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी जनहित में लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करने के लिए बाध्य होगी। उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस पूर्वी जोन के प्रदेश अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी ने कहा कि किसान जयप्रकाश यादव सुबह अपने घर से खेत जाने के लिए निकले थे, लेकिन बाद में उनका शव लक्ष्मणचक टोला भटवलिया स्थित चौरा के पास मिला। ग्रामीणों एवं परिजनों का आरोप है कि वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय 18 ग्रामीणों, पीड़ित परिवार के तीन सदस्यों तथा सैकड़ों अज्ञात लोगों को मुकदमे में फंसा दिया गया है। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर निर्दोष लोगों को राहत दी जाए तथा वास्तविक दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार तिवारी, जयप्रकाश धनगर, भरत मणि त्रिपाठी, सदर ब्लाक अध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी गोपाल, जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा, जिला महासचिव रत्नेश मल्ल पिंटू, कुलदीप यादव, शिवशंकर सिंह, अमिताभ यादव, कमलेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि में बीएड अंकतालिका घोटाले का जिन्न फिर बाहर

आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि में एक बार फिर बीएड अंकतालिका और चार्ट में कथित हेराफेरी का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। बीएड सत्र 2008-09 के अंक चार्ट के पेज बदलने के गंभीर आरोपों के बाद विवि प्रशासन ने प्रधान सहायक एवं सत्यापन इंचार्ज शिव सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुलसचिव ने संबंधित अभिलेख सील कर दिए हैं और जांच समिति गठित कर दी है।

● पेज बदलने के आरोप में बाबू निलंबित, पांच लाख रुपये लेने का दावा, 2008-09 के चार्ट से छेड़छाड़ के आरोपों की जांच शुरू, रिकॉर्ड सील

बताया जा रहा है कि बरेली निवासी एक व्यक्ति ने विवि के कुलसचिव अजय मिश्रा को लिखित शिकायत भेजकर आरोप लगाया कि प्रधान सहायक शिव सिंह ने बीएड 2008-09 के अंक चार्ट में पेज बदलकर अभिलेखों में हेरफेर की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जिस छात्र के हित में यह बदलाव किया गया, उसके लिए कथित रूप से पांच लाख रुपये नकद लिए गए। शिकायत में दावा किया गया है कि परीक्षा विभाग और चार्ट रूम में रखे गए मूल अभिलेखों के पन्नों से छेड़छाड़ की गई है। शिकायतकर्ता ने अपने आरोपों के समर्थन में शमसाबाद स्थित एनडी डिग्री कॉलेज तथा हाथरस के विजया डिग्री कॉलेज से संबंधित कुछ चार्टों के पन्नों की प्रतियां भी संलग्न की हैं। आरोप है कि विश्वविद्यालय के रिकॉर्ड में पन्ने बदलकर कुछ अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया। शिकायत सामने आने के बाद विवि प्रशासन हरकत में आ गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए कुलसचिव अजय मिश्रा ने संबंधित चार्ट और अभिलेखों को सील करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधान सहायक शिव सिंह को निलंबित कर दिया गया। विवि प्रशासन ने पूरे प्रकरण की जांच के लिए एक समिति भी गठित कर दी है, जो रिकॉर्ड का परीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। दूसरी ओर निलंबित किए गए प्रधान सहायक शिव सिंह ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए खुद को निर्दोष बताया है। उनका कहना है कि उन्हें जानबूझकर फंसाने का प्रयास किया जा रहा है और जांच में सच्चाई सामने आ जाएगी। विवि में अंकतालिकाओं और चार्टों में हेराफेरी के आरोप कोई नई बात नहीं हैं। इससे पहले भी कई कर्मचारी और बाबू चार्ट में पेज बदलने तथा अभिलेखों में छेड़छाड़ के मामलों में जेल जा चुके हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा रिकॉर्ड, रोल नंबर जनरेशन और अंकतालिका संबंधी मामलों की जांच पूर्व में विशेष जांच दल , सीबीसीआईडी और पुलिस द्वारा भी की जा चुकी है। जांच एजेंसियों ने कई मामलों में फजीवाड़े का खुलासा किया था। पूर्व की जांचों में एसआईटी ने बीएड से जुड़े कई ऐसे अभ्यर्थियों को चिह्नित किया था, जिनके रोल नंबर कथित रूप से रिकॉर्ड में बाद में जनरेट किए गए थे।

लबकनी ईश्वर में शिव मूर्ति स्थापना को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

बरहज,देवरिया। ग्राम सभा लबकनी ईश्वर में शिव मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालु कपरवार स्थित सरयू तट पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा गया। इसके बाद हाथी, घोड़ा तथा डोल-नगाड़ों और बाजों के साथ श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए गांव पहुंचे। पूरे मार्ग में ह्लहर-हर महादेवह्व और ह्लबोल बमह्व के उद्घोष से माहौल भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के दौरान कथा वाचक आचार्य पंडित सूर्य नारायण शुक्ल ने धार्मिक प्रवचन दिया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अर्जुन सिंह तथा शाश्वत सिंह सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कलश यात्रा और आयोजन को सफल बनाने में सुधीर यादव, ज्ञानेंद्र यादव, सूरज यादव, सूरज गोंड, अभिषेक गोंड, सुदामा पासवान, खिलाड़ी यादव, जोगिंदर यादव और कन्हैया यादव की सक्रिय भूमिका रही। श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी और धार्मिक उत्साह से पूरा क्षेत्र शिवमय वातावरण में सराबोर रहा।

लबकनी ईश्वर में शिव मूर्ति स्थापना को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

बरहज,देवरिया। ग्राम सभा लबकनी ईश्वर में शिव मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालु कपरवार स्थित सरयू तट पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा गया। इसके बाद हाथी, घोड़ा तथा डोल-नगाड़ों और बाजों के साथ श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए गांव पहुंचे। पूरे मार्ग में ह्लहर-हर महादेवह्व और ह्लबोल बमह्व के उद्घोष से माहौल भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के दौरान कथा वाचक आचार्य पंडित सूर्य नारायण शुक्ल ने धार्मिक प्रवचन दिया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अर्जुन सिंह तथा शाश्वत सिंह सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कलश यात्रा और आयोजन को सफल बनाने में सुधीर यादव, ज्ञानेंद्र यादव, सूरज यादव, सूरज गोंड, अभिषेक गोंड, सुदामा पासवान, खिलाड़ी यादव, जोगिंदर यादव और कन्हैया यादव की सक्रिय भूमिका रही। श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी और धार्मिक उत्साह से पूरा क्षेत्र शिवमय वातावरण में सराबोर रहा।

डीएम ने की जल निगम, सिंचाई, बाढ़ खंड व नलकूप विभाग की समीक्षा

● परियोजनाएं समयबद्ध औा गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के दिये निर्देश

देवरिया। डीएम मधुसूदन हुल्गी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल संसाधन से जुड़े विभागों की समीक्षा बैठक कर विभिन्न परियोजनाओं एवं योजनाओं की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। बैठक में जल निगम (ग्रामीण एवं शहरी), बाढ़ खंड, सिंचाई विभाग तथा नलकूप विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय परियोजनाओं एवं विकास कार्यों में तेजी लाते हुए उन्हें निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण कराया जाए। उन्होंने सभी विभागों को अपनी योजनाओं एवं परियोजनाओं का ब्लॉकवार प्रगति विवरण प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

जल निगम (ग्रामीण एवं शहरी) की समीक्षा के दौरान डीएम ने पाइपलाइन बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण एवं मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने के उपरांत सड़कों का रिस्टोरेशन प्रत्येक दशा में समय से कराया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही पेयजल परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बाढ़ खंड की समीक्षा में जिलाधिकारी ने जलस्तर एवं वर्षा संबंधी आंकड़ों का नियमित प्रदर्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कटानरोधी परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर 15 जून से पूर्व पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया।

सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि नहरों का पानी अंतिम छोर (टेल) तक पहुंचे, यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नहरों का ब्लॉकवार विवरण तैयार रखने तथा सिल्ट सफाई समय समय पर कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जनपद में कुल 57 नहरें संचालित हैं। नलकूप विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने सभी राजकीय नलकूपों को क्रियाशील स्थिति में रखने तथा किसानों तक सिंचाई सुविधा सुचारु रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने यांत्रिक एवं विद्युत खराबी के कारण बंद नलकूपों को प्राथमिकता के आधार पर ठीक कराने तथा नए नलकूपों की स्थापना एवं पुराने नलकूपों के मरम्मत से जुड़े कार्य परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जल संसाधन से जुड़े सभी विभाग किसानों एवं आमजन के हितों से सीधे जुड़े हुए हैं। इसलिए विभागीय योजनाओं एवं परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही अथवा देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। बैठक में सीडीओ राजेश कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता बाढ़ राधेश्याम प्रसाद, अधिशासी अभियंता सिंचाई, अधिशासी अभियंता नलकूप, जल निगम के अधिकारी तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य चुनाव आयुक्त पहुंचे आगरा

आगरा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार सोमवार को अपने गृह जनपद आगरा पहुंचे और माता-पिता का आशीर्वाद लिया। मंगलवार को वह कैलाश मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर और मनकामेश्वर मंदिर में दर्शन-पूजन कर दिल्ली लौटेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार सोमवार को अपने गृह जनपद आगरा पहुंचे। यहां न्यू विजय नगर कॉलोनी स्थित आवास पर पहुंचकर माता-पिता के चरण छुए और आशीर्वाद लिया। उनका यह दौरा पारिवारिक लिहाज से भी बेहद अहम है, क्योंकि जिलाधिकारी मनीष बंसल उनके दामाद हैं। मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त शहर के प्रमुख मंदिरों में दर्शन-पूजन के बाद दिल्ली लौट जाएंगे। दिल्ली से सड़क मार्ग से सीईसी शाम 4:30 बजे न्यू विजय नगर कॉलोनी स्थित अपने घर पहुंचे। घर पहुंचते ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त पिता और माता का आशीर्वाद लिया।

चार गैंगस्टर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना रामगढ पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट मे बांछित 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को थाना रामगढ पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट में बांछित अभियुक्तगण मीन पुत्र अलिया उर्फ अली हुसैन निवासी अब्बास नगर थाना रामगढ फिरोजाबाद, आरिफ उर्फ टिक्कुल पुत्र गफूर निवासी चिश्ती नगर थाना रामगढ फिरोजाबाद, समीर पुत्र बबलू निवासी मोहम्मदी मस्जिद के पास थाना रामगढ फिरोजाबाद, मोहसिम उर्फ नंगा पुत्र बाबूखांन निवासी अब्बास नगर थाना रामगढ फिरोजाबाद को घर से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण शुरू, देवरिया के गुलाम हॉस्पिटल में सफल ऑपरेशन

देवरिया। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में देवरिया जनपद ने एक नई उपलब्धि हासिल की है। शहर के न्यू कॉलोनी स्थित गुलाम हॉस्पिटल में पूर्वांचल के पहले रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण (रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट) की सफल शुरूआत की गई है। इस अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से अब मरीजों को घुटना प्रत्यारोपण के लिए दिल्ली, मुंबई या लखनऊ जैसे बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा, बल्कि उन्हें यह सुविधा देवरिया में ही उपलब्ध होगी। इस संबंध में मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में अस्पताल के निदेशक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. गुलाम रसूल ने बताया कि उनके अस्पताल में अमेरिका निर्मित अत्याधुनिक कोरी रोबोटिक सिस्टम के माध्यम से सफलतापूर्वक घुटना प्रत्यारोपण किया गया है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक पूर्वांचल क्षेत्र में पहली बार शुरू की गई है, जो मरीजों को अधिक सटीक, सुरक्षित और बेहतर परिणाम प्रदान करेगी। डॉ. रसूल ने बताया कि इस रोबोटिक प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता इसकी रियल टाइम इमेजिंग तकनीक है, जिसके लिए किसी प्रकार की सीटी स्कैन या एमआरआई की आवश्यकता नहीं पड़ती। ऑपरेशन के दौरान मशीन मरीज के घुटने की स्थिति का तत्काल आकलन कर सर्जरी को अधिक सटीक बनाती है उन्होंने बताया कि यह रोबोटिक सिस्टम 0.5 मिलीमीटर तक की एक्यूरेसी के साथ कार्य करता है, जो मानव आंखों से भी आसानी से नहीं देखी जा सकती। मशीन की यह सूक्ष्मता सर्जरी के दौरान हड्डियों की कटिंग और इम्प्लांट की सही स्थिति सुनिश्चित करती है, जिससे मरीज को बेहतर परिणाम और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिलता है। डॉ. गुलाम रसूल ने बताया कि उन्होंने इस तकनीक का विशेष प्रशिक्षण दिल्ली में प्राप्त किया है। प्रशिक्षण के बाद देवरिया में इस तकनीक से सफल ऑपरेशन भी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को जनपद में उपलब्ध कराने का उद्देश्य मरीजों को बड़े शहरों की भागदौड़ और अतिरिक्त खर्च से राहत दिलाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यह तकनीक पूर्वांचल के हजारों घुटना रोगियों के लिए वरदान साबित होगी। प्रेसवार्ता के दौरान वरिष्ठ सर्जन डॉ. गुलाम नबी सहित अस्पताल के चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

टेंपो चालक से मारपीट के मामले में न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के चकऊर तिवारी गांव एक टेंपो चालक से हुए मारपीट के मामले में न्यायाल के आदेश पर भटनी पुलिस ने सभी आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। चकऊर तिवारी गांव निवासी वीरेन्द्र यादव के अनुसार, गांव में दया यादव के यहां आई बारात के दौरान 6 फरवरी 2026 की शाम वीरेन्द्र यादव का पुत्र बारात देखने गया था। आरोप है कि वहां मौजूद संजीव यादव ने शराब के नशे में उसे गाली-गलौज की। विरोध करने पर धक्का-मुक्की और मारने की धमकी दी गई। हालांकि उस समय लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत हो गया।पीड़ित के अनुसार, 8 फरवरी 2026 की शाम करीब 5 बजे वह अपने भाई योगेन्द्र यादव के साथ टेम्पो से सब्जी खरीदने रामपुर चौराहे गया था। बाजार से लौटते समय रास्ते में पहले से मौजूद हंसनाथ यादव, संजीव यादव और जंगली यादव समेत कुछ अन्य लोगों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि सभी ने लाठी-डंडों से हमला कर गाली-गलौज की, टेम्पो चालक को वाहन से उतार दिया और टेम्पो को अपने कब्जे में ले गए। शिकायत में कहा गया है कि आरोपितों ने टेम्पो को क्षतिग्रस्त कर दिया, उसे गड्ढे में पलट दिया और बाद में अपने घर ले गए। पीड़ित का यह भी आरोप है कि वाहन की बैटरी निकालकर चोरी कर ली गई। घटना के दौरान 3-4 अज्ञात लोगों के भी मौजूद होने की बात कही गई है। वीरेन्द्र यादव का कहना है कि वह टेम्पो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है और वाहन छिनने से उसकी आजीविका प्रभावित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना की सूचना भटनी थाना पुलिस को दी गई, लेकिन उनकी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। उल्टा उनके व परिवार के सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। थाना से कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित कोर्ट की शरण में गया जहां कोर्ट के आदेश पर भटनी पुलिस ने सभी आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

जिले को शिक्षा क्षेत्र में निपुण बनाने के लिए सभी करें कार्य

● शिक्षक-अभिभावक बैठक नियमित रूप से करें आयोजित : जिलाधिकारी

देवरिया। डीएम मधुसूदन हुल्गी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा परिषद शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने सभी शिक्षकों एवं पदाधिकारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनपद को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवं निपुण बनाने में योगदान देने का आह्वान किया। डीएम ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने के लिए व्यापक जनजागरूकता पर जोर देते हुए विद्यालयों में नियमित रूप से शिक्षक-अभिभावक बैठक (पीटीएम) आयोजित करने तथा अभिभावकों को विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक अभिभावकों को अपने बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराने के लिए प्रेरित किया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने शिक्षकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर भी जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी शिक्षक को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े। साथ ही शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान का आश्वासन भी दिया। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने विद्यालयों में साफ-सफाई व्यवस्था, विभिन्न गैर-शैक्षणिक कार्यों में शिक्षकों की ड्यूटी, विद्यालयों के आधारभूत ढांचे के विकास तथा छात्र-छात्राओं के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने से संबंधित समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

डीएम ने शिक्षकों से सकारात्मक सोच के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को यह संदेश देना चाहिए कि परिषदीय विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध हैं। इससे अभिभावकों का विश्वास बढ़ेगा और नामांकन में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि स्कूलों का निरीक्षण सकारात्मक रूप से हो एवं सुधार भी इसी तरीके से लाना चाहिए। मानिटरिंग भी सहयोगात्मक स्वभाव से किया जाए, जिससे बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता बढ़े इसके लिए सभी को कार्य करना चाहिए। बैठक में उप खंड शिक्षा अधिकारी देवमुनि वर्मा सहित बेसिक शिक्षा परिषद शिक्षक संघ के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

प्लास्टिक करेंसी

एक ऐसे दौर में जबकि भारत डिजिटल पेमेंट में दुनिया में अग्रणी देश बन चुका है, तब देश में प्लास्टिक या पॉलिमर नोट छापने का फैसला गैर जरूरी लग सकता है, लेकिन आरबीआई का यह निर्णय बहुत ही सामयिक है। खासतौर पर तब जबकि भारत डिजिटल भुगतान में दुनिया में अग्रणी देश के रूप में उभरा है। लेकिन आंकड़े कुछ और ही कहते हैं। नकदी को अप्रासंगिक बनाने के बजाय भारत की डिजिटल भुगतान क्रांति के साथ-साथ मुद्रा के उपयोग में लगातार वृद्धि हुई है। इसलिए केंद्रीय बैंक के सामने चुनौती यह है कि मुद्रा के प्रवाह को अधिक कुशल, सुरक्षित और टिकाऊ बनाया जाये। रिजर्व बैंक की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट इस वास्तविकता को रेखांकित करती है। वर्ष 2025-26 में प्रचलित मुद्रा 11 फीसदी से अधिक बढ़ी, जो पिछले वर्ष की 5.8 फीसदी वृद्धि से लगभग दोगुनी है, जबकि इसी दौरान डिजिटल भुगतान भी तेजी से विस्तार करता रहा। दूसरे शब्दों में कहें तो डिजिटल और नकद भुगतान एक-दूसरे का स्थान नहीं ले रहे है बल्कि साथ-साथ मौजूद हैं। इस बढ़ते मुद्रा भंडार का प्रबंधन लगातार महंगा होता जा रहा है। वर्ष 2024-25 में बैंक नोट छापने पर 6,300 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च हुई। इसी समय लगभग 24 अरब

घिसे-पिटे नोटों को प्रचलन से वापस लिया गया जो घिसी हुई मुद्रा को बदलने के परिचालन बोझ को उजागर करता है। छोटे मूल्य वर्ग के नोट जो बार-बार हाथ बदलते हैं वे खासतौर पर जल्दी खराब हो जाते हैं। ऐसे में यह उचित ही है कि रिजर्व बैंक 10 और 20 रुपये के नोटों के लिए एक प्रायोगिक परियोजना पर विचार कर रहा है। छोटे मूल्य वर्ग के नोटों का हिस्सा भी बढ़ाया जाना चाहिए। यह कहना मुश्किल नहीं है कि छोटे मूल्य वर्ग के नोटों की उपलब्धता अक्सर लेनदेन को प्रभावित करती है। पॉलिमर नोट पतले प्लास्टिक से बने होते हैं जो नमी, गंदगी और फटने के मामले में अधिक सुरक्षित होते हैं। हालांकि पॉलिमर मुद्रा छापने की प्रारंभिक लागत अधिक होती है लेकिन अंतरराष्ट्रीय अनुभव बताता है कि ये आर्थिक दृष्टि से बेहतर साबित होते हैं। चूंकि पॉलिमर नोट्स काफी लंबे समय तक टिकते हैं इसलिए कम संख्या में नोटों को छापना, लाना ले जाना, प्रबंधन करना और नष्ट करना पड़ता है। सबसे अधिक बचत छोटे मूल्य वर्ग के नोटों में होती है जो सबसे अधिक प्रचलन में रहते हैं। इस संदर्भ में ऑस्ट्रेलिया का अनुभव उल्लेखनीय है। पॉलिमर मुद्रा के मामले में अगुआ होने के नाते उसने अनुमान लगाया कि इस बदलाव से प्रतिस्थापन और हैंडलिंग लागत में कमी के कारण दीर्घकालिक बचत हुई। ऑस्ट्रेलिया के कागजी नोट पहले छोटे मूल्य वर्ग में केवल 6 से 12 महीने तक चलते थे, जबकि पॉलिमर नोट कई वर्षों तक टिके। कनाडा, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और सिंगापुर जैसे देशों ने भी पॉलिमर नोट अपनाए हैं जिनका कारण टिकाऊपन, उन्नत सुरक्षा और कम जीवनचक्र लागत है। पारदर्शी विंडो और माइक्रो-ऑप्टिक तत्व जैसी उन्नत सुरक्षा विशेषताएं पॉलिमर नोटों को नकल के लिहाज से भी अधिक सुरक्षित बनाती हैं। पर्यावरणीय तर्क भी उतना ही प्रभावशाली है। विदेश में केंद्रीय बैंकों द्वारा किए गये अध्ययनों में पाया गया है कि पॉलिमर नोट अपने जीवनकाल में कम संसाधनों का उपभोग करते हैं। इसके अलावा चलन से हटाये गये पॉलिमर नोटों को अन्य प्लास्टिक उत्पादों में पुनर्चक्रित भी किया जा सकता है। ये सभी लाभ विचारणीय हैं। इस प्रकार अग्रिम लागत, एटीएम के अनुकूल बनाए जाने, नकदी-प्रबंधन अधोसंरचना और जनस्वीकृति का सावधानी पूर्वक मूल्यांकन करना होगा। भारत का 2012 में पॉलिमर नोट पेश करने का पहले का प्रयास तकनीकी सीमाओं के कारण असफल रहा था। ऐसे में पॉलिमर करेंसी लांच करने से पहले तकनीकी, सुरक्षा, लागत, टिकाऊपन जैसे पहलुओं का गंभीरता से विश्लेषण करना भी आवश्यक है।

विचार

जब कोई प्रतिभाशालाी हस्ती इस दुनिया में आती है तो उसे इस लक्षण से पहचाना जा सकता है कि सभी मूर्ख लोग उसके विरुद्ध खड़े होते हैं।

-स्विफ्ट.

प्रभुता पाते ही लोगों की निगाहें बदल जाती हैं, किसी को पहचानते तक नहीं, जमीन पर पांच तक नहीं रखते।

-प्रेमचंद.

लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपनी समस्त शक्तियों द्वारा परिश्रम करना ही पुरुषार्थ है।

-पतंजलि.

मृत्यु से नया जीवन मिलता है। जो व्यक्ति और राष्ट्र मरना नहीं जानते, वे जीना भी नहीं जानते।

-पं. नेहरू.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

-शेक्सपियर.

क्या नेपाल बन रहा है दूसरा पाकिस्तान

लोकमित्र

> दोनों देशों के बीच विवाद सिर्फ भावनात्मक संकट ही नहीं होगा बल्कि भारत की सेना में भी नेपाल के लोगों को विशेषकर गोरखाओं को भर्ती किया जाता है। अगर कट्टरवादी राष्ट्रीयताओं का जहर फैलेगा तो भारतीय सेना में गोरखाओं की मौजूदगी कैसे रह पायेगी? इसलिए नेपाल और भारत दोनो को ही इस बेहद संवेदनशील मामले में बिना देर किये एक्शन लेना होगा।

भारत और नेपाल के संबंध एशिया में सबसे अनोखे, गहरे और आत्मीय आज से नहीं, सदियों से रहे हैं। दोनो देशों के बीच न केवल खुली सीमा है बल्कि सदियों से ही रोटी-बेटी का संबंध भी है। धार्मिक-सांस्कृतिक निकटता और गहरी ऐतिहासिक साझेदारी नेपाल और भारत के रिश्तों की ऐसी खूबी है, जिसे अन्य दो देशों में नहीं देखी जाती। लेकिन हाल के दशकों में जिस तरह नेपाल और भारत के इन ऐतिहासिक रिश्तों में रह-रहकर दरार आती रही है, शायद उस दरार में सबसे बड़ी चोट गुजरी 31 मई 2026 को तब लगी, जब नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने यह कहकर सनसनी मचा दी, 'भारत ने ही नेपाल की जमीन पर कब्जा नहीं किया, नेपाल ने भी भारत की जमीन पर कब्जा किया हुआ है।' नेपाली पीएम यहीं नहीं रुके बल्कि उन्होंने यह भी कहा कि इस विवाद को निपटाने के लिए उन्होंने चीन और ब्रिटेन से भी बात की है। बालेन शाह की इस बयान के बाद नेपाली राजनीति में भूचाल आ गया है। नेपाल के विपक्षी राजनेताओं ने यह कहकर संसद में अपने प्रधानमंत्री को घेरा कि वो या तो सबूत दिखाएं कि नेपाल ने भारत की जमीन पर कहां कब्जा किया है या फिर वह अपने बयान को वापस लें। इस भूचाल के बाद नेपाल के विदेश मंत्रालय को सफाई देनी पड़ी है कि प्रधानमंत्री दरअसल क्रॉस बॉर्डर भूमि उपयोग या नो मैन्स लैंड की उस जमीन के बारे में बात कर रहे थे, जहां दोनो तरफ के किसानों ने कई जगहों पर कब्जा करके खेती कर रहे हैं। लेकिन नेपाली प्रधानमंत्री के इस बयान को महज कूटनीतिक नौसिखियापन या अनुभवहीन नेतृत्व पर पड़े दबाव का नतीजा कहना सही नहीं होगा। इसमें कोई दो राय नहीं है कि नेपाल में गुजरे मार्च महीने में निर्वाचित प्रधानमंत्री बालेन शाह राष्ट्रीय नेतृत्व के मामले में अनुभवहीन है। लेकिन वह राजधानी काठमांडू के मुखर मेयर रह चुके हैं, तो उन्हें भारत और नेपाल के रिश्तों की संवेदनशीलता का एहसास तो होना ही चाहिए। कहीं ऐसा तो नहीं है कि हमारे महाचुप्पे पड़ोसी चीन की शह पर नेपाल-भारत के लिए एक और पाकिस्तान बनने की कोशिश कर रहा है?

पाकिस्तान ने अपनी राष्ट्रीय पहचान का बड़ा हिस्सा भारत विरोध से जोड़ लिया है। अब चूंकि नेपाल और भारत के बीच कालापानी, लिपुलेक और लिंपियाधुरा को लेकर सालों से सीमा विवाद है। भारत इन्हें उत्तराखंड का हिस्सा मानता है, जबकि नेपाल का दावा है कि ये उसके हिस्से हैं। प्रधानमंत्री शाह का बयान हालांकि इसलिए उनकी अनुभव हीनता को दशार्ता है कि उन्होंने ये नहीं कहा कि भारत ने अकेले अतिक्रमण कर रखा है बल्कि उन्होंने यह भी कहा कि नेपाल ने भी भारत की जमीन पर अतिक्रमण किया हुआ है। इस तरह का बयान आमतौर पर कोई नौसिखिया राजनेता ही दे सकता है। लेकिन उनकी यह बात कूटनीतिक दांवपेच से भरी हुई लगती है कि इस विषय पर उन्होंने चीन और ब्रिटेन से भी बातचीत की है। सवाल है जब भारत और नेपाल के बीच अपनी तमाम समस्याओं को निपटने के लिए द्विपक्षीय पुष्ट मैकेनिज्म मौजूद है, दोनो देशों के बीच एक कारगर संधि मौजूद है। फिर ऐसे किसी विवाद पर एक या दो देशों की मध्यस्थता को बीच में लाने का क्या मतलब है?

भारत की जमीन पर कब्जे का दावा

भारत का अब ब्रिटेन से कोई संबंध नहीं है, भारत आखिर क्यों चाहेगा कि उसके किसी मामले में ब्रिटेन अपनी टांग अड़ाये? भले भारत और नेपाल के बीच पहली संधि 1816 में (सुगौली संधि) नेपाल और ब्रिटिश इंडिया के बीच हुई हो, लेकिन 1947 के बाद भारत के किसी भी मामले से ब्रिटेन का कोई मतलब नहीं रह गया और 1816 की संधि का 2016 में नवीनीकरण भी हो चुका है। इसलिए ब्रिटेन का दूर-दूर तक इस मामले से कोई लेना देना न तो है और न ही होना चाहिए। ठीक है बालेन शाह अपेक्षाकृत युवा नेता हैं, राष्ट्रीय राजनीति में उनका अनुभव सीधे प्रधानमंत्री बनने का है, उससे पहले संसदीय राजनीति का कोई अनुभव नहीं रहा। इसलिए माना जा सकता है कि संसद में उनके द्वारा दिया गया वक्तव्य भावनात्मक अधिक और कूटनीतिक कम था। लेकिन कूटनीतिक संबंधों में शब्दों का चयन बहुत ही सावधानी से करना चाहिए। मगर जिस तरह से बालेन शाह ने भारत और नेपाल के बीच एक सीमा विवाद को हवा देते हुए ब्रिटेन और चीन को इस मामले में घसीटने की कोशिश की है, वह धोखे से भी अगर की गई हरकत है तो भी खतरनाक है। भारत सरकार को इस पर तुरंत एक्शन में आना चाहिए। भारत ने अभी तक इस संबंध कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया कि नेपाल ने उसकी किस जमीन पर कब्जा कर रखा है। लेकिन नेपाल में इस मामले में हंगामा खड़ा हो गया है। यही वजह है नेपाल सरकार ने ही सफाई दी है कि भारत के साथ उसके जो सीमा विवाद हैं या जिन पर दोनो देशों के अलग-अलग दावे हैं, उनसे निपटने के लिए दोनो देशों के बीच कूटनीतिक स्तर पर प्रयास शुरू हो चुके हैं। गौरतलब है कि साल 2020 में नेपाल द्वारा एक ऐसे मानचित्र को संवैधानिक मान्यता दी गई थी, जिस पर भारत ने आपत्ति जतायी थी। क्योंकि उस मानचित्र में लिपुलेक और काला पानी क्षेत्र को नेपाल का हिस्सा बताया गया था। जबकि ये भारत के हिस्से हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि इस पूरे संदर्भ में चीन का उल्लेख सबसे ज्यादा संवेदनशील है। क्योंकि लिपुलेक और काला पानी क्षेत्र भारत-नेपाल-तिब्बत के उस त्रिकोण में स्थित है, जहां चीन जरा सा मौका पाते ही अपनी टांग अड़ाकर भारत की रणनीतिक चिंताओं को बढ़ा सकता है। नेपाल द्वारा इन क्षेत्रों को पहले संवैधानिक मान्यता देना, बाद में इन क्षेत्रों को लेकर एक विवाद संबंधी नोट जारी करना, उसके रणनीतिक दांवपेच का हिस्सा हो सकता है। जो भले अभी इस तरह खतरनाक न दिखता हो, जैसा पाकिस्तान के मामलों में होता है, लेकिन अगर नेपाल भी अपनी राष्ट्रीय पहचान भारत के विरोध पर निर्मित करने की कोशिश करेगा, तब तो यह हमारे लिए सिर्फ तात्कालिक या राजनीतिक संकटभर नहीं होगा बल्कि दोनो देशों के व्यापक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक रिश्तों पर भी इससे असर पड़ेगा। क्योंकि भारत और नेपाल के बीच जो लंबी सीमारेखा है, वह पूरी तरह से खुली हुई है, यहां किसी तरह का की कोई बाड़बंदी नहीं है। हर दिन हजारों नेपाली नागरिक भारत आते हैं और भारत से लोग नेपाल जाते हैं।

यूपी और बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों में भारत और नेपाल के लोगों के बीच आपस में रोटी और बेटी के संबंध हैं। कई लोग तो रहते नेपाल हैं और उनके खेत भारत में है और कई भारत में रहते हैं और उनके खेत नेपाल में है, ऐसे लोग भी हैं। यह सदियों से आपसी सौहार्द का रिश्ता इसलिए बना हुआ है, क्योंकि दोनो देशों की धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिकता एक है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि कुछ सालों पहले तक नेपाल दुनिया का एकमात्र अधिकृत हिंदू राष्ट्र था, भले हिंदुओं की सबसे ज्यादा आबादी भारत में रहती हो। इसलिए दोनों देशों के नागरिकों के बीच दो अलग-अलग देशों की भावना कतई कट्टरवादी नहीं हैं। नेपाल के लोग अवचेतन में भारत को भी अपना देश ही मानते हैं और भारतीय लोग भी नेपाल को लेकर यही सोच रखते हैं। अगर कल को राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए कूटनीतिक विवाद को हवा दी गई तो करीब 40 लाख से ज्यादा जो नेपाल के लोग भारत में रहकर अपनी रोजी रोटी कमाते हैं और भारत से भेजे गये मनीऑर्डर के जरिये नेपाल की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं, उनके लिए बड़ा संकट खड़ा हो जायेगा।

सोशल मीडिया

वित्तमंत्री सीमारमण एवं जीएसटी काउंसिल से मेरा अनुरोध है कि लाखों लोगों का कम खर्च में मनोरंजन करने वाली जादू कला को जीएसटी से मुक्त कर लोगों को राहत दें। अशोक गहलोत.

छिनैती, चोरी, लूट, डकैती : ये उत्तर प्रदेश में अपराधियों के क्रमशः बढ़ते दुस्साहस की क्रोनोलॉजी है, क्योंकि सत्ता की साझीदारी है इसीलिए बेखौफ क्राइम जारी है। अखिलेश यादव.

प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश 'एक राष्ट्र एक समान कानून' की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा, यूसीसी संविधान में निहित समान अधिकार व न्याय की भावना का संकल्प है। केशव प्र. मौर्य.

अपने को भूलना ठीक नहीं

अंतर्दृष्टि

आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में एक ही सबसे बड़ी भूल होती है कि हम अपने आप को भूल जाते हैं और पराये को अपना समझने लगते हैं। ऐसी गलती कभी-कभी भूत-पलीतों के आवेश में होती है। जिस पर वह आवेश आता है वह अपने मुंह से कुछ कहता और कुछ से कुछ बताता है। ऐसी अटपटी बातें कहता है जो उस व्यक्ति के काम की तनिक भी नहीं होती। भूत के काम की भले ही हो, इसी प्रकार ज्वर की तीव्रता में जब मनुष्य बेचैन विकल हो जाता है तब भी ऐसी बातें कहता है जिसे बकवास ही कहा जा सकता है। क्रोध के आवेश में भी लोग ऐसी ही गाली गलौज देते हैं जिन्हें वज्रमूर्खता की संज्ञा दी जा सकती है। शराब पीकर उन्मादी व्यक्ति ऐसे ही वचन बोलता है और ऐसी ही कृत्य करता है। माया को भी एक प्रकार का उन्माद माना गया है। उसकी छाया जिस पर जितनी गहरी पड़ती, वह उतना ही असंगत अव्यवहारिक और अवास्तविक बन जाता है। सबसे बड़ी भुल यह होती है कि आत्मा को शरीर और शरीर का आत्मा मानने लगता है। फलस्वरूप सारा चिंतन और क्रियाकलाप गड़बड़ा जाता है। शरीर वाहन अथवा उपकरण है। आत्मा स्वामी, ईश्वर का पुत्र या प्रतिनिधि। आत्मा को कुछ महत्वपूर्ण कार्य सौंपे गये हैं और विश्वास दिलाया गया है कि इन प्रयासों को यदि ठीक तरह किया जा सके तो इसके परिणाम स्वरूप अगले दिनों उच्च स्तरीय पदोन्नति होगी। इसके अतिरिक्त शरीर ऐसा दिया गया है जैसा कि किसी और प्राणी के पास नहीं है। यह अनुकम्पा इसलिए की गयी है कि जो कार्य उच्च श्रेणी को सौंपी गये हैं उन सभी को ठीक प्रकार किया जा सके। शरीर और मस्तिष्क तथा उपलब्ध सुविधा साधन यदि इस स्तर के न मिले होते तो शायद मनुष्य इतना कुछ कर नहीं पाता जितना कि करना चाहिए। अपना अंश आत्मा को देकर भगवान ने कम अनुग्रह नहीं किया है। भूल यह हो जाती है कि शरीर की वासना और मन की तृष्णा इतनी बलवती हो उठती है कि उन्हें पूरा करने के लिए पूरा समय, श्रम, मनोयोग, खप जाता है। लगता है हम शरीर ही हैं। जो शारीरिक स्वार्थ हैं वे ही हमारे सवर्थ हैं। शरीर में भूख भौतिक आवश्यकता अन्न, वस्त्र और अच्छादन हैं। मन का प्रवाह जब ज्ञानेन्द्रियों की ओर बहने लगता है तो उनकी स्थिति भी यही होती है कि अनेक तरह के दृश्य स्वाद, स्पर्श मांगने लगती है। उनकी पूर्ति के लिए व्याकुलता होती है तो उसे वासना कहते हैं। शरीर की ही एक भाग मन की उमंगें लोभ, मोह और अहंकार के रूप में उफनती रहती हैं। यह सब मिलकर इतना जाल जंजाल खड़ा हो जाता है कि शरीर और मन की इच्छाएं पूरी करने में ही जीवन का समूचा सरतत्व खप जाता है।

हर ऐरा गैरा सच बोल रहा है

व्यंग्यलोक

पन्नालाल जी की बातें से मैं ठगा सा रह गया। झूठ रोजी-रोटी बन गयी है तो फिर इसे रोकने के लिए प्रयास करना वाकई पाप है। मैंने तत्काल पन्नालाल जी से माफी चाही- माफ करिये! मुझे पता नहीं था कि झूठ आपका जीवनाधार बन गया है। जहां तक मेरा सवाल है, झूठ तो मैं भी बोलता हूँ, परन्तु बहुत ही न्यून। जब आप हरिश्चन्द्र हैं या उसकी औलाद, तो न्यून भी क्यों बोलते हैं? हम अधिकतम बोलते हैं तो क्या हुआ? झूठ बोलने से कोई किसी को नहीं रोक सकता। झूठ बोलना भी मौलिक अधिकारों में शामिल है। पन्नालाल जी ने कहा। अब बताइये, झूठ पाप कहां हुआ? यह तो वाकई, बकौल पन्नालाल जी बड़ी तपस्या है, साधना है, जिसे मुश्किलों के बाद प्राप्त किया जाता है। एक बार तो इच्छा हुई कि अपने बच्चे को एक थप्पड़ मारकर कहूं कि उसे झूठ को पाप का फतवा देने को किसने कहा था? फिर यह सोचकर कि उसकी मां ने बताया होगा तो व्यर्थ में घर में अशान्ति हो जायेगी चुप रहा। फिर भी मन नहीं माना। मैंने पत्नी से कहा-अरे भागवान, जरा सुनो! अपने टिंकू को आजकल यह पहाड़ा किसने रटाया है? कौन सा पहाड़ा? वही, झूठ बोलना पाप होता है? आपने ही बताया होगा। मैं यह बेवकूफी करने वाली नहीं हूँ। पत्नी ने कहा। मैं घबराकर बोला- भगवान कसम, यह बात मैंने उससे कभी नहीं कही। उसका थोड़ा ध्यान रखो। वह सच बोलने लगा तो हमारा जीवन चौपट कर देगा। बाहर मैंने जानकारी की है। सब लोग झूठ बोल रहे हैं। मुझे नहीं चाहिए यह हरिश्चन्द्र की औलाद। घबराओ नहीं, औलाद हरिश्चन्द्र की नहीं, आपकी है। आप पचास प्रतिशत झूठ बोलते हैं, यह शत्-प्रतिशत झूठ बोलेगा। आज ही स्कूल से शिकायत आयी है कि वह पांच दिन से स्कूल नहीं जाकर अपने हम उम्र दोस्तों के साथ इधर-उधर घूककर घर आ जाता है। मैंने उससे पूछा तो पता है, क्या कहा उसने? क्या कहा? मैंने पूछा। पापा भी तो ऑफिस का नाम करके अकेले-अकेले सिनमा देख आते हैं? मैं चुप रह गया। मेरी समझ में नहीं आ रहा कि क्या करूं? परन्तु मुझे यह तसल्ली जरूर हो गयी कि उसके हरिश्चन्द्र बनने का अब कोई अंदेशा नहीं है। पन्नालाल जी की बात अब भी याद आ रही है- झूठ बरोबर तप नहीं, सांच बरोबर पाप, जाके हृदय झूठ है, ताके हृदय आप सही है, झूठ बोलने वाले के हृदय में भगवान स्वयं निवास करते हैं। आज कल हर ऐरा-गैरा सत्य बोल रहा है तो आप -झूठ क्यों नहीं बोलें? जरूर बोलें।

पूरन सरमा

डिजिटल युग में हो रहा है लोककलाओं का पुनर्जन्म

कला जगत

कभी गांवों की मिट्टी की दीवारों, लोक उत्सवों और पारंपरिक जीवन की सीमाओं में सांस लेने वाली भारतीय लोककलाएं आज डिजिटल दुनिया के सहारे अपनी वैश्विक पहचान हासिल कर रही हैं। मधुबनी, गोंड, वारली, पट चित्र और फड़ जैसी सदियों पुरानी कलाएं अब केवल संग्रहालयों या कला दीघाओं तक ही सीमित नहीं रही हैं बल्कि मोबाइल स्क्रीन, सोशल मीडिया और ऑन लाइन बाजारों के माध्यम से दुनियाभर के कला प्रेमियों तक पहुंच रही हैं। डिजिटल तकनीक ने न केवल इन लोककलाओं को एक नया मंच दिया है बल्कि हजारों लोक कलाकारों के लिए अजीविका और सम्मान के नये अवसर भी पैदा किए हैं। एक ऐसे समय में जब वैश्वीकरण स्थानीय पहचान को चुनौती देता दिखायी देता है। भारतीय लोककलाओं का यह डिजिटल पुनर्जन्म इस बात का सबूत है कि परंपरा और तकनीक साथ मिलकर सांस्कृतिक विरासत को एक नई ऊर्जा और भविष्य दे सकती हैं। भारत लोककलाओं का विशाल खजाना है। देश के अलग-अलग क्षेत्रों में सैकड़ों प्रकार की पारंपरिक कलाएं विकसित हुई हैं। इन कलाओं का उद्देश्य केवल सौंदर्य प्रदर्शन भर नहीं था बल्कि स्थानीय संस्कृति, लोककथाओं, धार्मिक विश्वासों और सामाजिक जीवन का दस्तावेजीकरण करना भी था। लंबे समय तक इन कलाओं की पहुंच सीमित रही है। कलाकार, स्थानीय मेलों, प्रदर्शनियों या पर्यटकों पर अपनी कलाओं के खरीद के लिए निर्भर रहते रहे हैं। लेकिन इंटरनेट क्रांति ने अब इस स्थिति को बदल दिया है। आज स्मार्टफोन और सोशल मीडिया ने कलाकारों के लिए नये द्वार खोल दिए हैं। पहले किसी कलाकार को अपनी कला प्रदर्शित करने के लिए बड़ी-बड़ी गैलरियों या प्रदर्शनियों की आवश्यकता होती थी, जबकि अब वह अपने मोबाइल फोन से तस्वीरें और वीडियो साझा कर करते हैं।

सोशल मीडिया मंचों ने कलाकार और कला के खरीदार के बीच की दूरियां कम कर दी हैं। नतीजा ये है कि आज लोककलाओं को खूब भरपूर बाजार मिल रहा है और कलाकारों को अपनी कला के लिए नये अवसर प्राप्त हो रहे हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्मों ने लोककलाओं के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। आज मधुबनी, गोंड, पटचित्र, फड़, वारली और कलमकारी जैसी कलाओं के वीडियो लाखों लोगों द्वारा देखे जा रहे हैं। ऐसे में लोग न केवल इन कलाओं की सुंदरता से परिचित हो रहे हैं बल्कि इनके पीछे छिपी कहानियों और परंपराओं को भी समझ रहे हैं। इससे नई पीढ़ी में अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए रुचि बढ़ी है और लोककलाओं के कद्रदानों की संख्या में भी भारी इजाफा हुआ है। अब कलाकार अपनी कृतियां सीधे ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं। पहले वो इसके लिए बिचैलियों पर निर्भर रहते थे। इससे उन्हें उचित मूल्य भी नहीं मिल पाता था। डिजिटल माध्यमों ने इस समस्या को भी काफी हद तक कम कर दिया है। कई कलाकार आज अपने घरों से देश-विदेश के ग्राहकों को कला कृतियां बेंच रहे हैं। इससे उनकी आय में वृद्धि हुई है और कलाकारों को कला को पेशे के रूप में अपनाने का उत्साह मिला है। डिजिटल तकनीक ने लोककलाओं को नये प्रयोगों का अवसर भी दिया है। आज पारंपरिक चित्रांकन केवल कागज या कपड़े तक सीमित नहीं है। लोककलाओं के डिजाइन, फैशन, गृह-सज्जा, स्टेशनरी, मोबाइल कवर, बैग, आभूषण और डिजिटल ग्राफिक तक पहुंच चुके हैं। इससे लोककलाओं को आधुनिक जीवन शैली में जगह मिली है। युवा डिजाइनर और कलाकार पारंपरिक रूपाकंनों को नये रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं, जिससे इन कलाओं की प्रासंगिकता बढ़ रही है। हालांकि इस परिवर्तन के साथ कुछ चुनौतियां भी सामने आयी हैं।

सबसे बड़ी चुनौती मौलिकता और प्रामाणिकता की है। डिजिटल दुनिया में किसी भी कला कृति की नकल करना बहुत आसान हो गया है। कई बार पारंपरिक कलाकारों की रचनाएं बिना अनुमति के उपयोग कर ली जाती हैं। इससे कलाकारों के अधिकार प्रभावित होते हैं। साथ ही बाजार की मांग को पूरा करने के लिए कुछ स्थानों पर कला के स्वरूप में अत्यधिक बदलाव किये जा रहे हैं, जिससे उसकी सांस्कृतिक आत्मा को कमजोर पड़ने का खतरा पैदा हो गया है। उसके अलावा एक चुनौती यह भी है कि सभी कलाकार डिजिटल तकनीक से समान रूप से परिचित नहीं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के कलाकारों को ऑनलाइन वितरण, डिजिटल भुगतान और सोशल मीडिया प्रबंधन की उचित प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता मिले तो शायद ये इन अवसरों का और बेहतर लाभ उठा सकें।

नरेंद्र शर्मा.

आपकी बात

एमएसपी का दायरा बढ़ायें

एमएसपी का दायरा बढ़ाकर सभी किसानों को उससे आच्छादित करना चाहिए। हालांकि केन्द्र सरकार ने खरीफ का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा दिया है। यह जरूरी भी है कि क्योंकि किसानों को बहुत सी चुनौतियों के साथ आगे बढ़ना पड़ता है। भारत सरकार फिलहाल डॉ. स्वामीनाथन समिति के फॉर्मूले के अनुसार लागत पर पचास प्रतिशत मुनाफा जोड़कर एमएसपी तय करती है। लेकिन रबी और खरीफ सीजन से पूर्व न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने से पहले कृषि लागत और मूल्य आयोग कृषि इन्पुट्स की लागत को लेकर जो गणना करता है, उसकी दरअसल वास्तविक लागत से कोई बहुत साम्यता नहीं है। एक तरह से कह सकते हैं कि कृषि लागत और मूल्य आयोग फसली सीजन से पहले सरकार को एक रिपोर्ट सौंपता है जिसमें फसलों की लागत का जिक्र होता है और इसी आधार पर सरकार पचास प्रतिशत मुनाफा जोड़कर एमएसपी तय कर देती है। एमएसपी सभी किसानों को मिलती है, ऐसा भी नहीं कहा जा सकता है। इसके लाभार्थी किसानों की संख्या बहुत सीमित है। हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को इसका सबसे अधिक लाभ मिलता है और यही कारण है कि जब सरकार ने तीन नये कृषि कानूनों के जरिए कृषि विपणन व्यवस्था में आमूल चूल बदलाव के लिए ऐतिहासिक कदम उठाये, तो इसका सबसे अधिक विरोध पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी यूपी के किसानों ने किया। दरअसल इन किसानों को यह समझाकर भड़काया गया था कि इससे परम्परागत मंडियां खत्म हो जायेंगी और किसान पूरी तरह बाजार के हवाले हो जायेगा। वैसे अगर कृषि को लाभकारी व्यवसाय से जोड़ना है तो खेती को बाजार से जोड़ना ही होगा। जब कृषि और किसान सीधे बाजार से जुड़ेंगे, बाजार की जरूरतों के अनुसार खेती करेंगे, तो उनको अधिक से अधिक फायदा होगा। एक तरह से तीनों कृषि कानून खेती को न्यूनतम समर्थन मूल्य अर्थात एमएसपी से आगे बढ़ाते हुए अधिकतम खुदरा मूल्य अर्थात एमआरपी की तरफ ले जाने का ऐतिहासिक प्रयास था लेकिन 'नकारात्मक राजनीति और टू-मच डेमोक्रेसी' ने सरकार के प्रयास को सफल नहीं होने दिया। बहरहाल यह सब एक अलग मुद्दा है और जहां तक एमएसपी की बात है तो भले यह न्यूनतम समर्थन मूल्य हो लेकिन वास्तव में जब फसल तैयार होती है तो बाजार भाव इतने गिर जाते हैं कि एमएसपी पर बेचना ही किसानों के लिए लाभकारी रहता है। इसलिए केन्द्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन लगातार बढ़ाना चाहिए और सभी फसलों तक इसे विस्तारित करते रहना चाहिए।

अजय कुमार वर्मा, बाराबंकी.

गरीबों को दें राहत

प्रदेश सरकार जन कल्याण के अनेक कार्यक्रम चला रही है, लेकिन जनता को उससे विशेष लाभ नहीं हो रहा है। प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं चला रही है लेकिन प्रायः जिनको जरूरत है उनको योजना का लाभ नहीं मिलता है। सरकार एक करोड़ से अधिक स्मार्ट फोन व टैबलेट बांट नहीं है लेकिन जहां कालेज छात्रों को सबको दिया जा रहा है वहीं गरीबों के बच्चे स्कूलों में इससे वंचित रहेंगे जबकि कोरोना काल में सबकी हालत खस्ता हो गयी है। इसलिए जिन लोगों की आय कम है उनके बच्चों को भी स्मार्टफोन या टेबलेट देना चाहिए। प्रधानमंत्री जनआरोग्य अभियान अर्थात आयुष्मान भारत योजना को लागू हुए कई साल हो गये हैं। लेकिन इसका लाभ अभी बहुत सीमित लोगों को ही मिला है। पीएम-जय से आच्छादित परिवार गंभीर बीमारियों में सरकारी या सूचीबद्ध निजी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करा सकेंगे। कैंसर सहित 1350 बीमारियों में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने वाली आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है। योजना में तमाम तैयारियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है इसमें बड़े पैमाने पर कमियां हैं और इसे ठीक करना होगा।

ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, लखनऊ.

संक्षेप

थाने में शिकायत करके लौट रहे दंपती पर हमला

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिवनी खुर्द में थाने से शिकायत कर लौट रहे एक दंपती पर कथित रूप से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने रास्ते में रोककर पति-पत्नी के साथ मारपीट कर धमकाया। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों सहित अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम सिवनी खुर्द निवासी संतोषी पत्नी इन्द्रपाल ने बताया कि 27 मई 2026 को उसके पति इन्द्रपाल अपनी मां ममता के साथ गांव के कुछ लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने कोतवाली गए थे। शिकायत दर्ज कराने के बाद शाम करीब सात बजे वे वापस गांव लौट रहे थे। आरोप है कि गांव के पास पहुंचते ही कुछ लोग पहले से रास्ते में मौजूद मिले और उन्होंने इन्द्रपाल को रोक लिया। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए इन्द्रपाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब संतोषी मौके पर पहुंचीं और बीच-बचाव का प्रयास किया, तो उसके साथ भी मारपीट की गई। शिकायत में बताया गया है कि हमले में इन्द्रपाल के सिर, आंख और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी कथित रूप से जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2) एवं 351(3) केतहत मामला दर्ज किया है।

बोट क्लब के पास युवक पर हमला, एफआईआर दर्ज

ललितपुर। शहर के बोट क्लब क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला तालाबपुरा निवासी मुकेश पुत्र स्व.भगवानदास ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 23 मई 2026 की रात करीब आठ बजे उनका पुत्र मोहित कुशवाहा बोट क्लब के पास तालाब किनारे मौजूद था। इसी दौरान वहां पहुंचे तीन युवकों ने उसे घेर लिया और कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विरोध करने पर तीनों आरोपियों ने मोहित के साथ मारपीट शुरू कर दी और लात-घूंसों से उसकी पिटाई कर दी। हमले में युवक को चोटें आईं। घटना के दौरान आसपास लोगों की भीड़ जुटने लगी, जिसके बाद आरोपी मौके से भाग निकले। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने युवक को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद परिवार ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की, जिस पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

भूमाफियाओं द्वारा जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

ललितपुर। तहसील पाली क्षेत्र के ग्राम नाराहट परगना मड़ावरा निवासी एक महिला ने अपनी कृषि भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की मांग की है। पीड़िता कृष्णा देवी पत्नी हरपाल सिंह ने आरोप लगाया है कि ग्राम नाराहट स्थित उनके आराजी नंबर 577 की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि की कई बार पैमाइश कराई जा चुकी है तथा राजस्व न्यायालय द्वारा भी आदेश पारित किया गया है, इसके बावजूद उन्हें उनकी भूमि पर कब्जा नहीं मिल सका है। महिला का आरोप है कि हाल ही में पैमाइश के दौरान विरोधी पक्ष के लोगों ने पुलिस की मौजूदगी में कब्जा दिलाने की कार्रवाई रुकवा दी और उन्हें धमकियां भी दी गईं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विरोधी पक्ष के कुछ लोग बिना किसी वैध अभिलेख के भूमि पर दावा कर रहे हैं तथा उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। पीड़िता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि भूमि की निष्पक्ष पैमाइश कराकर अवैध कब्जा हटवाया जाए, उन्हें उनकी जमीन का कब्जा दिलाया जाए तथा संबंधित राजस्व कर्मियों एवं आरोपित पक्ष के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। महिला ने कहा कि वह एक गरीब परिवार से हैं और न्याय की उम्मीद में प्रशासन के दरवाजे पर पहुंची हैं।

लोहा चोर गिरोह पर लगा गैंगस्टर एक्ट

डेढ़ क्विंटल वजनी सरकारी लोहे की दो प्लेटें की थी चोरी

ललितपुर। सार्वजनिक संपत्तियों की चोरी कर अवैध लाभ अर्जित करने वाले शातिर अपराधियों के खिलाफ महरौनी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जिलाधिकारी ललितपुर से गैंग चार्ट अनुमोदित होने के बाद पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ महरौनी के संयुक्त पर्यवेक्षण में महरौनी पुलिस ने उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत कार्रवाई कर गिरोह की आपराधिक गतिविधियों पर शिकंजा कस दिया है। थाना महरौनी प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान जिलाधिकारी कार्यालय से अनुमोदित गैंग चार्ट एवं बीट सूचना की जांच के आधार पर यह कार्रवाई की गई। जांच में सामने आया कि उक्त गिरोह लंबे समय से चोरी जैसी वारदातों को अंजाम देकर आर्थिक लाभ अर्जित कर रहा था तथा क्षेत्र में इनके कारण भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ था। मामले का खुलासा उस समय हुआ था जब 24 अगस्त 2025 को भैरा निवासी मथुरा प्रसाद ने भौरट बांध गेट से करीब डेढ़ क्विंटल वजनी सरकारी लोहे की दो प्लेटें चोरी होने की रिपोर्ट थाना महरौनी में दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के दौरान 30 अगस्त 2025 को गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया था। उनकी निशानदेही पर चोरी की गई दोनों लोहे की प्लेटें, जिनका वजन लगभग 1.37 क्विंटल था, बरामद कर ली गई थीं। बाद में आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया था, हालांकि वर्तमान में वे जमानत पर बाहर हैं। पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में ग्राम नैनवारा निवासी 23 वर्षीय अनुज राजा पुत्र बलवीर सिंह को गिरोह का सरगना बताया गया है। इसके अलावा ग्राम भैरा निवासी शिवाजी राजा उर्फ कृष्णाधीश पुत्र अर्जुन सिंह (28 वर्ष) तथा जितेन्द्र सिंह पुत्र जगदीश सिंह (25 वर्ष) को गिरोह का सक्रिय सदस्य नामजद किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज रहे हैं और उनकी गतिविधियों से आमजन में भय का वातावरण बना हुआ था। इसी को देखते हुए थाना महरौनी में अपराध संख्या 235/2026 के तहत गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना थाना प्रभारी द्वारा की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी है तथा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

न्यायालय के आदेश के बावजूद नहीं हटाया गया अवैध कब्जा

पीड़ित ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार

ललितपुर। थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम कुआंगांव निवासी जण्डेल सिंह पुत्र बुद्धलाल विश्वकर्मा ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि ग्राम सभा की बंजर भूमि पर अवैध कब्जा हटाने संबंधी न्यायालय के आदेश के बावजूद अब तक कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित के अनुसार ग्राम सभा की आराजी संख्या 1438 रकबा 0.115 हेक्टेयर बंजर भूमि को लेकर तहसीलदार न्यायालय महरौनी में धारा 67 के अंतर्गत मुकदमा चलाया गया था। न्यायालय ने अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध क्षतिपूर्ति, जुमार्ना तथा निर्माण ध्वस्तीकरण का आदेश भी पारित किया था।

बाद में इस मामले में दायर अपील भी निरस्त हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद भूमि से कब्जा नहीं हटाया गया है और न ही क्षतिपूर्ति एवं जुमार्ने की वसूली की गई है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान एवं संबंधित राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से ग्राम सभा की बंजर, चारागाह और पत्थर वाली भूमि पर कई लोगों द्वारा अवैध कब्जे किए गए हैं। इस संबंध में कई बार शिकायतें और प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। जण्डेल सिंह ने बताया कि उन्होंने पूर्व में भी जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की थी तथा आमरण अनशन की चेतावनी दी थी। इसके बाद प्रशासनिक स्तर पर जांच और कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से न्यायालय के आदेश का तत्काल पालन कराते हुए अवैध कब्जा हटाने, क्षतिपूर्ति व जुमार्ने की वसूली कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वह पुनरू आमरण अनशन करने को बाध्य होंगे।

लेखपाल पर फर्जी रिपोर्ट लगाने का आरोप

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम पुरापाचैनी में रहने वाली रामप्यारी सहरिया ने जिलाधिकारी को एक पत्र देते हुये जमीन की शान्तिपूर्वक पैमाइश न होने तक घण्टाघर मैदान पर आमरण अनशन करने की बात कही है। बताया कि वह विगत दो माह से जिला मुख्यालय के चक्कर लगाकर थक चुकी है। न कोई किसी की सुनते वाला है। आरोप है कि लेखपाल झूठी रिपोर्ट प्रेषित कर देते हैं, जिसे आलाधिकारी मान लेते हैं। बताया कि उनके किसी भी खसरा नम्बर में आबादी नहीं है। लेखपाल को अवैध तरीके से सुविधा शुल्क न दे पाने के कारण उसे बता दिया कि 2 एकड़ जमीन में उसके रोड है और बाकी में आबादी है। इसलिए वह चुप रह गयी। यह भी आरोप है कि लेखपाल उसे लज्जित करते हैं और चालीस साल से पैमाइश न कराने की धमकी देते हैं। आरोप है कि फर्जी पुरानी वीडियो डालकर उसके शिकायती पत्र का फर्जी निस्तारण कर दिया जाता है। उन्होंने लेखपाल को तत्काल हटाये जाने की मांग उठाते हुये पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। इस दौरान आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. ने भी जिला प्रशासन से पूरे प्रकरण को संज्ञान लेकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

मतदाता के तौर पर खुद को पंजीकृत करायें लोग, लोकतांत्रिक प्रकिया में हिस्सा : चुनाव आयुक्त

आगरा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को सभी पात्र नागरिकों से खुद को मतदाता के रूप में पंजीकृत कराने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए कहा। अधिकारियों ने बताया कि परिवार के साथ आगरा आये कुमार ने सुबह के समय तीन मंदिरों में पूजा-अर्चना की। उन्होंने बताया कि वह सुबह करीब छह बजे सबसे पहले सिकंदरा इलाके में स्थित प्राचीन कैलाश मंदिर गए, जहां उन्होंने पत्नी और माता-पिता के साथ पूजा-अर्चना की। बाद में उन्होंने सुबह लगभग आठ बजे विजय नगर में राधा रानी मंदिर गये और उसके बाद रावतपारा में मनकामेश्वर मंदिर में पूजा एवं अर्चना की, जहां उन्होंने लगभग एक घंटा बिताया। पत्रकारों से बात करते हुए, कुमार ने कहा कि पांच राज्यों में चुनावों के सफल संचालन के बाद, वह भगवान शिव का आशीर्वाद लेने और अपने माता-पिता का आशीर्वाद लेने आए हैं। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों में सफल चुनावों के बाद, मैंने अपने माता-पिता का आशीर्वाद लिया और फिर महादेव का आशीर्वाद लेने के लिए अपने परिवार के साथ कैलाश मंदिर गयेै। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने देश भर के नागरिकों से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि उनका नाम मतदाता सूची में शामिल हो। मैं भारत के सभी मतदाताओं से कहना चाहता हूं कि वे खुद को मतदाता के रूप में पंजीकृत कराएं। चुनावों में निश्चित रूप से उन्हें मताधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए और भारत की चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। कुमार अपने गृहनगर आगरा के दो दिवसीय निजी दौरे पर हैं।

छात्रवृत्ति को लेकर बैठक, सीडीओ ने दिए निर्देश

बांदा। जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को शहर के आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की कार्यशाला हुई। अध्यक्षता कर रहे मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय ने शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्यों, नोडल अधिकारियों को छात्रों की स्कॉलरशिप के लिए माह जून से ही तैयारी करने के निर्देश दिए सभी छात्र को अपने बैंक खातों में एनपीसीआई मैपिंग कराने को कहा। साथ ही माता पिता की आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड का मोडिफिकेशन, प्राचार्यों के डीएससी आदि तैयारी पूर्व में करने के निर्देश दिए। बताया कि पिछड़ा वर्ग, अल्प संख्यक, समाज कल्याण द्वारा दी जाने वाली स्कॉलरशिप एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना से हाईस्कूल, इंटर कॉलेज, डिग्री प्रोफेशनल कोर्सेज के लिए दी जाती है यह पूर्ण रूप से ऑनलाइन है। विभाग इस योजना के लिए समय सारिणी चरणवार जुलाई माह में निर्गत की जाती है। बैठक में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

भजनलाल बने अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश सचिव

ललितपुर। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा द्वारा संगठन विस्तार एवं सशक्तिकरण के क्रम में रामनगर निवासी समाजसेवी भजनलाल कुशवाहा को संगठन का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति का आधिकारिक पत्र 15 मई 2026 को जारी किया गया। इस महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर कुशवाहा समाज में हर्ष का माहौल है तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समाज के लोगों द्वारा उन्हें बधाइयां दी जा रही हैं। प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में बताया गया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के परामर्श बाद संगठन के प्रति भजनलाल कुशवाहा की निष्ठा, सक्रियता, समाजसेवा और संगठनात्मक योगदान को देखते हुए उन्हें प्रदेश सचिव के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया है कि वे अपने नए दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी, समर्पण एवं सक्रियता के साथ करेंगे। प्रदेश सचिव बनाए जाने उपरांत भजनलाल कुशवाहा ने राष्ट्रीय एवं प्रांतीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह कुशवाहा, मौर्य, शाक्य एवं सैनी समाज की एकता, सामाजिक उत्थान तथा अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करेंगे। उन्होंने समाज के युवाओं को संगठित कर सामाजिक जागरूकता बढ़ाने का भी संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर कौशल किशोर मंदिर स्थित कुशकुटी आश्रम, मवेशी बाजार ललितपुर में कुशवाहा समाज पंचायत मंडल द्वारा उनका स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

दस प्रतिशत विद्युत फ्यूल सरचार्ज वापस लेने की मांग

व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

ललितपुर। जिला उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश में बिजली दरों पर लगाए गए 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज का विरोध करते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की गई। इस संबंध में एक प्रतिवेदन ऑनलाइन माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय लखनऊ को ईमेल द्वारा भेजा गया, जबकि इसकी प्रतिलिपि प्रांतीय व्यापार मंडल कार्यालय, शास्त्री नगर लखनऊ को भी प्रेषित की गई। जिलाध्यक्ष सुरेश बड़ेरा ने कहा कि हाल ही में एलपीजी गैस, सीएनजी और पेट्रोल के दाम बढ़ाए गए हैं। इसके साथ ही जून माह से उत्तर प्रदेश विद्युत निगम द्वारा 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज लगाए जाने से आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों की तुलना में उत्तर प्रदेश में पहले से ही बिजली की दरें अधिक हैं, इसलिए अतिरिक्त सरचार्ज लगाना अनुचित है। जिला महामंत्री शैलेन्द्र सिंघई ने कहा कि बिजली दरों में 10 प्रतिशत वृद्धि से उपभोक्ता स्वयं को ठगा महसूस कर रहे हैं और यह आम लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डालने जैसा है। उद्योग मंच प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश सराफ ने कहा कि उपभोक्ता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश वर्मा भी इस वृद्धि का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि बिजली कंपनियों के पास पहले से ही अधिशेष राशि उपलब्ध है, ऐसे में बिजली दरों में वृद्धि का कोई औचित्य नहीं है। नगर अध्यक्ष पंडित नवनीत किलेदार ने कहा कि सरकार को विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 108 का प्रयोग करते हुए विद्युत निगम को बढ़ी हुई दरें कम करने और 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज तत्काल वापस लेने के निर्देश देने चाहिए। उन्होंने स्मार्ट मीटर योजना पर भी पुनर्विचार करने तथा पुराने मीटर पुनः लगाए जाने की मांग की। उनका कहना था कि भीषण गर्मी के दौर में बिजली की बढ़ी हुई लागत प्रदेश के करोड़ों उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बनेगी। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि 10 दिनों के भीतर उनकी जनहित की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन को उग्र आंदोलन एवं धरना-प्रदर्शन के लिए विवश होना पड़ेगा। बैठक में जिला अध्यक्ष सुरेश बड़ेरा, जिला महामंत्री शैलेन्द्र सिंघई, गल्ला मंडी अध्यक्ष जयकुमार महोली, उद्योग मंच प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश सराफ, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू सिंधी, रविन्द्र दिवाकर, डा.संजीव कड़की, नगर अध्यक्ष पंडित नवनीत किलेदार, नगर युवा अध्यक्ष संजय जैन रिंकू, नगर युवा महामंत्री सुमित कछालिया, जिला मंत्री मुरारी सोनी, अनिल मामा भांजा, पवन दाऊ, शिखर जैन, संजीव सोरया, नगर संयोजक मंगू पहलवान, नगर मंत्री मनीष मनपसंद, अमन जैन, भागचंद्रन जैन, डॉ. अनिल जैन, जगदीश कुशवाहा, प्रवेश सिंह सहित अनेक पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

सीमांकन के पत्थर उखाड़े, किसान को दी जान से मारने की धमकी

ललितपुर। तहसील मड़ावरा के ग्राम बमराना में राजस्व विभाग द्वारा कराए गए भूमि सीमांकन के पत्थरों को उखाड़कर फेंकने और किसान को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान की शिकायत पर नाराहट पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बमराना निवासी किसान मथरा पुत्र तिजू ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मौजा बमराना स्थित उसकी आराजी संख्या 574/1.381 हेक्टेयर भूमि के सीमांकन को लेकर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) मड़ावरा न्यायालय द्वारा आदेश जारी किया गया था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 26 मई 2026 को राजस्व विभाग की टीम, जिसमें लेखपाल और कानूनगो शामिल थे, पुलिस बल की मौजूदगी में मौके पर पहुंची और विधिवत सीमांकन कर भूमि पर पत्थरगड्डी कराई गई। पीड़ित के अनुसार सीमांकन की कार्रवाई के अगले ही दिन 27 मई की सुबह गांव के कुछ लोग एकजुट होकर उसके खेत पर पहुंचे और प्रशासन द्वारा लगाए गए सीमांकन पत्थरों को उखाड़कर फेंक दिया।

बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन ने कसी कमर

फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने ग्रामसभा पलटू का पुरवा का आकस्मिक निरीक्षण कर आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़ से निपटने के लिए व्यापक तैयारियों के निर्देश दिये। दोनों अधिकारियों ने मौके पर स्थित तालाब, सार्वजनिक सुविधाएं तथा बचाव व राहत के प्रबंधों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि तालाब के तट में कटान हो चुका है, जिससे वर्षा के समय पानी सीधे ग्रामसभा क्षेत्रों में प्रवाहित होने का खतरा बना रहता है। इस पर जिलाधिकारी ने आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ को शासन से आवश्यक बजट आवंटन हेतु शीघ्र रिमाइंडर भेजने हेतु निर्देश दिए, ताकि तालाब में बंध बनाए जाने तथा कटाव रोके जाने का कार्य जल्द कराया जा सके।

जिलाधिकारी ने साथ ही जिला पंचायत राजअधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामसभा के प्राथमिकविद्यालय के बाहर ग्रामसभा में कराए गए विकास कार्यों की सूची चस्पा कराई जाए। इससे ग्रामवासी किए गए कार्यों की जानकारी रख सकेंगे और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। कृषि विभाग को निर्देश जिलाधिकारी ने कृषि विभाग को फसल बीमा योजना के तहत कल ग्रामसभा में विशेष कैंप लगाने के निर्देश दिए। इस कैंप में किसानों को बीमा पॉलिसी, दावों की प्रक्रिया तथा लाभों से अवगत कराया जाएगा, ताकि वर्षा-जनित नुकसान की स्थिति में कृषक समय पर सुरक्षात्मक कवरेज का लाभ उठा सकें। पशु चिकित्सा व स्वच्छता मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को ससमय पशुओं का टीकाकरण सुनिश्चित करने तथा पशुओं की देखभाल के लिए आवश्यक दवाओं का वितरण आरंभ करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बाढ़ के दृष्टिगत ग्रामसभा में विशेष सफाई अभियान चलाने पर भी बल दिया, ताकि जलजमाव व रोगजनकों के प्रसार को रोका जा सके। चाहकबंदी आपात सुविधाएँचकबंदी के तहत ग्रामसभा में बारात घर, बाढ़ शरणालय तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए जमीन उपलब्ध कराए जाने के भी निर्देश दिए गए।

ग्राम रोजगार सेवकों की कलमबंद हड़ताल, सौंपा ज्ञापन

बांदा। राज्य कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रान्तीय आवाह्न पर बकाया मानदेय, ईपीएफ, यूएन ने जमा न किए जाने को लेकर बड़ोखरखुर्द, महुआ सहित सभी आठो ब्लाक के रोजगारसेवकों ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय में अनिश्चितकालीन सांकेतिक कलम बंद हड़ताल कर कार्यों का बहिष्कार कर ज्ञापन सौंपा। ग्राम रोजगार सेवक संघ बड़ोखरखुर्द के ब्लाक अध्यक्ष आलोक कुमार ने समर्थकों के साथ बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। बताया कि 4 अक्टूबर 2021 को मुख्यमंत्री जी ने सम्मेलन में रोजगार सेवकों का मानदेय बढ़ाने की घोषणा के बाद बढ़ोतरी लागू नहीं की है। 20 वर्षों से मनरेगा कर्मियों के नियमितीकरण की कार्यवाही न होने से रोजगार सेवक, मनरेगा कर्मियों में हताशा है। 16 अप्रैल से 25 अप्रैल तक सांकेतिक हड़ताल के उपरांत संयुक्त आयुक्त मनरेगा ग्राम विकास उत्तर प्रदेश के आश्वासन पर हड़ताल स्थगित कर 20 मई तक लंबित मानदेय ईपीएफ के भुगतान के लिए पत्र दिए जाने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ। इससे समस्त कर्मियों ने प्रांतीय आवाहन पर अनिश्चितकालीन सांकेतिक कलम बंद हड़ताल पर रहकर संपूर्ण कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है। शीघ्र बकाया मानदेय भुगतान न कराए जाने तक संगठन के संपूर्ण रोजगारसेवकों कंप्यूटर ऑपरेटर के हड़ताल पर रहने का आवाहन किया है। इस दौरान ब्लाक कोषाध्यक्ष कुलदीप सिंह, रामकृष्ण निषाद, देशराज, जुबैर अहमद, मंजूषा, महेंद्र कुमार, राकेश, विनोद, सुषमा, सुंदरलाल, रामनरेश, प्रेमनारायन आदि मौजूद रहे।

गैस सिलेंडर से घर में लगी आग लाखों की गृहस्थी जली

बांदा। जनपद के देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत महोखर के जयराज मोहल्ला में मंगलवार सुबह खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लगने से एक बड़ा हादसा हो गया। इस घटना में घर का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे श्रीराम प्रजापति की पत्नी मालती देवी अपने घर में खाना बना रही थीं। इसी दौरान उनके एचपी गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही परिवार में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई। घटना की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड और देहात कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था। आग बुझने के बाद घर में केवल राख और जले हुए सामान के अवशेष ही दिखाई दे रहे थे। पीड़ित गृहस्वामी श्रीराम प्रजापति ने बताया कि इस आगजनी में उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उनके अनुसार, करीब 13 क्विंटल गेहूं, दो क्विंटल चावल, चार क्विंटल सरसों, अरहर की फसल, अलमारी, बक्सों में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज, जेवरात और लगभग 70 हजार रुपये की नकदी सहित अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और नुकसान का आकलन किया। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को शासन स्तर से मिलने वाली सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। फिलहाल, परिवार सदमे में है और प्रशासन से आर्थिक मदद की उम्मीद कर रहा है।

बुंदेलखंड इंसाफ सेना की भूख हड़ताल दूसरे दिन जारी

बांदा। बढ़ते अवैध खनन, बेकाबू वायु प्रदूषण, भीषण गर्मी, लगातार कटते जंगलो, जल स्त्रोतों पर बढ़ते संकट के खिलाफ बुंदेलखंड इंसाफ सेना ने जन आंदोलन शुरू किया है। अध्यक्ष एएस. नोमानी दो दिनों से लगातार भूख हड़ताल कर रहे हैं। समाजसेवी जयराम सिंह ने कहा कि खनन कार्यों में एनजीटी राष्ट्रीय हरित अधिकरण के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। इससे पर्यावरण और जनजीवन पर प्रभाव पड़ रहा है। नोमानी ने कहा कि जनपद में आगामी 10 वर्षों तक खनन गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए। आंदोलनकारियों का कहना है कि यह संघर्ष केवल वर्तमान समस्याओं के समाधान के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य, स्वच्छ पर्यावरण, हरियाली, जल संरक्षण और केन नदी के अस्तित्व की रक्षा के लिए भी है। साथ ही बुंदेलखंड के तालाबों को संरक्षित करने, उन पर हो रहे अवैध कब्जों को हटाकर उन्हें मुक्त कराने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई है।

कथक नृत्य कार्यशाला का शुभारम्भ, सात को समापन

बांदा। कलार्पण भारत संस्था के आयोजित दस दिवसीय कत्थक नृत्य कार्यशाला का शुभारम्भ नटराज संगीत महाविद्यालय में किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ ज्ञानदायिनी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर हुआ। प्राचार्या अनुराधा सिंह, उरई से आए राष्ट्रीय संगठन मंत्री कलार्पण दिगम्बर नारायण तिवारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष नरेंद्र सक्सेना, जिलाध्यक्ष नीरजा सोनी, क्षेत्रीय सदस्य किरण सेठी उपस्थित रहे। इनके साथ ही, दिल्ली की नृत्य प्रशिक्षिका गौरी गोयल, बनारस घराने के ख्याति प्राप्त तबला वादक पं. प्रभाकर पाण्डेय (दिल्ली), सारंगी वादक शिवशंकर आदि ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रथम दिवस की कार्यशाला में नृत्यांगना गौरी गोयल ने 55 छात्राओं को कथक की बारीकियों, हस्त मुद्राओं एवं एक नृत्यकार के गुणों व दोषों से भली-भांति परिचित कराया। प्राचार्य अनुराधा सिंह ने बताया कि संस्कारशाला का समापन रविवार सात जून को समारोह के रूप में किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यशाला संयोजक राजेंद्र साहू, जे.सी. आचार्य, दयानंद, संगीताचार्य रामकेदार द्विवेदी, हर्षित गुप्ता, शिवानी शुक्ला, देवांशी गुप्ता, स्वर्णिम उपस्थित रहे।

पूर्व पालिकाध्यक्ष को महिला ने पीटा

बांदा। विधवा ने नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष को चप्पलों से पीटा, बोली- उत्पीड़न और दबंगई से परेशान हूं। विधवा के पीटने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है हालांकि वायस आफ लखनऊ समाचार पत्र इसकी पुष्टि नहीं करता। महिला का आरोप है कि एक दबंग उसे लंबे समय से प्रताड़ित कर रहे थे और उसे न्याय नहीं मिला है। दलित विधवा ने पूर्व अध्यक्ष और सपा नेता मोहन साहू पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। कहा कि इन्हीं की वजह से उसे न्याय नहीं मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई। इसके बाद महिला ने आक्रोशित होकर कार में बैठे मोहन साहू को चप्पलों से पीटना शुरू कर दिया।

कई ट्रेनों का 17 से 20 जून तक संचालन रद्द

बांदा। झांसी-मानिकपुर रेलखंड पर दोहरीकरण कार्य के कारण 17 से 20 जून तक कई ट्रेनें रद्द रहेंगी, जबकि कुछ के समय और मार्ग में बदलाव किया गया है। इस दौरान खैरार, इचैली और अकौना स्टेशनों के बीच नई रेल लाइन को मौजूदा ट्रैक से जोड़ा जाएगा, जिससे यात्रियों को असुविधा होगी। झांसी-मानिकपुर रेलखंड पर दोहरीकरण कार्य तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में खैरार, इचैली व अकौना स्टेशनों के बीच नई बिछाई गई रेल लाइन को मौजूदा ट्रैक से जोड़ने, सिग्नल प्रणाली में बदलाव और तकनीकी परीक्षण का कार्य किया जाएगा। इस कारण 17 से 20 जून तक कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे प्रशासन ने कई ट्रेनों को अलग-अलग तिथियों में निरस्त किया है, जबकि कुछ ट्रेनों का संचालन आंशिक रूप से होगा और कुछ विलंब से चलाई जाएंगी। 21 जून से व्यवस्था सामान्य होगी।

संक्षेप

कॉर्टेवा ने पेश किया मैविलॉन

मुंबई। फसलों को कीटों से सुरक्षित करने का समाधान पेश करते हुए, कॉर्टेवा ने मैविलॉन लॉन्च किया है। जिसे धान की फसल में कीट नियंत्रण को नुकसान होने के बाद के बजाए पहले से रोकथाम करने यानि रिएक्टिव से प्रोएक्टिव बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। कोटेर्वा ने हैदराबाद में आयोजित एक लॉन्च कार्यक्रम के दौरान इस उत्पाद का अनावरण किया, जहाँ सीईओ चक मैग्रो ने ग्राहकों, चैनल भागीदारों और अन्य प्रमुख हितधारकों के साथ इस अवसर को चिह्नित किया। भारत में चावल रोजमर्रा के भोजन का अहम हिस्सा है और देश की कृषि अर्थव्यवस्था में भी इसकी बड़ी भूमिका है।

बालू फोर्ज ने हासिल किया 152 एमएम तोप के गोलों का बड़ा ऑर्डर

मुंबई। बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने लार्ज-कैलिबर एम्युनिशन सेगमेंट में बहुत बड़ा ऑर्डर मिलने की घोषणा की है। कंपनी ने भारत की एक प्रमुख विस्फोटक और गोला-बारूद बनाने वाली कंपनी को 152 एमएम तोप के गोलों की 30,000 यूनिट्स सप्लाई करने का शुरूआती अनुबंध हासिल किया है। यह साझेदारी घरेलू रक्षा क्षेत्र में बालू फोर्ज के विस्तार की दिशा में एक अहम मील का पत्थर है। इस अहम ऑर्डर की आपूर्ति जून 2026 से शुरू होने वाली है। यह शुरूआती अनुबंध एक मजबूत और लंबी अवधि की साझेदारी की बुनियाद है। आने वाले समय में ऑर्डर का आकार अतिरिक्त वेरियंट्स के साथ बढ़कर एक लाख से अधिक गोलों तक पहुंचने का अनुमान है। यह मजबूत मांग और बीएफआईएल की विनिर्माण क्षमताओं के प्रति भरोसे को दर्शाता है।

डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने लॉन्च किया गोल्ड लोन

नई दिल्ली। डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने व्यक्तियों और छोटे व्यवसायियों को सुरक्षित ऋण तक त्वरित एवं सुगम पहुंच उपलब्ध कराने के लिहाज से डिजाइन की गई गोल्ड लोन सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। इस उत्पाद को वेतनभोगी पेशेवरों, स्वरोजगार में लगे व्यक्तियों, व्यापारियों, छोटे कारोबार के स्वामियों और एमएसएमई को ध्यान में रखकर उतारा गया है और शुरूआत में यह पूरे दिल्ली एनसीआर, उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा में उपलब्ध होगा। इससे वंचित खंडों की जरूरतों के अनुरूप डीजेटी माइक्रोफाइनेंस का वित्तीय समाधानों का पोर्टफोलियो मजबूत होगा।

हॉर्लिक्स ने लॉन्च किया नया आरटीडी मिल्कशेक ब्लेंडिंग टेस्ट

नई दिल्ली। हिंदुस्तान यूनीलिवर लिमिटेड ने नया हॉर्लिक्स मिल्कशेक लॉन्च करने का एलान किया है। यह लॉन्चिंग तेजी से बढ़ते रेडी-टु-ड्रिंक न्यूट्रिशन सेगमेंट में ब्रांड के विस्तार की दिशा में अहम कदम है। तेजी से भागती लाइफस्टाइल और समझदार चॉइस के साथ बढ़ रहे जेन जी युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किए गए नए हॉर्लिक्स मिल्कशेक में चिल्ड और रेडी-टु-ड्रिंक मिल्कशेक फॉर्मेट के साथ हॉर्लिक्स के जाने-पहचाने स्वाद को महसूस करने का मौका मिलेगा।

इंजीनियर, वकील, वैज्ञानिक के हर सपने को देती है उड़ान देगा या किसान मेडिकैप्स

नई दिल्ली। सड़कों, स्मार्ट सिटीज, रेलवे और रीन्युएबल एनर्जी में सक्रिय नेशनल प्रोग्रामों के चलते प्रशिक्षित सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरों की मांग तेजी से बढ़ रही है और मौजूदा आपूर्ति तेजी से बढ़ती इस मांग को पूरा करने में सक्षम नहीं है। इसी मांग को ध्यान में रखते हुए मेडिकैप्स युनिवर्सिटी लेकर आती है- सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बी.टेक कोर प्रोग्राम।

निसान ने लगातार तीसरे महीने घरेलू बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज की

नई दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने आज मई, 2026 की अपनी सेल्स परफॉर्मेंस की जानकारी दी। मई में कंपनी की घरेलू बिक्री में सालाना आधार पर 118 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखने को मिली है। बीते महीने कंपनी ने घरेलू बाजार में कुल 2,948 यूनिट्स की बिक्री की। इसी दौरान 5,023 कारों का निर्यात किया गया, जिससे कंपनी की कुल बिक्री 7,971 यूनिट्स की रही। निसान मोटर इंडिया ने सालाना आधार पर लगातार तीसरे महीने घरेलू बिक्री में बढ़त दर्ज की है। इससे भारतीय बाजार में कंपनी की स्थिति मजूबत हुई है। ह्यलागातार तीसरे महीने घरेलू बिक्री में बढ़ोतरी निसान के प्रोडक्ट्स में ग्राहकों के भरोसे की उत्साहजनक तस्वीर दिखाने वाली है।

सेंसेक्स में 382 अंकों की उछाल

मुंबई। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में जोरदार खरीदारी के दम पर घरेलू शेयर बाजार चार दिन की गिरावट से उबरकर मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 382 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी 101 अंक चढ़कर बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 382.50 अंक यानी 0.52 प्रतिशत बढ़कर 74,649.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स अपने निचले स्तर 73,815.12 अंक से ।,047.07 अंक उछलकर 74,862.19 अंक तक चला गया था। सूचकांक के 30 में से 20 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का मानक सूचकांक निफ्टी भी 100.95 अंक यानी 0.43 प्रतिशत बढ़कर 23,483.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में सर्वाधिक 6.53 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इन्फोसिस में 5.66 प्रतिशत, एचसीएल टेक में 4.08 प्रतिशत और टेक महिंद्रा में 1.76 प्रतिशत की बढ़त रही। इसके अलावा अदाणी पोर्ट्स, टाइटन, एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर नुकसान में रहे। बाजार में शुरुआती गिरावट के बाद आईटी शेयरों में तेजी से सुधार आया। बड़ी कंपनियों में निवेशकों की खरीदारी से यह संकेत मिलता है कि मौजूदा मूल्यांकन स्तर निवेशकों को आकर्षक लग रहे हैं। आईटी कंपनियों में तेजी के दम पर बीएसई आईटी सूचकांक 4.40 प्रतिशत चढ़ गया। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों के बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.33 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप में 0.19 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में आईटी खंड ने सर्वाधिक 4.40 प्रतिशत की छलांग लगाई जबकि फोकस आईटी खंड में 3.83 प्रतिशत, टिकाऊउपभोक्ता खंड में 1.23 प्रतिशत और सेवा खंड में 1.11 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,301 शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 1904 शेयरों में गिरावट रही और 172 अन्य अपरिवर्तित रहे। आईटी क्षेत्र में तेज उछाल बाजार में आई तेजी की मुख्य वजह रही। अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के मजबूत नतीजों और सकारात्मक परिदृश्य से समर्थन मिला है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 93.76 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 3,911.68 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की थी।

सोना 1050 रुपये चढ़ा व चांदी 1300 रुपये मजबूत

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतें 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गईं। कमजोर डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से इन कीमती धातुओं की मांग फिर से बढ़ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1050 रुपये बढ़कर 161,450 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई।

सोमवार को यह 160,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में भी 1300 रुपये की मजबूती आई और यह पिछले बंद भाव 2,69,700 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 271,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। विश्लेषकों ने कहा कि कीमती धातुओं को कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से सहारा मिला। इससे पश्चिम एशिया में तनाव के कारण पैदा होने वाले महंगाई के झटके का डर कुछ कम हुआ। अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में कमी और कमजोर डॉलर ने सर्राफा की कीमतों की अपील को और बढ़ा दिया। घरेलू सोने की कीमतों को रुपये की कमजोरी से भी सहारा मिला। कमजोर रुपये ने वैश्विक बाजार की अनिश्चितता से पड़ने वाले कुछ दबाव को कम करने में मदद की और घरेलू सर्राफा बाजार में बढ़त को सहारा दिया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना एक प्रतिशत बढ़कर 4,528.75 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी दो प्रतिशत बढ़कर 76.29 डॉलर प्रति औंस हो गई। मंगलवार को हाजिर सोना और चांदी एक प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर क्रमशः 4,520 डॉलर प्रति औंस और लगभग 77 डॉलर प्रति औंस हो गए। इसकी वजह यह रही कि कच्चे तेल की कीमतों में कमजोरी से महंगाई और ब्याज दरों के भविष्य को लेकर चिंताएं कम हुईं। निवेशकों का ध्यान अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत से जुड़े घटनाक्रमों पर टिका हुआ है। बाजार कूटनीतिक प्रगति को लेकर आशावाद और इस चिंता के बीच झूल रहे हैं कि बातचीत टूट भी सकती है। अब ध्यान अमेरिका के वृहद आर्थिक आंकड़ों पर जा रहा है, जिसमें नौकरियों के खाली पदों की संख्या, फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियां, और शुक्रवार को जारी होने वाली गैर-कृषि पे रोल रिपोर्ट शामिल हैं।

तेलंगाना की रबी धान खरीद में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि मौजूदा रबी सत्र में देशभर में खरीदे गए कुल धान में तेलंगाना की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत रही है।

राज्य सरकार द्वारा आयोजित तेलंगाना स्थापना दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद, उन्होंने कहा कि अब तक सरकार ने 63.65 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की है और 11,903 करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में जमा किए हैं। उन्होंने बताया कि बेमौसम बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में किसानों को नुकसान से बचाने के लिए सरकार ने करीब 10,000 मीट्रिक टन गीले धान की भी खरीद की। आज देश का कोई भी राज्य धान खरीद में तेलंगाना से प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकता। मुझे गर्व है कि यासंगी (रबी) सत्र में देशभर में खरीदे गए कुल धान में तेलंगाना की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 2025-26 के अनुमान के अनुसार, तेलंगाना ने 236.87 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन का रिकॉर्ड स्तर हासिल किया है। सरकार द्वारा किसानों को दिए गए प्रोत्साहनों से धान, मक्का और कपास के उत्पादन में शानदार परिणाम मिले हैं। साथ ही पशुपालन और मत्स्य क्षेत्र में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। अब किसानों को फसल विविधीकरण अपनाने की जरूरत है।

रुपया 10 पैसे कमजोर होकर 95.29 प्रति डॉलर पर

मुंबई। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और सुरक्षित निवेश के कारण अमेरिकी मुद्रा के स्थिर बने रहने से मंगलवार को रुपया 10 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.29 (अस्थायी) पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों की भारी निकासी ने भी निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.16 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान 95.03 के ऊपरी एवं 95.31 के निचले स्तर तक गया। कारोबार के अंत में मंगलवार को रुपया 95.29 (अस्थायी) पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की गिरावट है। सोमवार को रुपया 95.19 प्रति डॉलर पर रहा था, जो 34 पैसे की गिरावट है। वैश्विक तनाव में वृद्धि और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण रुपये में कमजोरी का रुख रह सकता है। उन्होंने कहा कि अगर शांति वार्ता आगे बढ़ती रहती है तो रुपये में बड़ी गिरावट की आशंका कम हो सकती है। निवेशकों की नजर अब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति की बैठक पर हैं। डॉलर-रुपये की विनिमय दर 94.90 से 95.50 के दायरे में रह सकती है।

अमेरिका-ईरान वार्ता पर अनिश्चितता के बीच कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में मंगलवार को कच्चे तेल की कीमतें मामूली गिरावट के साथ 8,697 रुपये प्रति बैरल रह गईं। हालांकि, निवेशक अमेरिका और ईरान से जुड़ी अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति पर सतर्क रहे।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल के सर्वाधिक कारोबार वाले जून माह में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 39 रुपये या 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,697 रुपये प्रति बैरल रह गई। इसमें 9,045 लॉट के लिए कारोबार हुआ। इसके जुलाई माह में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 70 रुपये या 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,466 रुपये प्रति बैरल रह गई। इसमें 2,512 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि संकट को हल करने के उद्देश्य से किए गए राजनयिक प्रयासों में बार-बार बाधाओं का सामना करने के बाद अनिश्चितता से बाजार की धारणा प्रभावित हुई, जिससे वैश्विक तेल की मांग और आपूर्ति के दृष्टिकोण पर चिंताएं बढ़ गईं। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चे तेल के जुलाई डिलिवरी अनुबंध की कीमत 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 91.15 डॉलर प्रति बैरल रह गई जबकि ब्रेंट क्रूड का दाम एक प्रतिशत की गिरावट दर्शाता 94.03 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

मीशो ने बीएसई के साथ साझेदारी में प्रोजेक्ट शिखर शुरू किया

नई दिल्ली। विनिमय करने वाले सालाना यूजर्स और ऑर्डर के मामले में भारत के सबसे बड़े ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, मीशो ने बीएसई के साथ साझेदारी में प्रोजेक्ट शिखर शुरू किया है। इसका उद्देश्य एमएसएमई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर सार्वजनिक सूचीबद्ध संस्था बनने में मदद करना है, ताकि वो अपने विकास के लिए पूंजी प्राप्त कर सकें। यह जमीनी स्तर पर काम करने वाले डिजिटल व्यवसायों को संस्थागत पूंजी प्राप्त करने में समर्थ बनाने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर वार्ता

नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते के प्रावधानों को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को यहां तीन-दिवसीय वार्ता शुरू हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

यह बातचीत वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुख्यालय वाणिज्य भवन में हो रही है। अमेरिकी दल का नेतृत्व उसके मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच कर रहे हैं, जबकि भारतीय पक्ष का नेतृत्व वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि दोनों पक्ष अंतरिम समझौते के विवरण को अंतिम रूप देने के साथ व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत को आगे बढ़ाने पर भी विचार कर रहे हैं। दोनों देशों ने फरवरी में इस समझौते की रूपरेखा तय करने की घोषणा की थी। सात फरवरी को जारी बयान में अमेरिका ने भारत पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति जताई थी और रूसी तेल खरीद से जुड़े 25 प्रतिशत शुल्क को भी हटा दिया था। बाकी शुल्क को भी घटाकर 18 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा गया था। हालांकि, 20 फरवरी को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक जवाबी सीमा शुल्कों को खारिज कर दिया। इसके बाद अमेरिकी प्रशासन ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत का समान शुल्क लागू करने की घोषणा की। एक अधिकारी के अनुसार, इन बदलावों को ध्यान में रखते हुए दोनों पक्ष समझौते की रूपरेखा की समीक्षा कर सकते हैं। इससे पहले अप्रैल में वाशिंगटन में भी दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई थी।

रॉयल एनफील्ड ने की हिमालयन बेस कैंप- लद्दाख एडिशन की घोषणा

नई दिल्ली। मिड-साईज मोटरसाईकल सेगमेंट में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड ने पहले हिमालयन बेस कैंप, लद्दाख एडिशन के आयोजन की घोषणा की है। यह फेस्टिवल के पारंपरिक फॉर्मेस से अलग एक ईवेंट है, जिसमें राईडर्स, खोजकर्ता, पवार्तारोही, ओवरलैंडर्स और वो लोग एकत्रित होंगे, जिनके लिए एडवेंचर केवल वीकेंड की गतिविधि नहीं, बल्कि पूरी दुनिया घूमने का तरीका है। रॉयल एनफील्ड अपने आध्यात्मिक स्थल पर वापस आकर लेह, लद्दाख में 11,480 फीट की ऊँचाई पर ऐसे अनुभव पेश कर रही है, जो इन इलाकों से जुड़े हैं। ये अनुभव मोटरसाईकल राईड से आगे बढ़कर सभी एडवेंचर प्रेमियों को साथ लेकर आएंगे। हिमालयन बेस कैंप में तीन दिनों तक एडवेंचरप्रेमियों का सबसे विशाल समूह देखने को मिलेगा।

आयोनोस एवं ब्लैक बॉक्स ने की साझेदारी

मुंबई। ब्लैक बॉक्स लिमिटेड और एआई-नेटिव एंटरप्राइस टेक्नोलॉजी कंपनी आयोनोस ने उपक्रमों को ढांचागत निर्माण से लेकर मापने योग्य कारोबारी परिणाम तक में एआई परिवर्तन में तेजी लाने में मदद के लिए एक रणनीतिक गठबंधन की आज घोषणा की। इस गठबंधन के तहत डेटा सेंटर्स, नेटवर्क कनेक्टिविटी, आधुनिक कार्यस्थल सॉल्यूशंस और मैनेज्ड सर्विसेस समेत ब्लैक बॉक्स की डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में विशेषज्ञता का आयोनोस के एप्लायड एआई प्लेटफॉर्मों और डोमेन आधारित सॉल्यूशंस के मेल से संगठन प्रत्येक चरण में सुरक्षा और लचीलेपन के साथ एआई का निर्माण, तैनाती और प्रबंधन कर सकेंगे। भारत एक असाधारण मोड़ पर खड़ा है। हम महज एआई का उपभोग नहीं कर रहे।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी से महंगाई बढ़ने की आशंका : रिपोर्ट

नयी दिल्ली। पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में वृद्धि से अर्थव्यवस्था पर मुद्रास्फीति-जनित दबाव बढ़ने की आशंका है, जिससे आने वाले महीनों में परिवहन एवं विनिर्माण लागत बढ़ सकती है और आम उपभोग की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं।

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया। रिपोर्ट कहती है कि 15 मई के बाद से पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है और अगर कच्चे तेल के दाम ऊंचे स्तर पर बने रहते हैं तो यह बढ़ोतरी निकट भविष्य में 10 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच सकती है। इसका असर पूरी अर्थव्यवस्था में ढुलाई लागत में बढ़ोतरी के जरिये दिखेगा, जिससे खाने-पीने की चीजों और अन्य वस्तुओं की महंगाई दोनों बढ़ेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, ईंधन कीमतों में वृद्धि का सीधा असर महंगाई पर पड़ेगा। ईंधन कीमतों में 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी से खुदरा मुद्रास्फीति करीब 0.36 प्रतिशत बढ़ सकती है। अगर ईंधन कीमतें 10 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ जाती हैं तो खुदरा महंगाई में करीब 0.48 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। ईंधन के दाम बढ़ने का सर्वाधिक प्रभाव सड़क परिवहन पर पड़ेगा क्योंकि इसकी लागत का लगभग 42 प्रतिशत हिस्सा ईंधन पर निर्भर है।

एबी इनबेव इंडिया ने किया रोड सेफ्टी लैब का उदघाटन

लखनऊ। एबी इनबेव इंडिया ने भारतकेयर्स और उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन विभाग के साथ साझेदारी में लखनऊ रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस, ट्रांसपोर्ट नगर में अपनी रोड सेफ्टी लैब का उद्घाटन किया। यह कंपनी की 7वीं रोड सेफ्टी लैब है। यह रोड सेफ्टी लैब एबी इनबेव की वैश्विक सड़क सुरक्षा पहल का हिस्सा है। इसे इमर्सिव एवं टेक्नोलॉजी आधारित लर्निंग एक्सपीरियंस के माध्यम से सड़क पर सुरक्षित ड्राइविंग की आदतों को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका उद्देश्य शराब पीकर गाड़ी चलाने, ओवर स्पीडिंग, अनियंत्रित तरीके से ड्राइविंग करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करने और यातायात के नियमों का पालन नहीं करने जैसे प्रमुख रिस्क फैक्टर पर चर्चा करते हुए लोगों की जागरूकता बढ़ाना है।

पेज एक का शेष

सुप्रीम कोर्ट

क्रमशः 16 जून और 28 जून को सेवानिवृत्त होंगे। उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने 27 मई को इन पांच नए नामों की सिफारिश की थी और चार दिन में ही इनकी नियुक्तियों को मंजूरी मिल गई। न्यायमूर्ति मोहना 2018 में न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा के बाद बार से सीधे उच्चतम न्यायालय में नियुक्त होने वाली देश की दूसरी महिला बन गई हैं। वह उच्चतम न्यायालय में सेवारत दो महिला न्यायाधीशों में से एक होंगी। उनके अलावा एक अन्य महिला न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना हैं जो 31 अगस्त, 2021 से शीर्ष अदालत की न्यायाधीश हैं। न्यायमूर्ति नागरत्ना के 2027 में एक महीने से अधिक समय के लिए प्रधान न्यायाधीश बनने की भी संभावना है। एक जनवरी, 1965 को जन्मे न्यायमूर्ति नागू अक्टूबर 1987 में अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत हुए थे।

उन्हें 27 मई, 2011 को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया और 23 मई, 2013 को वहां स्थायी न्यायाधीश बनाया गया। न्यायमूर्ति नागू को 25 मई, 2024 को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। उन्होंने नौ जुलाई, 2024 को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी।

सीबीएसई की

अनुपलब्ध करता है। छात्रों की प्रतिक्रिया के आधार पर, सीबीएसई ने कहा कि उसने प्लेटफॉर्म को और बेहतर बनाया है, जिसमें सत्र की समय सीमा बढ़ाना भी शामिल है, ताकि प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक और सुगम हो सके। बोर्ड ने कहा, हमारी टीम सतर्क और तत्पर है ताकि हमारे प्रिय छात्रों को हर संभव तरीके से सुविधा मिल सके। इससे पहले दिन में, सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन से असंतुष्ट छात्रों के लिए उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन एवं उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियों में पाई गई समस्याओं के सत्यापन हेतु मंगलवार को ऑनलाइन पोर्टल चालू कर दिया।

बोर्ड के अनुसार, यह सुविधा केवल उन छात्रों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियां प्राप्त की हैं। सीबीएसई ने कहा, उत्तर पुस्तिका की उपलब्ध कराई गई स्कैन प्रति में देखी गई समस्याओं के सत्यापन और उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन के लिए पोर्टल दो जून 2026 को शुरू कर दिया गया है। उत्तर पुस्तिका की उपलब्ध कराई गई स्कैन प्रति में यदि कोई समस्या है तो छात्र उसके सत्यापन और मूल्यांकन से संतुष्ट नहीं होने पर उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

सीबीएसई के

ने ऑन-स्क्रीन मार्किंग सेवाओं की खरीद प्रक्रिया की जांच के लिए एक विशेष जांच समिति का भी गठन किया है। सीबीएसई उस समय विवादों में घिर गई, जब कक्षा 12 के कुछ छात्रों ने आरोप लगाया कि बोर्ड की ओर से अपलोड की गई उनकी उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन प्रतियां उनकी लिखावट से मेल नहीं खातीं। इससे ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली में उत्तर पुस्तिकाओं के मिलान में संभावित गड़बड़ी को लेकर चिंताएं बढ़ गईं।

अधिकारियों के मुताबिक, सरकार ने सीबीएसई के चेयरमैन और सचिव का तबादला कर दिया है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा प्रक्रिया में ओएसएम प्रणाली के कार्यान्वयन को लेकर छात्रों और अभिभावकों ने चिंताएं जताई हैं। तकनीकी खामियों, भुगतान संबंधी विफलताओं और सत्यापन एवं पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया में देरी को लेकर भी बोर्ड को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है।

माफिया-मच्छर

शौचालय, मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा सहित अनेक जनकल्याणकारी सुविधाएं मिल रही हैं। पहले दंगे, अपराध और अराजकता प्रदेश की पहचान बन गए थे, जबकि आज सुरक्षा, विकास और गरीब कल्याण नई पहचान है। बिना रुके, बिना डिगे और बिना झुके सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस कुशीनगर में कभी मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय और एयरपोर्ट की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी, आज वहां अपना मेडिकल कॉलेज, अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जैसी सुविधाएं साकार रूप ले चुकी हैं। इसी सत्र से कृषि विश्वविद्यालय का संचालन शुरू होगा और बच्चों का प्रवेश कराया जाएगा। किसानों को गन्ने का मूल्य 315 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये प्रति कुंतल दिया जा रहा है तथा भुगतान भी समय पर सुनिश्चित किया जा रहा है। इंसेफेलाइटिस की बीमारी लगभग समाप्त हो चुकी है, ठीक वैसे ही जैसे उत्तर प्रदेश से माफिया राज समाप्त हुआ है। मच्छर बीमारी लाता था और माफिया बेरोजगारी, लेकिन डबल इंजन सरकार ने दोनों समस्याओं का समाधान किया है। आज कुशीनगर की बेटियां व युवा पुलिस समेत विभिन्न सरकारी नौकरियों में चयनित हो रहे हैं तथा निवेश से पैदा हो रहे नए रोजगारों का लाभ भी उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इसका श्रेय जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों को देते हुए कहा कि पहले तमकुही राज और फाजिलनगर विकास नहीं, उपेक्षा और मजाक का विषय बने हुए थे, जबकि आज विधायक और सांसद के प्रयासों से विकास परियोजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। फाजिलनगर का नाम बदलकर पावागढ़ करने का प्रस्ताव भेजा गया है, जिससे यह क्षेत्र भगवान महावीर की विरासत से जुड़कर वैश्विक पहचान प्राप्त करेगा। अच्छे जनप्रतिनिधि विकास, सुरक्षा, रोजगार और खुशहाली लेकर आते हैं तथा डबल इंजन सरकार हर किसान को उचित मूल्य, हर युवा को अवसर, हर बेटी को सुरक्षा और हर परिवार को बेहतर जीवन देने के संकल्प के साथ सतत कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण सदियों के संघर्ष, आस्था और संकल्प की विजय का प्रतीक है। 498 वर्ष पूर्व भगवान राम की जन्मभूमि पर विदेशी आक्रांता की ओर से मंदिर ध्वस्त किए जाने के बाद अनेक पीढ़ियां इसके पुनर्निर्माण के लिए संघर्ष करती रहीं, लेकिन राम मंदिर निर्माण को वास्तविक गति डबल इंजन की भाजपा सरकार के कार्यकाल में मिली। कांग्रेस आजादी के बाद चाहती तो राम मंदिर बना सकती थी, लेकिन उसने नहीं बनने दिया। समाजवादी पार्टी तो घोषित रूप से रामद्रोही रही है। ये लोग लगातार बाधाएं खड़ी करते रहे, लेकिन हमारा संकल्प अटूट था। आज अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बन चुका है और आधुनिक अयोध्या अपने वैभव, विकास और आध्यात्मिक भव्यता से त्रेता युग की अनुभूति कराती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक क्षण करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं से जुड़ा था और उस अवसर पर लोगों की आंखों में खुशी के आंसू थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता के एक वोट की ताकत का परिणाम अयोध्या, लखनऊ और दिल्ली तक दिखाई देता है। इसी जनादेश की ताकत से अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 समाप्त हुई और उत्तर प्रदेश ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण केंद्र बन रहा है। जब भारत का बहादुर जवान दुश्मन की छाती पर ब्रह्मोस दागता है, तो पाकिस्तान बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगता है। कुशीनगर के लोगों को अब विकास की राह पर पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं है, क्योंकि डबल इंजन सरकार विकास के लिए धन की कमी नहीं आने देगी और एक-एक पैसे का हिसाब रखते हुए हर क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करेगी।

पूर्वांचल के

स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन के सहयोग से वैकल्पिक व्यवस्था देंगे। यह विश्वविद्यालय न केवल किसान को आधुनिक तकनीक उपलब्ध कराने, बल्कि लागत कम-उत्पादन अधिक के साथ ही उसकी आमदनी को कई गुना बढ़ाने में भी बड़ी भूमिका का निर्वहन करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशीनगर अब पिछड़ा जनपद नहीं है, बल्कि यह बीमारी, उपद्रव, अराजकता से मुक्त है। यहां आपराधिक गतिविधियां व माफियागिरी बंद हुई है। यहां इंसेफेलाइटिस को पूरी तरह समाप्त किया जा चुका है। कुशीनगर अब उत्सवपूर्ण माहौल में विकास के नित नए प्रतिमान को स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां मेडिकल कॉलेज, प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की स्थापना, नए हाईवे, फोरलेन-टूलेन सड़कों का निर्माण हो रहा है। गोरखपुर-सिलीगुड़ी मार्ग भी कुशीनगर होते हुए निकल रहा है। कुशी नगर विकास की अनंत संभावनाओं को लेकर चल रहा है। देवरिया-कुशीनगर फोरलेन को पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है। नार्थ-साउथ कॉरिडोर के तहत पडरौना से लेकर केवल कसया व देवरिया ही नहीं, बल्कि प्रयागराज व उससे आगे बढ़ाने की योजना बनाई गई है। लखनऊ की दूरी भी अब कम हो चुकी है। सीएम योगी ने कहा कि जब गोरखपुर-सिलीगुड़ी मार्ग जुड़ेगा तो गोरखपुर से शामली तक भी इकॉनामिक कॉरिडोर का निर्माण होगा। प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने के साथ ही यहां सड़क, इंफ्रास्ट्रक्चर की बेहतरीन स्थिति हुई है।

मादक पदार्थो के

तो निस्संदेह, संप्रभुता को प्राथमिकता दी जाएगी, विशेष रूप से तब जब राष्ट्र के विरुद्ध युद्ध छेड़ा जाता है, चाहे वह मादक पदार्थों की आपूर्ति के रूप में ही क्यों न हो, जो राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और लोगों के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। न्यायालय ने इस मामले में कहा कि आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड है, जिसमें उसने स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत इसी तरह के अपराध किए हैं, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि जमानत पर रहते हुए आरोपी द्वारा ऐसा अपराध करने की आशंका नहीं है।

दो गुटों में

ऐसे लोगों को अपनी पार्टी में कैसे शामिल कर सकते हैं जो दागी हैं? इखढ का तृणमूलीकरण कभी नहीं होगा। दावा- ज्यादातर विधायक ममता के साथ रहेंगेः ळटउ के शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने कहा कि पार्टी के ज्यादातर विधायक दलबदल की अटकलों के बावजूद पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ ही रहेंगे और ळटउ के पुराने नेता संगठन पर अपना नियंत्रण बनाए रखेंगे। लगता नहीं ळटउ जिंदा रह पाएगीः कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि ममता ने जो बोया, वही काट रही हैं। असलियत यह है कि उनके पास विरोध करने के लिए लोग ही नहीं हैं। मुझे नहीं लगता ळटउ आगे जिंदा रह पाएगी। ळटउ के कार्यकर्ताओं में बहुत असंतोष है। ममता को अब 'कठऊकअ' ब्लॉक को मजबूत करने के बारे में सोचना चाहिए।

चारधाम यात्रा

विश्राम की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही यात्रियों को मौसम, मार्ग और दर्शन संबंधी ताजा जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आपदा प्रबंधन व्यवस्था को पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूस्खलन और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की आशंका वाले क्षेत्रों में मशीनरी, एम्बुलेंस, संचार उपकरण और राहत-बचाव दल पहले से तैयार रखे जाएं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। केदारनाथ पैदल मार्ग की सुविधाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने यात्रियों को वर्षा और धूप से राहत देने के लिए अतिरिक्त शेड, विश्राम केंद्र और सुरक्षा सुविधाओं को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।

प्रेमानन्द महाराज के आश्रम पहुंचे विराट कोहली

मथुरा (उप्र)। लगातार दूसरे वर्ष रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु (आरसीबी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ट्रॉफी में जीत दिलाने वाले क्रिकेटर विराट कोहली अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा संग मंगलवार को संत प्रेमानन्द महाराज के वृन्दावन स्थित आश्रम पहुंचे और गुरु का आशीर्वाद पाकर आभार जताया। आश्रम सूत्रों के अनुसार वे दोनों मुंह पर मास्क लगाए सुबहसुबह करीब सात बजे कार से वृन्दावन परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीहित राधा केलि कुंज आश्रम पहुंचे और संत के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वे यहां करीब दो घण्टे तक रहे। दोनों जब आश्रम के एकांतिक वार्ता कक्ष से बाहर निकले तो उनके माथे पर संत के समान

ही चंदन और त्रिपुण्ड नजर आ रहा था। उन्हें आश्रम से एक पुस्तक भी उपहार स्वरूप मिली जो वे बगल में दबाए चले आ रहे थे। उन्होंने स्वामी हित गोविंद शरण के आश्रम पहुंचकर उनके भी दर्शन किए। वे इससे पूर्व अप्रैल माह में अक्षय तृतीया के अवसर पर भी वृन्दावन पहुंचे थे और प्रेमानन्द के दर्शन कर बड़े ही प्रफुल्लित नजर आए थे। कोहली की टीम ने 31 मई को खेले गए आईपीएल के फाइनल मैच में गुजरात टाइटन्स को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरा आईपीएल खिताब जीता था।

आश्रम सूत्रों के अनुसार वे दोनों मुंह पर मास्क लगाए सुबहसुबह करीब सात बजे कार से वृन्दावन परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीहित राधा केलि कुंज आश्रम पहुंचे और संत के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वे यहां करीब दो घण्टे तक रहे। दोनों जब आश्रम के एकांतिक वार्ता कक्ष से बाहर निकले तो उनके माथे पर संत के समान ही चंदन और त्रिपुण्ड नजर आ रहा था।

वैभव सूर्यवंशी को केंद्र में रखकर बाल प्रतिभाओं पर अध्ययन करेगा आईआईएम इंदौर

इंदौर (मध्यप्रदेश)। कम उम्र में मिलने वाली प्रसिद्धि और इससे पैदा होने वाले दबाव विलक्षण प्रतिभा संपन्न बच्चों के भविष्य को किस तरह प्रभावित करते हैं, इसका जवाब तलाशने के लिए इंदौर का भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) क्रिकेट की नौजवान सनसनी वैभव सूर्यवंशी को केंद्र में रखकर एक अध्ययन करेगा।

आईआईएम के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूर्यवंशी हाल में समाप्त हुए आईपीएल में 16 पारियों में 237.30 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाकर टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर रहे। इस 15 वर्षीय बल्लेबाज को टी20 लीग का मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुना गया। उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक लगाकर ऑरेंज कैप भी जीती। आईआईएम इंदौर के निदेशक हिमांशु राय ने पीटीआई-भाषा से कहा कि संस्थान के अध्ययन का उद्देश्य केवल सूर्यवंशी की सफलता का विश्लेषण करना नहीं, बल्कि उन कारकों की पहचान करना है जो कम उम्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाली किसी प्रतिभा के विकास में भूमिका निभाते हैं। राय ने

कहा, हम समझना चाहते हैं कि विलक्षण प्रतिभा संपन्न बच्चों के असाधारण प्रदर्शन के पीछे कौन से कारक काम करते हैं? ऐसे प्रदर्शन के लिए व्यक्तित्व, व्यवहार और अभ्यास के तरीके के साथ-साथ माता-पिता, शिक्षकों, प्रशिक्षकों और वरिष्ठों का सहयोग भी महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में अनेक बाल प्रतिभाओं ने कम उम्र में बड़े मुकाम हासिल किए, लेकिन बाद में उन्हें धन, प्रसिद्धि, सोशल मीडिया और बढ़ती अपेक्षाओं के दबाव का सामना करना पड़ा। राय ने कहा, अपने अध्ययन में हम यह भी देखना चाहेंगे कि ऐसी अपेक्षाओं या व्यवधानों से कैसे निपटा जाए? उन्होंने कहा कि इस अध्ययन के लिए सूर्यवंशी का चयन इसलिए किया गया क्योंकि क्रिकेट भारत का बेहद लोकप्रिय खेल है और खासकर नौजवान खिलाड़ियों पर सार्वजनिक दबाव भी अन्य खेलों की तुलना में अधिक होता है। सूर्यवंशी ने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के एक सत्र में सबसे ज्यादा छक्के (59) लगाने के पिछले आईपीएल रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया क्योंकि उन्होंने आईपीएल 2026 में 72 छक्के जड़े। 15 वर्षीय खिलाड़ी ने जसप्रीत बुमराह, कागिसो रबाडा और पैट कमिंस जैसे विश्व के कुछ शीर्ष गेंदबाजों के खिलाफ अपने बेखौफ रवैये से सबको प्रभावित किया।

आईआईएम निदेशक ने बताया कि बाल प्रतिभाओं को लेकर संस्थान के अध्ययन में मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, मानव संसाधन, संचार और व्यवहार विज्ञान से जुड़े विशेषज्ञ शामिल होंगे। उनके मुताबिक अध्ययन अगले दो सप्ताह में शुरू किया जाएगा और इसे करीब तीन महीने में पूरा किए जाने का लक्ष्य है। राय ने कहा कि यह अध्ययन केवल खिलाड़ियों तक सीमित नहीं रहेगा और इसके निष्कर्ष गणित, विज्ञान, कला या अन्य क्षेत्रों में कम उम्र में असाधारण पहचान हासिल करने वाली प्रतिभाओं के लिए भी उपयोगी हो सकते हैं।

महिला टी-20 विश्व कप में टीम इंडिया प्रबल दावेदार

भारतीय टीम 14 जून को बर्मिंघम में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी

एजेंसी

अहमदाबाद। पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा का मानना है कि अब इंग्लैंड की परिस्थितियां किसी तरह से अपरिचित नहीं हैं और भारतीय महिला टीम टी20 विश्व कप में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारतीय टीम 14 जून को बर्मिंघम में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। चोपड़ा ने कहा, इंग्लैंड की परिस्थितियां अपरिचित नहीं हैं। भारतीय टीम में से कुछ या अधिकतर खिलाड़ी पहले भी वहां खेल चुके हैं। कम से कम वर्तमान टीम के प्रमुख खिलाड़ियों को वहां खेलने का अच्छा अनुभव है।

उन्होंने कहा, नंदिनी (शर्मा) की बात करें तो वह वहां अच्छा प्रदर्शन कर रही है। श्री चरणी का अपने संक्षिप्त करियर में पिछले 12 महीने में यह इंग्लैंड का दूसरा दौरा है। चोपड़ा ने कहा, मेरे लिए भारत प्रबल दावेदार है। निश्चित तौर पर मैं भारतीय टीम को शीर्ष चार में ही नहीं बल्कि शीर्ष दो और फिर शीर्ष पर देखना चाहती हूं। भारत के लिए टूर्नामेंट से पहले कुछ सकारात्मक पहलू रहे हैं। इनमें विकेटकीपर-बल्लेबाज यस्तिका भाटिया का चोट से उबरने के बाद वापसी करना भी शामिल है। बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने वापसी करते ही तुरंत प्रभाव छोड़ा और इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 40 गेंद में 54 रन की शानदार पारी खेली। इस मैच में कप्तान हरमनप्रीत कौर को आराम दिया गया था। यास्तिका ने इस तरह से तीसरे नंबर पर अपना मजबूत दावा पेश कर दिया है। जेमिमा रोड्रिग्स को बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजा गया है। ऐसे में चोपड़ा का मानना है कि भारतीय टीम प्रबंधन को अपनी बल्लेबाजी

लाइन-अप में अधिक लचीलापन अपनाने की जरूरत हो सकती है।

उन्होंने कहा, यह बहुत अच्छा है कि वह (यास्तिका) रन बना रही है और उसने पहले टी20 में रन बनाए। हालांकि दूसरे मैच में वह लंबी पारी खेलने से चूक गई। लेकिन इससे यह भी पता चलता है कि यह केवल जेमी, हरमन और यास्तिका के बीच संतुलन बनाने की बात नहीं है।

हरमनप्रीत के नेतृत्व में फिर गोल्ड की दावेदारी, एशियाड के लिए 33 खिलाड़ी रडार पर

नई दिल्ली। बीसीसीआई ने एशियाई खेलों के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। 2023 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम इस बार भी मजबूत संयोजन के साथ एशियाड में खिताब बचाने के इरादे से उतरेगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम आगामी एशियाई खेलों में प्रमुख खिलाड़ियों के दम पर अपने स्वर्ण पदक की रक्षा करने के लिए उतरेगी। बीसीसीआई की ओर से इन खेलों के लिए संभावितों में इंग्लैंड में होने जा रहे टी-20 विश्वकप की 15 में से 14 क्रिकेटरों को शामिल किया गया है। इनमें कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, शैफाली वर्मा जैसी क्रिकेटर शामिल हैं। भारतीय महिला और पुरुष क्रिकेट टीम ने 2023 के हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। बीसीसीआई ने इन खेलों के लिए 33 महिला क्रिकेटरों को लांग लिस्ट में जगह दी है। इन्हीं में से 15 सदस्यीय टीम एशियाई खेलों के लिए चुनी जाएगी। एशियाड में महिला क्रिकेट के मुकाबले 17 सितंबर से शुरू हो रहे हैं। 22 सितंबर को फाइनल खेला जाना है। भारत के अलावा महिला क्रिकेट में पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, मेजबान जापान खेल रहे हैं। चीन, मलयेशिया और थाईलैंड की तीन अन्य टीमों ने इन खेलों के लिए क्वालिफाई किया है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने 2023 में श्रीलंका को 19 रन से हराकर ऐतिहासिक पहला एशियाड स्वर्ण जीता था।

नेपाल ने चीन को 221 रनों से हराया

नेपाल ने टी20 में दूसरी बार बनाया 300 का स्कोर, कुशल ने ओवर में 6 छक्के लगाये

सिंगापुर। नेपाल ने टी-20 क्रिकेट में दूसरी बार 300 रन से ज्यादा का स्कोर बनाया है। टीम ने रविवार को एशियन गेम्स के क्वालिफायर में चीन के खिलाफ यह कारनामा किया है। इस मुकाबले में नेपाल को 221 रन की जीत मिली। सिंगापुर के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चीन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। नेपाल ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवरों में 2 विकेट पर 313 रन बनाए। जवाब में चीन 92 रन पर ऑलआउट हो गई। नेपाल की ओर से ओपनर कुशल भुर्तेल ने एक ओवर में लगातार 6 छक्के लगाने का कारनामा भी किया। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे। नेपाल ने अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया है। टीम ने सितंबर 2023 में एशियन गेम्स 2023 में मंगोलिया के खिलाफ 314/3 का स्कोर बनाया था। नेपाल ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट के इतिहास में 7वीं सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड जिम्बाब्वे के नाम है। उसने 2024 में गाम्बिया को 290 रन से हराया था। भुर्तेल ने एक ओवर में लगातार 6 छक्के जड़ने का कारनामा भी किया। उन्होंने 9वें ओवर में जोयू चेन की गेंद पर 6 छक्के लगाए। हालांकि, बीच में एक वाइड गेंद भी शामिल रही। उनके ओवर से कुल 37 रन आए। कुशल ने 43 गेंदों में 300 के स्ट्राइक रेट से 129 रन बनाए। यह टी-20 इंटरनेशनल का संयुक्त रूप से 5वां सबसे तेज शतक है। उन्होंने रोहित शर्मा की बराबरी की। रोहित शर्मा ने टी-20 इंटरनेशनल में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंदों पर शतक जड़ा था। कुशल भुर्तेल ने इस पारी में 16 छक्के लगाए और एक टी-20 पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में वैभव सूर्यवंशी को पीछे छोड़ा। वैभव ने इंडिया ए के लिए खेलते हुए एशिया कप राइजिंग स्टार्स में 144 रन की पारी में 15 छक्के लगाए थे। भुर्तेल ने अभिषेक शर्मा के टी-20 इंटरनेशनल में 37 गेंदों पर शतक के रिकॉर्ड को भी तोड़ा। कुशल भुर्तेल ने अपनी पारी में 16 छक्के लगाए। 314 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चीनी टीम 19.2 ओवरों में 92 रन पर सिमट गई। चीन की तरफ से सिर्फ शेनझियान झेंग ने संघर्ष किया और 15 गेंदों में 31 रन बनाए। इसके अलावा चीन के 4 बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल

सके। वहीं दूसरी ओर पूर्व भारतीय लेग स्पिनर साईराज बहुतुले को मंगलवार को पुरुष राष्ट्रीय टीम का स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया जो पहले देश की अंडर-19 और भारत ए टीम के साथ काम कर चुके हैं। बहुतुले दो टेस्ट और आठ वनडे में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह हाल में समाप्त हुई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के साथ थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बयान में कहा, बीसीसीआई को यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि साईराज बहुतुले को भारतीय क्रिकेट टीम (सीनियर टीम) का स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है।

घरेलू सर्किट में शानदार प्रदर्शन करने वाले 53 साल के बहुतुले ने लगभग दो दशकों तक चले प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर में 630 विकेट चटकाए हैं और 6,176 रन जुटाए। बहुतुले ने संन्यास लेने के बाद कोचिंग में प्रभावित किया है जिसमें वह विदर्भ, केरल, गुजरात और बंगाल के मुख्य कोच रहे। वह आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स और हाल में पंजाब किंग्स के साथ स्पिन गेंदबाजी कोच के तौर पर भी काम कर चुके हैं। वह 2021 और 2024 के बीच बीसीसीआई की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (अभी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) से जुड़े रहे।

संक्षेप

पाटीदार एमपीएल में ग्वालियर चीता की करेंगे अगुवाई

ग्वालियर। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को लगातार दो आईपीएल खिताब जिताने के बाद रजत पाटीदार अब मध्य प्रदेश टी20 लीग में जेकेसी स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली ग्वालियर चीता टीम की कप्तानी में करेंगे। ग्वालियर चीता की टीम लीग के पिछले सत्र में सेमीफाइनल तक पहुंची थी। ग्वालियर चीता टीम 2026 सत्र के अपने पहले मैच में बुधवार को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में उज्जैन फाल्कन्स के खिलाफ खेलेगी। पिछले सत्र में 14 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज रहे मंगेश यादव भी टीम में शामिल है। आदित्य श्रीवास्तव टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे।

भारतीय राइडर केविन क्विंटल ने स्पेन में प्रभावित किया

जेरेज (स्पेन)। भारतीय मोटरसाइकिल चालक केविन क्विंटल ने यहां शुरुआती दौर में दो पोडियम स्थान हासिल करके अपने 2026 कोपा डे एस्पाना डे वेलोसिडैड अभियान की शानदार शुरुआत की। चेन्नई के राइडर केविन बीएमडब्ल्यू ईजीरेस टीम के लिए मुकाबला कर रहे थे। वह शनिवार को बीएमडब्ल्यू एम1000आआर पर पहली रेस में दूसरे स्थान पर रहे। इसके बाद उन्होंने रविवार को दूसरी रेस में भी सुपरबाइक 1000 सीसी वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया। केविन ने 2024 में चेक गणराज्य में विश्व एसबीके रेस में सुपरस्पोर्ट 300 विश्व चैंपियनशिप में मुकाबला करने वाले पहले भारतीय के रूप में इतिहास रचा था।

भारतीय बल्लेबाजों को नेट अभ्यास कराएंगे नबी सहित सात गेंदबाज

मुल्लांपुर। जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज औकिब नबी डार को अफगानिस्तान के खिलाफ छह जून से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भारत के नेट अभ्यास सत्र के लिए चुने गए सात गेंदबाजों में शामिल किया गया है।

भारतीय महिला टीम सैफ सेमीफाइनल में भूटान के खिलाफ होगी प्रबल दावेदार

एजेंसी

मडगांव। पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम बुधवार को यहां सैफ महिला चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में भूटान के खिलाफ प्रबल दावेदार के तौर पर शुरुआत करेगी और ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन के बाद उसकी निगाहें खिताबी मुकाबले में जगह बनाने पर लगी होंगी।

भारतीय टीम दो मैच में छह अंक से ग्रुप बी में शीर्ष पर रही जिसमें उसने मालदीव पर 11-0 की जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया और फिर गत चैंपियन बांग्लादेश के खिलाफ 3-0 से आत्मविश्वास बढ़ाने वाली जीत दर्ज की। बांग्लादेश के खिलाफ भारत के शानदार प्रदर्शन ने उनके खिताब जीतने की संभावना को और मजबूत कर दिया जिसमें प्यारी खाखा, लिंडा कोम सेर्टो और मालविका पी ने गोल करके पड़ोसी देश का प्रतियोगिता में हालिया कब्जा खत्म कर दिया। इस जीत ने यह पक्का कर दिया कि भारत ग्रुप विजेता रहे जिससे उसका ग्रुप ए की उप विजेता भूटान के साथ सेमीफाइनल मुकाबला तय हो गया।

भूटान ने अपने पहले मैच में 0-1 से हारने से पहले ग्रुप विजेता नेपाल को हराया। उनका अनुशासित डिफेंस और मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ मुकाबला करने की काबिलियत उन्हें मेजबानों के लिए मुश्किल बना सकती है। भारत अपनी आक्रामक गहराई पर भरोसा करेगा जिसने पहले ही दो मैच में 14 गोल किए हैं। दिन में पहले सेमीफाइनल में पारंपरिक बड़ी टीमें नेपाल और बांग्लादेश आमने-सामने होंगी। ऐसे में भारत किसी भी गलती से बचना चाहेगा।

यूक्रेन की कोस्त्युक सेमीफाइनल में

एजेंसी

पेरिस। मौजूदा सत्र में क्ले कोर्ट पर शानदार लय में चल रहीं मार्ता कोस्त्युक ने फ्रेंच ओपन के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना रूस की युवा खिलाड़ी मीरा आंद्रिवा से होगा। कोस्त्युक ने मंगलवार को खेले गये अंतिम आठ मुकाबले में हमवतन एलिना स्वितोलिना को 6-3, 2-6, 6-2 से हराकर अपने करियर के पहले ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

रूस की 19 वर्षीय आंद्रिवा ने दूसरे क्वार्टर फाइनल में रोमानिया की अनुभवी खिलाड़ी सोराना सिर्स्टिया को 6-0, 6-3 से एकतरफा मुकाबले में पराजित किया। फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में 17 साल के लंबे अंतराल के बाद पहुंची 36 वर्षीय सिर्स्टिया शुरुआत से ही लय हासिल नहीं कर सकीं। आंद्रिवा की सटीक ग्राउंडस्ट्रोक्स और आक्रामक नेट प्ले के सामने उनकी वापसी की कोशिश ज्यादा देर टिक नहीं पाई।

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच यूक्रेन की मुखर समर्थक कोस्त्युक का टूर स्तर पर आंद्रिवा के खिलाफ 2-0 का रिकॉर्ड है। कोस्त्युक क्वार्टर फाइनल ने जीत के बाद कहा, यूक्रेन, विशेषकर कीव में एक बार फिर बेहद कठिन रात गुजरी है। कई लोगों की जान गई है। मैच में सातवीं वरीयता प्राप्त स्वितोलिना ने धीमी शुरुआत के बाद वापसी की कोशिश की, लेकिन निर्णायक सेट के महत्वपूर्ण अंकों पर 15वीं वरीय कोस्त्युक अधिक प्रभावी रहीं। इस जीत के साथ क्ले कोर्ट पर उनका 2026 का रिकॉर्ड 17-0 हो गया।

रूस की आंद्रिवा से होगा मुकाबला

कोस्त्युक पेशेवर युग (1968 के बाद) में फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली यूक्रेन की पहली महिला बन गई हैं। स्वितोलिना अन्य तीनों ग्रैंड स्लैम में सेमीफाइनल खेल चुकी हैं, लेकिन फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में छठी बार भी जीत दर्ज नहीं कर सकीं। आंद्रिवा दो वर्ष के अंतराल के बाद दूसरी बार फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची हैं।

एफआईएच नेशंस कप : लालथंटलुआंगी और डबास भारतीय टीम में शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। युवा डिफेंडर लालथंतलुआंगी और शिल्पी डबास को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

भारत को टूर्नामेंट में जापान, अमेरिका और उरुग्वे के साथ पूल ए में रखा गया है, जबकि पूल बी में मेजबान न्यूजीलैंड, चिली, कोरिया और फ्रांस शामिल हैं। भारत 15 जून को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके एक दिन बाद उसका सामना जापान से होगा। पूल चरण के अंतिम मैच में उसका मुकाबला 18 जून को उरुग्वे से होगा। सेमीफाइनल 20 जून और फाइनल 21 जून को खेला जाएगा। सलीमा टेटे इस टूर्नामेंट में भी टीम की कप्तानी करेगी। सविता और बिचु देवी खारीबाम गोलकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। रक्षा पंक्ति में अनुभवी सुशील चानू, इशिका चौधरी, निक्की प्रधान और ज्योति के साथ लालथंटलुआंगी और डबास भी शामिल होंगी, जिन्हें हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के दौरे के दौरान पहली बार सीनियर टीम में जगह मिली थी। मध्य पंक्ति की कमान सलीमा संभालेंगी, जिन्हें नेहा, सुनेलिता टोप्पो, साक्षी राणा और ऑस्ट्रेलिया में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाली दीपिका सोरेंग का सहयोग मिलेगा।

अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, दीपिका, रुतुजा दादासो पिसल, अन्नु और इशिका शामिल हैं जिन्हें अटैकिंग मिडफील्डर लालरेम्सियामी और सोनम का भी सहयोग मिलेगा। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के सफल दौरे के बाद नेशंस कप में भाग लेगी।

सिंधु दूसरे दौर में, श्रीकांत, मालविका बाहर

एजेंसी

जकार्ता। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बावजूद मंगलवार को यहां सीधे गेम में जीत हासिल करके इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन किदांबी श्रीकांत पहले दौर की बाधा पार करने में नाकाम रहे। सिंधु ने इस सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के मैच में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को 51 मिनट में 25-23, 21-16 से पराजित किया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया।

उन्हें पहले गेम में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने शुरू से लेकर आखिर तक अपनी लय बरकरार रखी और सीधे गेम में जीत दर्ज की। गैर-वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी सिंधु का सामना दूसरे दौर में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से-यंग से हो सकता है जिन्होंने उन्हें पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में हराया था। आन के खिलाफ भारतीय खिलाड़ी का रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक जो नौ मैच खेले गए हैं उन सभी में सिंधु को हार का सामना करना पड़ा। श्रीकांत पुरुष एकल के पहले दौर में जापान के युशी तनाका से 19-21, 15-21 से हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए। महिला वर्ग

में मालविका बंसोड भी पहले दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। उन्हें थाईलैंड की सातवीं वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग ने आसानी से 21-12, 21-10 से हराया। पुरुष युगल में हरिहरन आमसकारुनन और एमआर अर्जुन ने शानदार खेल का नमूना पेश किया तथा अपने से अधिक रैंकिंग वाली मलेशियाई जोड़ी नूर मोहम्मद अजरीन अयूब और टैन वी किओंग पर 21-18, 21-10 की जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया।

आईसीसी का निलंबन अप्रत्याशित, सुधारात्मक कदम जारी : क्रिकेट कनाडा

टोरंटो। क्रिकेट कनाडा ने कहा है कि उसकी सदस्यता निलंबित करने का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का फैसला अप्रत्याशित था लेकिन संस्था ने वैश्विक क्रिकेट संस्था द्वारा बताई गए संचालन और वित्तीय कमियों को दूर करने के लिए व्यापक सुधारात्मक कदम शुरू कर दिए हैं। आईसीसी ने रविवार को अहमदाबाद में हुई अपनी बोर्ड बैठक में क्रिकेट कनाडा की सदस्यता तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी। आईसीसी के अनुसार यह कार्वाई सदस्यता संबंधी दायित्वों के गंभीर उल्लंघनों के कारण की गई। हालांकि विश्व क्रिकेट संस्था ने स्पष्ट किया कि खिलाड़ियों के हितों की रक्षा के लिए कनाडा की राष्ट्रीय टीमें आईसीसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पात्र बनी रहेंगी।

मध्य कमान व सैदपुर ब्रिगेड ने जीत के साथ शुरू किया अभियान

खेल संवाददाता

लखनऊ। मध्य कमान (सेंट्रल कमांड) मुख्यालय और सैदपुर ब्रिगेड ने मध्य यूपी सब एरिया मुख्यालय के तत्वावधान में लखनऊ सैन्य स्टेशन में आयोजित ऑफिसर्स सिक्स-ए-साइड हॉकी टूर्नामेंट के पहले दिन जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया। मंगलवार से शुरू हुए टूर्नामेंट में लखनऊ स्टेशन की विभिन्न सैन्य संस्थाओं की अधिकारी टीमों ने उत्साह एवं खेल भावना के साथ प्रतिभाग किया। पहले मैच में मध्य कमान मुख्यालय ने रोमांचक मुकाबले में मध्य यूपी सब एरिया मुख्यालय को 4-3 से शिकस्त दी। इस मैच में कांटे की टक्कर देखने को मिली। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाया। हालाकि मध्य कमान मुख्यालय ने निर्णायक क्षणों में बेहतर तालमेल की बदौलत जीत दर्ज की। दिन के दूसरे मुकाबले में सैदपुर ब्रिगेड ने एएमसी सेंटर एंड कॉलेज को 4-1 से हराकर प्रभावशाली जीत दर्ज की। सैदपुर ब्रिगेड ने शुरू से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी और शानदार टीमवर्क के दम पर एकतरफा जीत अपने नाम की। टूर्नामेंट के दौरान मैचों के संचालन में

ऑफिसर्स सिक्स-ए-साइड हॉकी टूर्नामेंट

स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) तकनीकी सहयोग प्रदान कर रहा है, जिसके प्रशिक्षित रेफरी और अंपायर मैचों का संचालन कर रहे हैं। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 5 जून 2026 को खेला जाएगा। टूर्नामेंट का आयोजन अधिकारियों के बीच खेल भावना, सौहार्द और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। आज मैच के दौरान खिलाड़ियों में उत्साह, सहभागिता एवं खेल के प्रति समर्पण देखने को मिला जो भारतीय सेना की शारीरिक दक्षता, टीम भावना एवं आपसी एकजुटता की गौरवशाली परंपरा को दर्शाता है।

इजराइल के ड्रोन हमलों में आठ की मौत

ट्रंप ने एक दिन पहले किया था दावा, इजराइल और हिजबुल्ला तनाव कम करने पर हो गये हैं सहमत

बेरूत। दक्षिणी लेबनान में मंगलवार को इजराइल के ड्रोन हमलों में आठ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में एक व्यक्ति और उसका पुत्र व पुत्री शामिल हैं। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक दिन पहले कहा था कि इजराइल और हिजबुल्ला तनाव कम करने पर सहमत हो गए हैं।

इजराइल ने सोमवार को बेरूत के दक्षिण उपनगरों पर हमला करने की धमकी दी, जिससे लेबनान की राजधानी में दहशत फैल गई और हजारों लोग सुरक्षित क्षेत्रों की ओर जाने लगे। जवाब में हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल पर कई रॉकेट दागे। इसके बाद ट्रंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बातचीत की और मध्यस्थों के जरिये लेबनानी उग्रवादी समूह हिजबुल्ला के पदाधिकारियों से भी संपर्क साधा। उन्होंने घोषणा की कि 'बेरूत में कोई सेना नहीं भेजी जाएगी।' लेबनान की सरकारी नेशनल न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को प्रसारित खबर में कहा कि इजराइली ड्रोन ने मरजायौन कस्बे को नबातीयेह शहर से जोड़ने वाली सड़क पर खड़ी एक कार पर निशाना साधा, जिससे ईसाई बहुल शहर कलाया के रहने वाले एक डेंटिस्ट जेम्स कैरम और उनके पुत्र व पुत्री की मौत हो गई। लेबनानी सेना ने कहा कि नबातीयेह के बाहर हुए एक अन्य ड्रोन हमले में दो सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए। नेशनल न्यूज एजेंसी की खबर के मुताबिक, जिबचित गांव में हुए ड्रोन हमले में एक पौधशाला में काम करने वाले दो सीरियाई नागरिक मारे गए, जबकि पास के ही तोल गांव पर हुए एक अन्य हमले में दो लोगों की जान चली गई। तीसरा हमला हारूफ गांव के पास एक कार पर हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। खबर के अनुसार, सोमवार को इजराइल की ओर से मारवानियेह गांव में किए गए हवाई हमले में छह लोग मारे गए। हिजबुल्ला ने मंगलवार को कहा कि उसके लड़ाकों ने इजराइल सीमा से लगभग सात किलोमीटर दूर हदाथा गांव में घुसने की कोशिश कर रहे इजराइली सैनिकों पर टैंक-रोधी मिसाइल दागी। इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि उत्तरी इजराइल के कई इलाकों में हवाई हमलों के प्रति आगाह करने वाले सायरन बजे। बयान में कहा गया कि दक्षिणी लेबनान में जिस क्षेत्र में इजराइली सैनिक अभियान चला रहे हैं, वहां एक ठिकाने पर हवाई हमले की खबर है, हालांकि उसमें किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है।

ईरान युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार संसद के सामने गवाही देंगे रूबियो

वाशिंगटन। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो को मंगलवार को ट्रंप प्रशासन के वैश्विक स्तर पर कमजोर या ठप पड़े राजनयिक प्रयासों के बारे में संसद में कई सवालों का सामना करना पड़ेगा। वह ईरान युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार कैपिटलहिल (अमेरिकी संसद परिसर) में एक के बाद एक सुनवाई के लिये पेश होंगे।

रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व सीनेटर विदेश विभाग के वार्षिक बजट प्रस्ताव को प्रस्तुत करने के लिए, हाउस और सीनेट की समितियों के समक्ष उपस्थित होंगे। लेकिन ध्यान जल्द ही वाशिंगटन और तेहरान के बीच पहले से ही अस्थिर युद्धविराम पर केंद्रित होने की संभावना है, जिसकी हाल के दिनों में दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे पर किए गए हमलों से और कड़ी परीक्षा हुई है। रूबियो समेत मंत्रिमंडल के सदस्यों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पश्चिम एशिया में लंबे समय तक चलने वाले युद्धों में शामिल होने के वर्षों के वादों के बावजूद संघर्ष शुरू करने के फैसले का बचाव किया है। ट्रंप के संघर्ष संबंधी बदलते लक्ष्यों ने इस काम को और भी मुश्किल बना दिया है। रूबियो 28 फरवरी को ईरान युद्ध शुरू होने के बाद हालांकि पहली बार कांग्रेस के सामने गवाही दे रहे हैं, लेकिन उन्होंने पहले अमेरिकी और इजराइली हमलों के कुछ दिनों बाद सांसदों के लिए एक गोपनीय ब्रीफिंग में भाग लिया था। उन्हें संसद की मंजूरी न मिलने पर डेमोक्रेट्स के गुस्से का सामना करना पड़ा, लेकिन अमेरिका के सबसे पुराने दुश्मनों में से एक के खिलाफ कार्वाई करने के लिए अधिकांश रिपब्लिकन मजबूती से उनके साथ खड़े दिखे। युद्ध शुरू होने के बाद से दो महीनों में, रिपब्लिकन सांसदों के एक छोटे लेकिन बढ़ते हुए गुट ने डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर इस संघर्ष की बढ़ती लागत और समग्र आर्थिक परिणामों पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है, क्योंकि शरद ऋतु में मध्यावधि चुनाव होने वाले हैं।

संक्षेप

प्रधान की बर्खास्तगी जरूरी: कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के चेयरमैन और सचिव के तबादले के बाद कहा कि ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली से संबंधित अनियमितता के मामले में नौकरशाही नहीं, बल्कि राजनीतिक नेतृत्व की जवाबदेही तय होनी चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि न्याय का तकाजा है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त किया जाए। केंद्र सरकार ने ओएसएम प्रणाली के ठेका देने के लिए सीबीएसई की ओर से अपनाई गई प्रक्रिया से संबंधित मुद्दों की जांच के लिए एक-सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति की अध्यक्षता क्षमता निर्माण आयोग की अध्यक्ष एस राधा चौहान करेंगी। सीबीएसई के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का मंगलवार को बोर्ड से तबादला भी कर दिया गया। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, सीबीएसई चेयरमैन और सचिव का तबादला कर दिया गया है। न्याय का तकाजा है कि शिक्षा मंत्री प्रधान को बर्खास्त किया जाए। उन्होंने कहा कि सीबीएसई नेतृत्व की विदाई और सीबीएसई की ओएसएम प्रणाली की जांच के लिए एक सदस्यीय समिति के गठन से साबित होता है कि निष्क्रियता हुई और बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की गई थीं। यह जेन जी छात्रों की प्रतिभा और कौशल का प्रमाण है।

बिजली क्षेत्र के नुकसान को कम करना समय की जरूरत

चंडीगढ़। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि बिजली क्षेत्र में होने वाले नुकसान को कम करना बहुत इसकी बढ़ती मांग को पूरा करना समय की आवश्यकता है।

मंत्री ने जोर दिया कि उपभोक्ताओं के लिए निर्बाध और बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के मकसद से कंपनियों को आधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाना चाहिए तथा लक्ष्य आधारित योजनाओं और परियोजनाओं को लागू करना चाहिए। मंत्री ने कहा कि बिजली न केवल एक आवश्यक सार्वजनिक सेवा है, बल्कि आय का एक संसाधन भी है, जिसके उत्पादन और वितरण में काफी लागत आती है। इसलिए, बिजली वितरण प्रणाली को मजबूत और आधुनिक बनाना बहुत जरूरी है। वह सोमवार देर शाम यहां हरियाणा की बिजली कंपनियों और विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए आयोजित एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज भी बैठक में मौजूद रहे।

शिक्षा की शक्ति से आगे बढ़कर सशक्त आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करें युवा

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि जब युवा शिक्षा और प्रौद्योगिकी की शक्ति के बलपर आगे बढ़ेंगे, तो वे एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करेंगे।

जनजातीय मामलों के मंत्रालय की प्रमुख छात्रवृत्ति योजनाओं के लाभार्थियों के एक समूह से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात के बाद उनको संबोधित करते हुए मुर्मु ने कहा कि भारत सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आदिवासी समुदायों के युवाओं को सशक्त बनाने और उनका उत्थान करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा सशक्तीकरण का एक महत्वपूर्ण साधन है और इसमें ही वह शक्ति है जो किसी व्यक्ति को आत्मनिर्भर, जागरूक और सक्षम बनाती है। उन्होंने कहा कि उनकी अपनी जीवन-यात्रा में भी शिक्षा ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि युवाओं की शिक्षा और अनुभव उन बच्चों के लिए प्रेरणा बनने चाहिए जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने का साहस रखते हैं। जब वे दूसरों को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे, तभी राष्ट्र का समावेशी विकास एक वास्तविकता बन पाएगा। जब युवा अपनी विरासत पर गर्व करते हुए, शिक्षा और प्रौद्योगिकी की शक्ति के बल पर आगे बढ़ेंगे।

चौहान ने मानसून प्रगति व खरीफ फसलों की सुरक्षा पर दिया जोर

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति की मंगलवार को समीक्षा की।

उन्होंने साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समय पर कृषि परामर्श जारी करें तथा अल-नीनो के संभावित प्रभाव से खरीफ फसलों को बचाने के लिए राज्यों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखें। चौहान ने अधिकारियों से मानसून की स्थिति पर लगातार नजर रखने को कहा और बताया कि सरकार सतर्क है। उन्होंने बैठक में अधिकारियों से कहा, राज्यों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करें और त्वरित कार्रवाई करें। आधिकारिक बयान के अनुसार, उन्होंने किसानों को समय पर सलाह और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। बयान में कहा गया कि किसानों के हितों की रक्षा एवं खरीफ फसलों पर प्रभाव को कम करने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संबंधित सभी विभागों तथा एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित थे। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के केरल में चार जून के आसपास पहुंचने की संभावना है। केरल में आम तौर पर मानसून एक जून के आसपास पहुंचता है, जो दक्षिण-पश्चिम मानसून सत्र (जून-सितंबर) की शुरुआत का संकेत होता है। आईएमडी के नवीनतम पूर्वानुमान के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य का करीब 90 प्रतिशत रहने की संभावना है जिससे सामान्य से कम बारिश का संकेत मिलता है और फसलों पर जोखिम का दबाव बढ़ सकता है। खासकर यदि अल-नीनो की स्थिति मजबूत होती है। भारत की वार्षिक वर्षा में 70-75 प्रतिशत का योगदान देने वाला दक्षिण-पश्चिम मानसून धान जैसी खरीफ फसलों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि शुद्ध बोए गए क्षेत्र के 51 प्रतिशत हिस्से पर सिंचाई नहीं होती तथा वह वर्षा पर निर्भर है।

सरकार थोक मूल्य सूचकांक को उत्पादक मूल्य सूचकांक से बदलेगी, नयी श्रृंखला 15 जून से

नयी दिल्ली। सरकार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) को समाप्त करेगी और उत्पादन, कच्चे माल और सेवाओं की कीमतों को शामिल करने वाला विस्तृत उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) लागू करेगी। इसका मकसद अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति के रुख का अधिक वास्तविक आकलन करना है।

इस बारे में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के प्रधान आर्थिक सलाहकार प्रवीण महतो ने संवाददाताओं से कहा कि उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) 15 जून को नए आधार वर्ष 2022-23 के साथ डब्ल्यूपीआई की संशोधित श्रृंखला जारी करेगा। यह आधार वर्ष 2011-12 वाली मौजूदा श्रृंखला का स्थान लेगा। इसके अतिरिक्त, विभाग 15 जून से पीपीआई को एक नई श्रृंखला जारी करेगा। इसमें तीन सूचकांक उत्पादन पीपीआई, परीक्षण कच्चा माल पीपीआई और सेवा पीपीआई होंगे। शुरू में, सेवा पीपीआई में सात सेवाएं बैंकिंग, प्रतिभूति लेनदेन, बीमा, पेंशन निधि प्रबंधन, रेलवे, हवाई (यात्री) और दूरसंचार होंगी। मंत्रालय ने बयान में कहा, मूल्य वृद्धि संबंधी प्रावधानों में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के व्यापक उपयोग को देखते हुए, यह सूचकांक पीपीआई के साथ संशोधित श्रृंखला जारी होने की तारीख से पांच वर्षों तक जारी किया जाएगा और उसके बाद इसे समाप्त कर दिया जाएगा। पांच वर्ष की अवधि उपयोगकर्ताओं को डब्ल्यूपीआई से पीपीआई में बदलने के लिए पर्याप्त समय देगी। महतो ने कहा कि पांच साल के बाद, पीपीआई द्वारा डब्ल्यूपीआई को प्रतिस्थापित किए जाने की उम्मीद है। डब्ल्यूपीआई से पीपीआई में बदलाव विकसित अर्थव्यवस्थाओं में अपनाई गई वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की सिफारिशों के अनुरूप है। उत्पादन पीपीआई और कच्चे माल पीपीआई दोनों की उपलब्धता से किसी उद्योग में उपयोग होने वाले कच्चे माल की तुलना में अंतिम रूप से तैयार वस्तुओं की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। इससे यह भी पता चलता है कि उत्पादकों द्वारा अनुभव की जानी वाली कच्चे माल की महंगाई को किस प्रकार उत्पादित वस्तुओं पर स्थानांतरित किया जाता है। महतो ने बताया कि प्रशासनिक स्रोतों/एजेंसियों से उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर पहले चरण में सात सेवाओं के लिए सेवा पीपीआई संकलित किए गए हैं। आगामी चरणों में सेवाओं के पीपीआई में और अधिक सेवाएं जोड़ने की योजना है। यह आंकड़ों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। डीपीआईआईटी ने बताया कि डब्ल्यूपीआई और उत्पादन पीपीआई मासिक आधार पर संकलित किए जा रहे हैं।

इंटरटेनमेंट...

न्यूयॉर्क फिल्म महोत्सव : फिल्म बूंग ने जीते तीन पुरस्कार



न्यूयॉर्क। बाफ्टा पुरस्कार विजेता मणिपुरी फिल्म बूंग ने हाल ही में संपन्न न्यूयॉर्क भारतीय फिल्म महोत्सव में तीन पुरस्कार अपने नाम किए हैं, जिनमें मुख्य भूमिका निभाने वाले युवा कलाकार को दिया गया सर्वश्रेष्ठ बाल अभिनेता का सम्मान भी शामिल है। चार दिवसीय न्यूयॉर्क भारतीय फिल्म महोत्सव (एनवाईआईएफएफ)-2026 रविवार को एक पुरस्कार समारोह के साथ संपन्न हुआ, जिसमें भारतीय सिनेमा की उत्कृष्ट कृतियों को दस प्रतिस्पर्धी श्रेणियों में सम्मानित किया गया।

यह महोत्सव 28 से 31 मई तक आयोजित हुआ, जिसमें 15 भाषाओं की विविध फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। यह इस बात को रेखांकित करता है कि समकालीन भारतीय सिनेमा में क्षेत्रीय कहानियों का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। यह आयोजन उत्तरी अमेरिका के सबसे लंबे समय से चल रहे भारतीय स्वतंत्र सिनेमा महोत्सव में भारतीय फिल्मों और कलाकारों को एक साथ लाया। इस वर्ष के फिल्म महोत्सव का आयोजन इंडो-अमेरिकन आर्ट्स काउंसिल (आईएएसी) की ओर से किया गया था, जिसमें 19 फीचर फिल्में, चार वृत्तचित्र एवं 27 लघु फिल्में शामिल थीं। इनमें कई विश्व प्रीमियर भी थी, साथ ही एक विशेष एलजीबीटीक्यू शॉर्ट्स कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। फिल्म महोत्सव का शीर्ष सम्मान फिल्म बख्शो बोंदी को मिला, जिसे सर्वश्रेष्ठ फिल्म चुना गया। वहीं, इस वर्ष फरवरी में प्रतिष्ठित बाफ्टा पुरस्कार की सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक फिल्म श्रेणी में इतिहास रचने वाली मणिपुरी फिल्म बूंग ने शाम का सबसे बड़ा विजेता बनकर तीन पुरस्कार अपने नाम किए। इसे फिल्म क्रिटिक्स सर्कल ऑफ इंडिया द्वारा चयनित सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फिल्म, लक्ष्मीप्रिया देवी के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और गुगुन किपगेन के लिए सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का पुरस्कार मिला। निखिल यादव को फिल्म विमुक्त में उनके अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता चुना गया।

जबकि मीनाक्षी जयन ने विक्टोरिया के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। सर्वश्रेष्ठ पटकथा का सम्मान निखिल महाजन और प्राजक्त देशमुख को उनकी फिल्म तिघे के लिए मिला। गैर-कथेतर श्रेणियों में डेजा वू को सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र का पुरस्कार मिला, वाई ने सर्वश्रेष्ठ लघु वृत्तचित्र का खिताब जीता, जबकि जोजर को बेस्ट नैरेटिव शॉर्ट का पुरस्कार मिला। यह महोत्सव एक भव्य पुरस्कार समारोह के साथ संपन्न हुआ, जिसमें भारतीय-अमेरिकी प्रवासी समुदाय के प्रमुख सदस्य, फिल्म निर्माता और फिल्म प्रेमी शामिल हुए। आईएसी के अध्यक्ष डॉ. निर्मल मट्टू ने महोत्सव शुरू होने से पहले कहा था कि फिल्म महोत्सव एक मजबूत सांस्कृतिक सेतु के रूप में कार्य करता है।

'काला हिरण' को लेकर सलमान ने भेजा लीगल नोटिस

मुंबई। अपकमिंग फिल्म 'काला हिरण' को लेकर सलमान खान की ओर से लीगल नोटिस भेजा गया है। ऐसा दावा न्यूज18 ने अपनी रिपोर्ट में किया है। रिपोर्ट में बताया गया कि सलमान की ओर से लॉ फर्म ऊरक लीगल ने कास्टिंग डायरेक्टर अक्षय पांडे को एक लीगल नोटिस भेजा है। इस नोटिस में 'काला हिरण' नाम की प्रस्तावित फिल्म के प्रोडक्शन और प्रमोशन को तुरंत रोकने की मांग की गई है। 24 अप्रैल 2026 को भेजे गए इस नोटिस में कहा गया है कि यह फिल्म कथित तौर पर सलमान खान के काला हिरण शिकार मामले से प्रेरित है। सलमान की लीगल टीम का दावा है कि इस फिल्म से उनकी इमेज को नुकसान पहुंच सकता है।

रणवीर सिंह विवाद में फिल्म एसोसिएशन के खिलाफ याचिका

मुंबई। फिल्म प्रोड्यूसर और फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष टीपी अग्रवाल ने फिल्म एसोसिएशनों की ओर से कलाकारों पर लगाए जाने वाले बैन के खिलाफ कोर्ट का रुख किया है। अग्रवाल ने मुंबई की डिंडोशी सिविल कोर्ट में फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज और इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के खिलाफ याचिका दायर की है।

उनका कहना है कि किसी भी संस्था के पास किसी कलाकार पर काम करने से रोकने या नॉन-कोऑपरेशन का निर्देश जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है।

5 को रिलीज होगी करिश्मा कपूर स्टारर सीरीज

मुंबई। सीरीज की शूटिंग वास्तविक लोकेशनों पर की गई है और इसके लिए एक भी सेट नहीं बनाया गया। बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर जल्द ही जी 5 की वेब सीरीज 'ब्राउन' में नजर आने वाली हैं। अभिनय देव के निर्देशन में बनी यह सीरीज 5 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी। इस नियो-नोयर क्राइम थ्रिलर सीरीज में करिश्मा के साथ जिस्सू सेनगुप्ता, सूर्या शर्मा, सोनी राजदान और अनुभवी

'ब्राउन' में दिखेगा कोलकाता का अनदेखा चेहरा, डायरेक्टर अभिनय देव से खास बातचीत



अभिनेत्री हेलेन शामिल हैं। वहीं परेश पाहूजा, मेघना मलिक, अजिंक्य देव, के.के. रैना और गायक शान भी विशेष भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस सीरीज और इसकी शूटिंग के अनुभव को लेकर अभिनव देव ने दैनिक भास्कर से बातचीत की। इस कहानी की सबसे अच्छी बात को लेकर अभिनय ने कहा कि जब मैंने इस पर बेस्ड किताब पढ़ी थी, तब मुझे यह बात बहुत पसंद आई कि यह एक क्राइम स्टोरी की तरह लिखी गई है, लेकिन इसके सभी किरदार बेहद बेहतरीन हैं। किताब में इन पात्रों को बहुत गहराई से लिखा गया है और हमने सीरीज में भी उन्हें उसी संवेदनशीलता के साथ दिखाने की कोशिश की है। ये ऐसे किरदार हैं, जो हमें रोजमर्रा की जिंदगी में तो दिखाई देते हैं, लेकिन फिल्मों में कम नजर आते हैं। अभिनय ने बताया कि पूरी सीरीज की शूटिंग वास्तविक लोकेशनों पर की गई है और इसके लिए एक भी सेट नहीं बनाया गया।

हमने पूरी शूटिंग कोलकाता में की, लेकिन जानबूझकर शहर के उन हिस्सों को चुना जो आमतौर पर फिल्मों में दिखाई नहीं देते। इसमें आपको कोलकाता का ऐसा चेहरा देखने को मिलेगा, जिसे शायद पहले किसी फिल्म या सीरीज में नहीं दिखाया गया है। कई लोकेशन इतनी रहस्यमयी और भयावह थीं कि अगर किसी को वहां आधे घंटे रहने के लिए भी कहा जाए, तो वह सहज महसूस नहीं करेगा। क्राइम थ्रिलर बनाते समय सबसे महत्वपूर्ण बात क्या होती है, इस पर अभिनय ने कहा कि ऐसे किसी भी प्रोजेक्ट में सस्पेंस और ड्रामा दोनों को साथ लेकर चलना पड़ता है। एक निर्देशक को इन दोनों पहलुओं पर समान रूप से मजबूत होना चाहिए।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com